✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 129 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 4 अक्टूबर 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




जमुई में अधिकारियों के साथ बैठक करते सीएम सम्राट चौधरी

## एशियन गेम्स में भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमों ने जीता स्वर्ण पदक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** भारतीय हॉकी के लिए एशियन गेम्स 2026 ऐतिहासिक बन गया है। भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमों ने एक ही एशियाड में स्वर्ण पदक जीतकर नया इतिहास रच दिया। इसके साथ ही दोनों टीमों ने लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 के लिए सीधे क्वालीफाई भी कर लिया। 1982 से महिला हॉकी एशियन गेम्स का हिस्सा है जबकि पुरुष हॉकी 1958 से एशियन गेम्स का हिस्सा है। 1982 से अब तक 44 साल में यह पहली बार है जब भारत की पुरुष और महिला दोनों हॉकी टीमों ने एक ही एशियन गेम्स में स्वर्ण जीता और साथ-साथ ओलंपिक का टिकट कटाया। भारतीय महिला हॉकी टीम ने फाइनल में मौजूदा चैंपियन और ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन को 1-0 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारत की ओर से लालरेमसियामी ने अपने 200वें अंतरराष्ट्रीय मैच में 10वें मिनट में मैदानी गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद भारतीय डिफेंस ने चीन के लगातार हमलों का मजबूती से सामना किया। गोलकीपर सविता पुनिया ने भी शानदार प्रदर्शन किया। महिला टीम के गोल्ड के बाद पुरुष टीम ने भी भारत को स्वर्ण दिलाया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह की अगुआई में भारतीय पुरुष टीम ने फाइनल में मलयेशिया को 5-1 से हराया। इससे पहले सेमीफाइनल में भारत ने चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 4-3 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल में भारतीय टीम ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा और मलयेशिया को कोई मौका नहीं दिया। पुरुष हॉकी एशियन गेम्स में 1958 से खेली जा रही है। भारत ने अब तक इस प्रतियोगिता में कई स्वर्ण पदक जीते हैं लेकिन 2022 हांगझोउ के बाद 2026 में फिर गोल्ड जीतकर टीम ने पहली बार लगातार दो एशियन गेम्स में स्वर्ण अपने नाम किया है।

## भारतीय हॉकी के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि : श्रवण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** एशियन गेम्स 2026 में भारतीय हॉकी के ऐतिहासिक प्रदर्शन पर ग्रामीण विकास एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री सह बिहार हॉकी संघ के अध्यक्ष श्रवण कुमार ने भारतीय पुरुष एवं महिला हॉकी टीम को स्वर्ण पदक जीतने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। श्री कुमार ने कहा कि एशियन गेम्स में पहली बार भारतीय पुरुष और महिला दोनों हॉकी टीमों का एक साथ स्वर्ण पदक जीतना भारतीय हॉकी के लिए गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह सफलता देश में हॉकी के निरंतर मजबूत होते आधार, खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और टीम भावना का परिणाम है। श्री कुमार ने कहा कि भारतीय हॉकी ने एशिया के मंच पर अपनी श्रेष्ठता का शानदार प्रदर्शन किया है। दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। भारतीय हॉकी का यह स्वर्णिम अध्याय अब और बड़ी उपलब्धियों की ओर बढ़ रहा है। खिलाड़ियों, कोचों, सपोर्ट स्टाफ और हॉकी इंडिया को हार्दिक बधाई। अब हमारी नजरें ओलंपिक के स्वर्ण पदक पर हैं। उन्होंने कहा कि यह सफलता देश के उन लाखों युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा है जो हॉकी को अपना सपना बनाकर मैदान पर मेहनत कर रहे हैं।

## स्पर्शाघात से दंपति समेत तीन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सीतामढ़ी।** सीतामढ़ी में शनिवार तड़के दर्दनाक हादसा हुआ। यहां खेत की रखवाली करने के लिए लगाए गए नंगे तार की चपेट में आने से पति-पत्नी समेत तीन की मौत हो गई। मामला बैरगनिया प्रखंड के अक्ता पश्चिमी चकवा पंचायत के तकिया टोला वार्ड नंबर-5 का है। इस हादसे में एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। जानकारी के अनुसार तकिया टोला निवासी इसराइल मंसूरी की भैंस शनिवार सुबह खुल गई थी। भैंस की तलाश में वह आसपास के खेतों की ओर गए। इसी दौरान वह इंदल पासवान के खेत तक पहुंच गए जहां कथित तौर पर धान की फसल को जंगली सुअरों से बचाने के लिए नंगा बिजली का तार लगाया गया था। सुबह अंधेरा होने के कारण खेत में लगा तार दिखाई नहीं दिया। इसराइल मंसूरी कथित करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ गए। करंट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इसराइल मंसूरी के वापस नहीं लौटने पर उनकी पत्नी रुबैदा खातून भी उन्हें खोजने खेत की ओर गईं। बताया जा रहा है कि वह भी उसी करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ गईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद असमत अली समेत अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे। इसी दौरान असमत अली भी करंट की चपेट में आ गए। हादसे में उनकी भी मौत हो गई। वहीं सैफ अली नामक एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही बैरगनिया थानाध्यक्ष पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर करंट प्रवाहित तार और अन्य साक्ष्यों की जांच शुरू कर दी है। विधायक वैद्यनाथ प्रसाद ने कहा कि घटना दुखद है और ऐसा कृत्य करने वालों के खिलाफ कानूनी रूप से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### मुख्यमंत्री ने चकाई में बन रहे इथेनाल प्लांट का किया निरीक्षण

## इथेनॉल प्लांट के साथ बनेगा स्टील हब : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमुई।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि मार्च 2027 तक चकाई में बन रहे इथेनाल प्लांट को चालू कर दिया जाएगा। यहां तेज गति से काम चल रहा है। वे शनिवार को चकाई प्रखंड के पेटरपहाड़ी पंचायत के उरबा में निर्माणाधीन इथेनाल प्लांट का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एशिया का सबसे बड़ा इथेनाल प्लांट है जो इस इलाके के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि उन्होंने स्वयं सर्वे किया है और हर हाल में मार्च 2027 तक प्लांट चालू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि चकाई को स्टील हब बनाने की परिकल्पना को धरातल पर उतारने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए जमीन की उपलब्धता को लेकर सर्वे किया गया है। जल्द ही स्टील हब की योजना भी जमीन पर उतरेगी जिससे यहां की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और चकाई राज्य के मानचित्र पर औद्योगिक क्षेत्र के रूप में जाना जाएगा। सरकार उद्योग के लिए समुचित व्यवस्था करने में लगातार जुटी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक भी की। इस क्रम में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि औद्योगिक क्षेत्र के लिए चिह्नित भूमि की 10 से 12 दिनों के भीतर मैपिंग सुनिश्चित कराई जाए ताकि वास्तविक रूप से वन विभाग की भूमि तथा उस भूमि के कितने क्षेत्र में वर्तमान में जंगल मौजूद है, इसकी स्पष्ट जानकारी प्राप्त हो सके। उन्होंने 4,000 एकड़ रैयती एवं अन्य श्रेणी की भूमि की वास्तविक स्थिति का भी विस्तृत आकलन करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्य में सीओ, डीसीएलआर तथा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के संबंधित अधिकारियों का सहयोग लिया जाए। उन्होंने 30 अक्टूबर तक चिह्नित भूमि के संबंध में पूरा ब्यौरा एकत्रित कर आगे की कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने लछुआर मंदिर एवं गरही डैम (शेष पृष्ठ 10 पर)



## जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार ने नीरज को सौंपा चुनाव चिन्ह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के एमएलसी चुनाव को लेकर जेडीयू में चल रहा विवाद अब और चर्चा में है। अनंत सिंह के विरोध के बीच जेडीयू उम्मीदवार नीरज कुमार ने नीतीश कुमार से मुलाकात की है। दोनों के बीच चुनाव को लेकर बातचीत हुई। मुलाकात के दौरान नीतीश कुमार ने नीरज कुमार को मजबूती से चुनाव लड़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अच्छे से लड़ो और जीतो। नीरज कुमार ने मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट कर नीतीश कुमार के प्रति आभार जताया। जानकारी के मुताबिक नीरज कुमार ने 7 सर्कुलर रोड में नीतीश कुमार से मुलाकात की। इस दौरान पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर चर्चा हुई। सूत्रों के मुताबिक मुलाकात में नीतीश कुमार ने नीरज कुमार को चुनाव के लिए एनडीए समर्थित जेडीयू उम्मीदवार होने का प्रपत्र भी सौंपा। साथ ही चुनाव में मजबूती से उतरने की बात कही। नीरज कुमार ने भी इस मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर अपनी बात रखी। उन्होंने इसे अपने लिए ही नहीं बल्कि पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए भी महत्वपूर्ण बताया। नीरज कुमार ने एक्स पर पोस्ट कर नीतीश कुमार के प्रति आभार जताया। उन्होंने लिखा कि नीतीश कुमार ने उन्हें पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव 2026 के लिए एनडीए समर्थित जेडीयू उम्मीदवार होने का प्रपत्र प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उनके लिए नहीं बल्कि पार्टी के हर समर्पित कार्यकर्ता की पूंजी है। नीरज ने कार्यकर्ताओं के स्नेह, आशीर्वाद, विश्वास और सहयोग को अपनी ताकत बताया।

## संक्षिप्त समाचार

### नहाने के दौरान डूबे दो छात्र

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में शनिवार को जितिया के दिन बड़ा हादसा हो गया। चकिया थाना क्षेत्र के सिमरिया-2 स्थित गुप्ता लखमिनिया बांध में नहाने गये दो छात्र गहरे पानी में समा गये। इस दौरान मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोग दोनों युवकों की तलाश शुरू की लेकिन काफी प्रयास के बाद भी दोनों का पता नहीं चल पाया है। जितिया के दिन हुई इस घटना से परिजनों के बीच कोहराम मचा हुआ है। डूबने वाले युवकों की पहचान बारो गढ़हरा के गोरियाही टोला निवासी रामप्रताप चौधरी के 20 वर्षीय पुत्र शिवम कुमार और बिरजू राम के 21 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों दोस्त थे और बीए की पढ़ाई कर रहे थे।

### घास काटने के विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष

**बिहारशरीफ(नबिटा ब्यूरो)।** नालंदा जिले का भटन्ना बिगहा गांव घास काटने के विवाद को लेकर गोलीबारी से दहल उठा। आपसी विवाद में हुई इस गोलीबारी की घटना में एक व्यक्ति के पेट में गोली लगी है। उसे इलाज के लिए चंडी रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर बिहार शरीफ रेफर कर दिया गया है। इस हिंसक झड़प में दूसरे पक्ष से पांच अन्य लोग भी जख्मी हो गए। घायलों में किशोरी गोप, धर्मेंद्र कुमार, धर्मवीर यादव, मुकेश कुमार और रीता देवी शामिल हैं। गोली लगने से गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की पहचान स्वर्गीय हरखित प्रसाद के 40 वर्षीय पुत्र सुरेंद्र गोप के तौर पर की गई है।

## सीसीएल के रिटायर्ड जीएम का मिला शव

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के राजीव नगर में कार में झारखंड के एक रिटायर्ड इंजीनियर का शव मिला है। मृतक की पहचान मोतिहारी के आलोक कुमार के रूप में हुई है। फिलहाल वो रांची में रह रहे थे और सीसीएल में जनरल मैनेजर के पद से रिटायर हुए थे। आलोक के कनपटी के पीछे गोली लगी है। बॉडी ड्राइविंग सीट पर है जबकि सिर एक ओर लुढ़का हुआ है। कार के गेट के पास जमीन पर एक पिस्टल पड़ी मिली है। शव की स्थिति देखने से लग रहा है कि उन्होंने खुद को गोली मारी है। हालांकि रिश्तेदार के मुताबिक उनकी हत्या की गई है। घटना के कारणों को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। अधिकारियों का बयान अभी सामने नहीं आया है। घटना फ्रेंड्स कॉलोनी रोड नंबर-4 स्थित जमुना पैलेस की है। इसी पैलेस के नीचे खड़ी कार में शव मिला है। लॉ एंड ऑर्डर एएसपी 2 सुषमा सागर ने कहा कि अभी एफएसएल की टीम जांच कर रही है, सीसीटीवी खंगाले जा रहे है। उनकी रिपोर्ट आने के बाद ही हम स्पष्ट कर सकेंगे कि यह हत्या है या आत्महत्या।

## ऑटो-पिकअप की टक्कर में चाचा-भतीजे की मौत, पांच घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज(रोहतास)।** रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र के खनीता गांव के समीप शनिवार को सड़क दुर्घटना में दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान बक्सर जिले के नवानगर थाना अंतर्गत वसुदेवा बिंद टोली गांव निवासी 58 वर्षीय भगवान बिंद और 45 वर्षीय हरेंद्र बिंद के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों मृतक आपस में चाचा-भतीजा बताए जाते हैं। एक ही परिवार के दो लोगों की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों वाहनों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हुई। इस हादसे में दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि दो महिलाओं समेत पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि मृतक भगवान बिंद को लकवा के इलाज के लिए दिनारा के मठिया गांव स्थित एक निजी अस्पताल में लाया गया था। यहां इलाज कराने के बाद परिवार के सभी लोग एक ऑटो में सवार होकर अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान वे हादसे का शिकार हो गए। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची दिनारा थाना पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। वहीं दो महिलाओं समेत पांच घायल लोगों का इलाज चल रहा है।

## घूस लेने के आरोप में अंचल क्लर्क निलंबित

**बेतिया(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मझौलिया अंचल कार्यालय के निम्नवर्गीय लिपिक रविभूषण प्रसाद को रिश्वत लेने के आरोप में जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय गौनाहा प्रखंड निर्धारित किया गया है। साथ ही मझौलिया के अंचल अधिकारी को प्रतिलेख तैयार करने और पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।






# राज्य में 12 औद्योगिक इकाइयों को 9.14 एकड़ भूमि आवंटित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (बीआईएडीए) की परियोजना स्वीकृति समिति की बैठक प्रबंध निदेशक नवीन कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना और निवेश को बढ़ावा देने से जुड़े प्रस्तावों पर विचार के बाद 12 औद्योगिक इकाइयों को 9.14 एकड़ औद्योगिक भूमि एवं प्लग एंड प्ले शेड आवंटित करने की मंजूरी दी गयी। स्वीकृत इकाइयों के माध्यम से करीब 132.60 करोड़ रुपये के निवेश की संभावना है जिससे लगभग 2,500 रोजगार के अवसर सृजित होने की उम्मीद है। इन इकाइयों की स्थापना पटना, बक्सर, मुजफ्फरपुर, पश्चिम चंपारण, भागलपुर, पूर्णिया, मधुबनी, औरंगाबाद और सहरसा में प्रस्तावित है। बैठक में औद्योगिक भूखंडों के साथ प्लग एंड प्ले सुविधाओं से संबंधित प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गयी जिससे निवेशकों को तैयार औद्योगिक आधारभूत संरचना उपलब्ध होगी और इकाइयों की स्थापना व संचालन की प्रक्रिया सुगम होगी। उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि नई औद्योगिक परियोजनाएं बिहार के औद्योगिक एवं तकनीकी विकास को नई दिशा दे रही हैं तथा स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और कौशल आधारित अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण विकसित कर बिहार को आधुनिक औद्योगिक एवं विनिर्माण केंद्र बनाने के प्रयास में जुटी है। नवीन कुमार ने कहा कि बीआईएडीए के माध्यम से पारदर्शी और समयबद्ध प्रक्रिया से औद्योगिक भूखंड उपलब्ध कराए जा रहे हैं। बेहतर आधारभूत संरचना, संपर्क सुविधा, सुगम प्रक्रियाओं और नीतिगत सहयोग से निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया जा रहा है।

## त्योहारों से पहले पटना में लगेंगी 7500 नई स्ट्रीट लाइटें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** त्योहारों से पहले पटना शहर की प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर निगम ने बड़ा फैसला लिया है। नगर निगम क्षेत्र के सभी 75 वार्डों में कुल 7,500 अतिरिक्त स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। नगर आयुक्त यशपाल मीणा ने प्रत्येक वार्ड में 100-100 नई स्ट्रीट लाइट लगाने का निर्देश दिया है। इसका उद्देश्य शहर की प्रमुख सड़कों के साथ-साथ गलियों और सार्वजनिक स्थानों पर पर्याप्त रोशनी उपलब्ध कराना है। नई स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए स्थानों का चयन संबंधित वार्ड पार्षदों से मिले सुझाव और नगर निगम की ओर से कराए गए इंटरनल सर्वे के आधार पर किया गया है। उन इलाकों को प्राथमिकता दी गई है जहां रोशनी की कमी है। इससे अंधेरे वाले क्षेत्रों में प्रकाश व्यवस्था बेहतर होने की उम्मीद है। नई लाइट लगाने के साथ ही शहर में पहले से लगी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत और रखरखाव भी कराया जा रहा है। इसके लिए तीन-तीन सदस्यों वाली 26 टीमें विभिन्न इलाकों में काम कर रही हैं। टीमें खराब लाइट, स्विच, वायरिंग और अन्य तकनीकी खामियों को ठीक कर बंद पड़ी लाइटों को चालू कर रही हैं जिन स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत संभव नहीं है, उन्हें बदलकर नई लाइटें लगाई जा रही हैं।

## होटल मौर्या में बिहार के वरिष्ठ चिकित्सकों को मिला सम्मान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जय मां काली बखोरापुर मंदिर ट्रस्ट, भोजपुर एवं बुद्धा कैंसर सेंटर, पटना के संयुक्त तत्वावधान में पटना के होटल मौर्या में बिहार के वरिष्ठ चिकित्सकों को समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि की गरिमामयी उपस्थिति रही। जबकि विशिष्ट अतिथि में बिहार के अनेक पद्मश्री से सम्मानित चिकित्सकों सहित पद्मश्री डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह, पद्मश्री डॉ. हेमंत कुमार, पद्मश्री डॉ. शांति राय एवं पद्मश्री डॉ. आर एन सिंह, पद्मश्री विजय प्रकाश के अलावा अनेक वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उद्घाटन के उपरांत स्वास्थ्य सचिव कुमार रवि ने मंदिर ट्रस्ट एवं बुद्धा कैंसर सेंटर की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि मंदिर और अस्पताल मिलकर समाज के मानसिक, आध्यात्मिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए एक स्वस्थ और विकसित समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

# आरा स्टेशन की रेल मंत्री कराएंगे समीक्षा : भवेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा।** आरा रेलवे स्टेशन के विकास और प्रमुख ट्रेनों के ठहराव को लेकर वरिष्ठ पत्रकार एवं पद्मश्री डॉ. भीम सिंह भवेश की रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से फोन पर बातचीत हुई। भवेश ने बताया कि 29 सितंबर 2026 को उन्होंने रेल मंत्री से मिलने के लिए ईमेल भेजा था। इसी क्रम में 3 अक्टूबर को शाम 5:10 बजे रेल मंत्रालय से दूरभाष पर कॉल आया और कुछ देर बाद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उनसे बातचीत की। भवेश के अनुसार बातचीत की शुरुआत रेल मंत्री ने अपना परिचय देते हुए की। उन्होंने आरा रेलवे स्टेशन के विकास तथा पटना-इंदौर, राजधानी और सीमांचल एक्सप्रेस के आरा में ठहराव की मांग को लेकर मिलने की इच्छा जतायी। इस पर अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आरा रेलवे स्टेशन की समीक्षा कराते हैं, इसके बाद बात करेंगे। बातचीत के दौरान भवेश ने 26 जनवरी 2025 को दिल्ली दूरदर्शन भवन में रेल मंत्री के साथ हुए दोपहर के भोजन के कार्यक्रम का भी उल्लेख किया। इस पर अश्विनी वैष्णव ने उसे याद होने की बात कही। इसके बाद भी रेल मंत्री ने स्टेशन की समीक्षा के बाद आगे बातचीत करने की बात दोहरायी। दोनों के बीच करीब सवा मिनट बातचीत हुई। डॉ. भीम सिंह भवेश ने बताया कि बातचीत में आरा रेलवे स्टेशन के विकास और तीन प्रमुख ट्रेनों के ठहराव को लेकर आगे की प्रक्रिया पर चर्चा हुई।

## सरकार से खादी कपड़ों पर विशेष अनुदान की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** डाक बंगला चौराहा उज्जैन बिल्डिंग में खड़ी ग्रामोद्योग भंडार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाए गई। इस अवसर पर ग्राम निर्माण मंडल के अध्यक्ष सह गांधी स्मारक निधि के प्रदेश अध्यक्ष प्रभाकर कुमार ने दोनों महापुरुषों के तैल चित्रों पर माल्यार्पण किया तथा उनके जीवन कृत्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मिल रहे खादी कपड़ो पर विशेष छूट का प्रभाकर कुमार ने उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि बड़े ही दुख की बात है कि बिहार सरकार हम हमारी संस्थाओं के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। खादी बोर्ड के भंडार मॉल में 50% की छूट दी जा रही है। हमारी मांग है कि सरकार संस्था को विशेष सहायता अनुदान प्रदान करें।

# पटना में केवाइपी केंद्र संचालकों की बैठक, 1,731 केंद्रों को पुनः शुरू कराने के लिए सामूहिक संघर्ष का निर्णय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** कुशल युवा कार्यक्रम (केवाईपी) के पूर्व से संचालित केंद्रों को पुनः शुरू करने तथा उनकी पूर्व निर्धारित इंटेक क्षमता बहाल करने की मांग को लेकर शनिवार को पटना स्थित मगध प्रोफ़ेशनल इंस्टीट्यूट में केवाईपी केंद्र संचालकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न क्षेत्रों से केवाईपी केंद्र संचालकों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया और वर्तमान केवाईपी संचालन व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। **सभी 1,731 पूर्व संचालित केवाईपी केंद्रों को पुनः शुरू करने की मांगः** बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व से संचालित सभी 1,731 केवाईपी केंद्रों को पुनः शुरू करने की मांग उठाई गई। उपस्थित केंद्र संचालकों ने कहा कि जो केंद्र पूर्व में केवाईपी के तहत संचालित हो रहे थे, उन्हें पुनः संचालन का अवसर दिया जाना चाहिए। केंद्र संचालकों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि इस मांग को सामूहिक रूप से संबंधित विभाग के समक्ष रखा जाएगा तथा 1,731 पूर्व संचालित केवाईपी केंद्रों को पुनः शुरू करने की मांग को लेकर विभाग को औपचारिक पत्र/ज्ञापन सौंपा जाएगा। सभा को संबोधित करते हुए डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि पूर्व से संचालित सभी केवाईपी केंद्रों को पुनः चालू कराने के लिए केंद्र संचालक पूरी तत्परता के साथ अपनी मांग विभाग के समक्ष रखेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र संचालकों की मांगों को एकजुट और समन्वित तरीके से विभाग तक पहुंचाया जाएगा तथा 1,731 केवाईपी केंद्रों के पुनः संचालन को लेकर सामूहिक ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में केवाईपी केंद्रों की इंटेक क्षमता में कथित कमी से संबंधित जानकारी पर भी चर्चा की गई। केंद्र संचालकों ने कहा कि यदि पूर्व निर्धारित इंटेक क्षमता में बदलाव किया गया है तो विभाग की ओर से इसका स्पष्ट एवं आधिकारिक स्पष्टीकरण दिया जाना चाहिए। इस मुद्दे को लेकर कुछ केवाईपी केंद्र संचालकों का एक प्रतिनिधिमंडल संबंधित विभाग के अधिकारियों से मुलाकात कर इंटेक क्षमता में बदलाव के संबंध में स्पष्टीकरण मांगेगा। साथ ही पूर्व निर्धारित इंटेक क्षमता को पुनः बहाल करने की मांग भी रखी जाएगी।

## जन्मदिन पर अपने माता-पिता को याद कर हुए भावुक जीतन राम मांझी

### यूसीसी और एसआइआर देश के लिए जरूरी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने जितिया पर्व के अवसर पर अपने पैतृक गांव महकार में अपना 82वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इस मौके पर उन्होंने अपने माता-पिता के स्मारक पर केक काटा। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री संतोष कुमार सुमन, विधायक दीपा मांझी समेत परिवार के कई सदस्य मौजूद रहे। केक काटने के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान जीतन राम मांझी अपने माता-पिता को याद कर भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि माता-पिता के आशीर्वाद और अपने कर्म से बड़ा जीवन में कुछ भी नहीं है। माता-पिता के आशीर्वाद से ही वे बिहार के मुख्यमंत्री के पद तक पहुंचे और आज केंद्रीय मंत्री के रूप में देश की सेवा कर रहे हैं।

### दुर्गापूजा के दौरान विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षित एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



अजय यादव
ऊर्जा सचिव सह सीएमडी

**पटना।** दुर्गापूजा के अवसर पर राज्य में निर्बाध एवं सुरक्षित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ऊर्जा सचिव एवं अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड अजय यादव (भा.प्र.से.) की अध्यक्षता में बिहार के सभी विद्युत अंचल के अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राहुल कुमार (भा.प्र.से.) तथा साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सौरभ जोरवाल (भा.प्र.से.) सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में दुर्गापूजा एवं मेला क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की तैयारियों, विद्युत संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण एवं अनुरक्षण, सुरक्षा व्यवस्था तथा किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए की गई तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान ऊर्जा सचिव अजय यादव (भा.प्र.से.) ने विद्युत सुरक्षा से संबंधित मानक संचालन प्रक्रिया का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पूजा पंडालों एवं मेला क्षेत्रों के आसपास विद्युत लाइनों में लगे जर्जर तारों को समय रहते बदलने की कार्रवाई पूरी कर ली जाए। साथ ही भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों तथा पूजा पंडालों के ऊपर से गुजरने वाली 11 केवी बेयर कंडक्टर लाइनों में आवश्यकतानुसार सुरक्षा की दृष्टि से कवर्ड कंडक्टर लगाने अथवा गार्ड वायर की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने मेला क्षेत्रों में भीड़ वाले स्थानों पर स्थापित लोहे के विद्युत पोलों से स्पर्शाघात की संभावना को रोकने के लिए डायइलेक्ट्रिक पेंट अथवा पॉलीथीन शीट लगाने तथा एलटी के नंगे तारों को एबी केबल में परिवर्तित करने का भी निर्देश दिया। ऊर्जा सचिव ने पूजा पंडालों एवं मेला क्षेत्रों को विद्युत आपूर्ति करने वाले भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर स्थित वितरण ट्रांसफार्मरों की फेंसिंग का कार्य भी प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी विद्युत सर्किलों के अधिकारियों को जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए मेला क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था की सतत निगरानी हेतु सभी फ्यूज कॉल सेंटर को अलर्ट मोड पर सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने दुर्गापूजा के दौरान विद्युत आपूर्ति की प्रभावी निगरानी एवं आपातकालीन स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए मुख्यालय स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित करने तथा प्रमंडल स्तर पर पर्याप्त संख्या में पदाधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में भी सुरक्षित एवं यथासंभव विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## क्रिकेट, हॉकी और कुश्ती में स्वर्णिम सफलता पर डॉ. प्रेम कुमार ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने जापान के आइची-नागोया में आयोजित 20वें एशियाई खेल 2026 में भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम द्वारा पाकिस्तान को 19 रनों से पराजित कर स्वर्ण पदक जीतने, भारतीय पुरुष हॉकी टीम द्वारा मलेशिया को हराकर स्वर्ण पदक जीतने तथा कुश्ती में अमन सहरावत द्वारा 57 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने कहा कि अमन सहरावत ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 57 किलोग्राम फ्रीस्टाइल कुश्ती में स्वर्ण पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया है। इन उपलब्धियों से भारतीय खेल प्रतिभा और खिलाड़ियों के समर्पण का परिचय मिलता है। अध्यक्ष ने एशियन गेम्स में भारतीय दल के अब तक 21 स्वर्ण पदक जीतने पर सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# आवश्यक औषधियों एवं मेडिकल उपकरणों की सूची में संशोधन

### सरकारी अस्पतालों में बेहतर उपचार सुविधाओं को मिलेगा बढ़ावा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** राज्य के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर एवं सुलभ बनाने के उद्देश्य से बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने आवश्यक औषधियों की सूची में संशोधन किया है। इस संबंध में विभाग द्वारा आधिकारिक संकल्प जारी कर दिया गया है। संशोधित सूची में विभिन्न रोगों के उपचार के लिए आवश्यक औषधियों, मेडिकल डिवाइसेस एवं अन्य चिकित्सा सामग्रियों को शामिल किया गया है। इस निर्णय से सरकारी अस्पतालों में गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को बेहतर, सुरक्षित एवं आधुनिक उपचार निःशुल्क उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी तथा इलाज पर होने वाले उनके निजी खर्च में कमी आएगी। राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के स्तर पर निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएं की अध्यक्षता में आयोजित कोर कमिटी की बैठक में आवश्यक औषधियों एवं मेडिकल डिवाइसेस की सूची की समीक्षा की गई। बैठक में मेडिकल कॉलेज अस्पतालों के अधीक्षकों, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों, सिविल सर्जनों एवं औषधि नियंत्रकों द्वारा सूची में संशोधन की अनुशंसा की गई। कमिटी की अनुशंसाओं के आलोक में सरकार द्वारा आवश्यक औषधियों एवं मेडिकल डिवाइसेस की सूची में संशोधन संबंधी संकल्प जारी किया गया है। इडीएल में संशोधन का स्वागत करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत ने कहा कि राज्य के प्रत्येक नागरिक को सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। आवश्यक औषधियों और मेडिकल उपकरणों की सूची में संशोधन से सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। खासकर गरीब और जरूरतमंद परिवारों को निःशुल्क इलाज का लाभ मिलेगा तथा उनके निजी खर्च में कमी आएगी। औषधियों और उपकरणों की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विभाग पूरी तरह संकल्पित है। हीमोफीलिया-ए के उपचार को प्राथमिकता, आवश्यक औषधियां इडीएल में शामिलः स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत की प्राथमिकताओं के अनुरूप हीमोफीलिया-ए एवं वॉन विलेब्रांड रोग के उपचार हेतु विशेष औषधियां राज्य की आवश्यक औषधि सूची में शामिल की गई हैं। ड्राइड ह्यूमन एंटीहीमोफिलिक फ्रैक्शन के अंतर्गत हीमोफीलिया-ए के लिए ह्यूमन कोएगुलेशन फैक्टर-8 की 250 एवं 500 आइयू प्रीपेराशन शामिल हैं। वॉन विलेब्रांड रोग हेतु फैक्टर-8 के साथ वॉन विलेब्रांड फैक्टर की न्यूनतम 250 एवं 500 आइयू वाली प्रीपेराशन शामिल हैं। इससे सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में इन गंभीर रक्तस्राव संबंधी विकारों से पीड़ित मरीजों को आवश्यक उपचार उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी।

## भूमि एवं गांव बचाओ कन्वेंशन पांच को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से 5 अक्टूबर को सुबह 10 बजे पटना के आईएमए हॉल में भूमि एवं गांव बचाओ कन्वेंशन आयोजित होगा। इसे प्रो. विद्यार्थी विकास, सांसद सुधाकर सिंह, भारतीय किसान यूनियन टिकैत के महासचिव युद्धवीर सिंह सहित अन्य स्थानीय नेता संबोधित करेंगे। गांधी निधि, कदमकुआं में हुई तैयारी समीक्षा बैठक में विभिन्न किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मोर्चा के अनुसार सभी जिलों से 500 किसान प्रतिनिधि शामिल होंगे। बैठक को दिनेश कुमार, अशोक प्रसाद सिंह, अमेरिका महतो, नरेश यादव और अशोक कुमार सिंह ने संबोधित किया। नेताओं ने खाद की कथित कालाबाजारी का आरोप लगाते हुए कहा कि 266 रुपये की यूरिया 400 और 1350 रुपये की डीएपी 1900 रुपये में बिक रही है। उन्होंने सरकार की किसान विरोधी नीतियों की आलोचना की। कन्वेंशन के दूसरे सत्र में किसान आंदोलन पर विचार-विमर्श होगा।

## धोबी समाज को देशभर में संगठित करने पर मंथन, अशोक जी महाराज ने श्याम रजक से की मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना/ डिहरी।** जदयू के वरिष्ठ नेता सह विधायक श्याम रजक के 28 हार्डिंग रोड, पटना स्थित सरकारी आवास पर अखिल भारतीय धोबी महासंघ तथा समाज के नेशनल ब्रेवरी अवार्ड, जीवन रक्षा पदक एवं राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित आध्यात्मिक गुरु परमपूज्य श्री अशोक जी महाराज, पीठाधीश्वर सिद्धपीठ ज्वाला मां मंदिर बरिगवां, लखनऊ का आगमन हुआ। इस अवसर पर बिहार अखिल भारतीय धोबी महासंघ की ओर से प्रोफेसर पवन रजक एवं जदयू नेता रंजीत रजक ने पुष्पगुच्छ भेंट कर परमपूज्य अशोक जी महाराज का स्वागत एवं सम्मान किया। वहीं अशोक जी महाराज द्वारा श्याम रजक को अंगवस्त्र एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। मुलाकात के दौरान धोबी समाज को देशभर में संगठित करने, अखिल भारतीय धोबी महासंघ के संगठन को और मजबूत एवं सुदृढ़ बनाने तथा समाज के युवाओं को संगठन से जोड़ने सहित विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। अशोक जी महाराज के पटना आगमन का मुख्य उद्देश्य समाज के लोगों के बीच संगठनात्मक एकजुटता को बढ़ावा देना और महासंघ के विस्तार को गति देना बताया गया।

इस दौरान लखनऊ के सुनील कनौजिया, अशोक जी महाराज, रायबरेली के कमलेश चौधरी, फतेहपुर के कमलेश चौधरी तथा प्रयागराज के अंकित कन्नौजिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वहीं अखिल भारतीय धोबी महासंघ के बिहार प्रदेश अध्यक्ष प्रह्लाद रजक, देवेंद्र रजक, कोषाध्यक्ष सुरेश रजक समेत संगठन के कई गणमान्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# खाद्य सुरक्षा को लेकर राज्यभर में सघन निरीक्षण एवं कार्रवाई जारी

### गया में मेला क्षेत्र में खाद्य प्रतिष्ठान संचालकों को किया गया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य में आम लोगों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण, खाद्य पदार्थों के नमूना संग्रहण एवं प्रयोगशाला जांच की कार्रवाई लगातार जारी है। सचिव-सह-खाद्य संरक्षा आयुक्त श्री कुमार रवि के निर्देश पर खाद्य संरक्षा अधिकारियों द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों में खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुपालन की जांच की जा रही है। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई भी की जा रही है। इसी क्रम में 03 अक्टूबर 2026 को पटना, मुजफ्फरपुर, सहरसा, पूर्णिया, मुंगेर, लखीसराय, वैशाली, गया एवं अन्य क्षेत्रों में खाद्य सुरक्षा टीमों द्वारा विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित करने के साथ-साथ स्वच्छता, लाइसेंस, भंडारण, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुपालन की जांच की गई। 03 अक्टूबर को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा फुलवारी शरीफ, पटना स्थित शिवा छप्पन भोग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में स्वच्छता व्यवस्था में कमियां पाई गईं। कर्मचारियों के मेडिकल सर्टिफिकेट भी प्रस्तुत नहीं किए गए। प्रतिष्ठान को साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार करने, कर्मचारियों की नियमित चिकित्सीय जांच कराने तथा अन्य कमियों को दूर करने का निर्देश दिया गया। इसके लिए 14 दिनों की अवधि निर्धारित की गई। निरीक्षण के दौरान पेड़ा, सादा खोवा, रसगुल्ला, लड्डू एवं सोन पापड़ी के नमूने संग्रहित कर जांच के लिए भेजे गए।

**सहरसा में मिठाई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण**

सहरसा जिले के सोनवर्षा राज क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. संजय चौधरी द्वारा विभिन्न मिठाई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। बनारसी साह, मिष्ठान्न भंडार, शंभू चौक, छतौना बस स्टैंड के निरीक्षण के दौरान स्वच्छता एवं भंडारण की स्थिति संतोषप्रद पाई गई। इस दौरान पनीर का नमूना संग्रहित किया गया। प्रतिष्ठान संचालक को साफ-सफाई बनाए रखने तथा खाद्य संचालकों को मास्क एवं टोपी का प्रयोग करने का निर्देश दिया गया। वहीं अनुपम मिष्ठान भंडार, सोनवर्षा राज के निरीक्षण के दौरान स्वच्छता एवं भंडारण व्यवस्था में कमियां पाई गईं। प्रतिष्ठान संचालक को प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। यहां से पनीर एवं खोवा के नमूने संग्रहित किए गए।

**बनमनखी में बिना लाइसेंस संचालित दो दुकानें सील**

पूर्णिया जिले के बनमनखी अनुमंडल क्षेत्र में रेस्टोरेंट, होटल, लस्सी कॉर्नर एवं स्वीट्स शॉप सहित विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान बिना वैध लाइसेंस के संचालित दो दुकानों को सील किया गया। अभियान के दौरान विभिन्न स्वीट्स शॉप से पनीर, घी, खोवा एवं मिठाई के नमूने संग्रहित किए गए। इस कार्रवाई में बनमनखी के एमओ एवं पूर्णिया के खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम शामिल रही।

## पटना नगर निगम क्षेत्र में कर के दायरे से बाहर संपत्तियों के लिए लगेंगे शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना नगर निगम द्वारा संपत्ति कर के दायरे से बाहर रह गई संपत्तियों को कर के दायरे में लाने तथा राजस्व संग्रहण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष पहल की जा रही है। संपत्ति कर संवर्धन के लिए चलाए गए डोर-टू-डोर अभियान के बाद अब निगम द्वारा विभिन्न वार्डों में वार्डवार कर निर्धारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों के माध्यम से आम नागरिक अपनी संपत्तियों का नया कर निर्धारण पुनर्निर्धारण, संपत्ति कर में परिवर्तन अथवा संशोधन तथा संपत्ति कर भुगतान से संबंधित कार्य आसानी से करवा सकेंगे। नागरिक अपनी सुविधानुसार नजदीकी शिविर में पहुंचकर इन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। पटना नगर निगम द्वारा प्रथम चरण में 5 से 7 अक्टूबर तथा दूसरे चरण में 8 से 10 अक्टूबर 2026 तक शिविर आयोजित किए जाएंगे। प्रथम चरण में 5 से 7 अक्टूबर 2026 तक नूतन राजधानी अंचलः वार्ड पार्षद कार्यालय, सब्जपुरा (वार्ड-3) तथा पाटलिपुत्र अंचलः गेट संख्या 93, अशोक राजपथ (वार्ड 22-ए) में होगा जबकि दूसरा चरण 8 से 10 अक्टूबर 2026 में नूतन राजधानी अंचलः वार्ड पार्षद कार्यालय, हरनीचक (वार्ड 11) एवं पाटलिपुत्र अंचल में वार्ड पार्षद कार्यालय, बैंक ऑफ बरौडा के पास, कुर्जी (वार्ड 22-बी) में होगा। सभी सफाई निरीक्षकों एवं सेक्टर सुपरवाइजरों को अपने-अपने वार्डों में भ्रमण कर ऐसी संपत्तियों की पहचान करने का निर्देश दिया गया है जिनका अब तक कर निर्धारण नहीं हुआ है अथवा जिनके पुनर्निर्धारण की आवश्यकता है। चिह्नित संपत्तियों की जानकारी संबंधित कार्यपालक पदाधिकारियों को उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि संबंधित संपत्तिधारकों को शिविरों के माध्यम से कर निर्धारण की सुविधा प्रदान की जा सके। इसके अतिरिक्त निगम के कंट्रोल रूम द्वारा संपत्ति कर के दायरे से बाहर रह गए बिजली उपभोक्ताओं से भी संपर्क किया जाएगा। उन्हें कर निर्धारण शिविरों की जानकारी देते हुए अपनी संपत्ति का कर निर्धारण कराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कर निर्धारण के साथ-साथ शिविरों में संपत्तिधारक अपने बकाया संपत्ति कर का भुगतान भी कर सकेंगे। विदित हो कि 1 अक्टूबर 2026 से बकाया संपत्ति कर की राशि पर प्रतिमाह 1.5 प्रतिशत की दर से पेनाल्टी लागू हो गई है।सभी बकायेदार संपत्तिधारकों से अपील है कि वे अतिरिक्त पेनाल्टी से बचने के लिए यथाशीघ्र अपने बकाया कर का भुगतान करें। साथ ही, जिन संपत्तियों का अब तक कर निर्धारण नहीं हुआ है, उनके स्वामी निर्धारित शिविरों में पहुंचकर समय रहते अपनी संपत्ति का कर निर्धारण सुनिश्चित कराएं।

# युवा इतिहासकार संगोष्ठी में भारतीय इतिहास-दृष्टि पर मंथन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**सासाराम।** अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना, नई दिल्ली और गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार के संयुक्त तत्वावधान में दशम युवा इतिहासकार राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ विश्वविद्यालय के देव मंगल सभागार में हुआ। संगोष्ठी का मुख्य विषय 'इतिहास लेखन की भारतीय परम्परा' है। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह ने की, जबकि मुख्य वक्ता अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. बालमुकुंद पांडे रहे। मुख्य अतिथि बिहार सरकार के उच्च शिक्षा एवं विधि मंत्री संजय सिंह टाइगर, विशिष्ट अतिथि शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी, औरंगाबाद विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. ईश्वर शरण विश्वकर्मा, युवा प्रमुख डॉ. विकास कुमार सिंह और केंद्रीय विश्वविद्यालय गया के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पांजलि से उद्घाटन के बाद संकल्प मंत्र और स्वागत भाषण संगोष्ठी समन्वयक डॉ. राम प्रकाश शर्मा ने दिया। डॉ. विकास कुमार सिंह ने विषय प्रवर्तन किया। डॉ. बालमुकुंद पांडे ने भारतीय इतिहास-दृष्टि और इतिहास लेखन की परंपरा पर विचार रखते हुए भारतीय दृष्टिकोण से इतिहास देखने की आवश्यकता बतायी। संजय सिंह टाइगर ने इतिहास लेखन में भारतीय प्राविधियों के इस्तेमाल पर जोर दिया। मिथिलेश तिवारी ने नई शिक्षा में भारत की बात और भाव को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। प्रो. ईश्वर शरण विश्वकर्मा ने औपनिवेशिक बेड़ियों से मुक्ति की बात कहते हुए इतिहास लेखन को 'भारत विद्या' कहे जाने का आग्रह किया। गोपाल नारायण सिंह ने रामायण और महाभारत से भारतीय इतिहास की समझ विकसित करने तथा श्रीराम के चरित्र से कर्तव्य की शिक्षा लेने की बात कही। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मुकेश कुमार और मंच संचालन डॉ. निर्मल पांडे ने किया।

आयोजन में इतिहास संकलन समिति दक्षिण बिहार की प्रमुख भूमिका रही। राष्ट्रीय सचिव प्रो. राजीव रंजन, प्रांत अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार, प्रांत महासचिव डॉ. शैलेश कुमार और प्रांत कोषाध्यक्ष डॉ. सूर्यनारायण प्रसाद उपस्थित रहे। उद्घाटन के बाद देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए इतिहासकारों और शोधार्थियों ने 200 से अधिक शोध-पत्र प्रस्तुत किए। इनमें भारतीय इतिहास लेखन की परंपरा, इतिहास के स्रोत, इतिहास-बोध, भारतीय इतिहास-दृष्टि और इतिहास लेखन से जुड़े विषय शामिल रहे। आयोजन सचिव डॉ. मुकेश कुमार ने समन्वय में सक्रिय भूमिका निभाई। आयोजकों के अनुसार संगोष्ठी का उद्देश्य भारतीय इतिहास लेखन की परंपरा, इतिहास-दृष्टि और स्वदेशी पद्धतियों पर अकादमिक विमर्श को आगे बढ़ाना है।

## समहुता ठाकुरबाड़ी से देवी-देवताओं के मुकुट चोरी, प्राथमिकी दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकबरपुर (रोहतास)।** रोहतास थाना क्षेत्र के समहुता गांव स्थित रामजानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। चोरों ने मंदिर में स्थापित भगवान राम, लक्ष्मण और माता जानकी समेत अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं से मुकुट चोरी कर लिए। घटना की जानकारी मिलने के बाद मंदिर परिसर में हड़कंप मच गया। मंदिर के महंत रामलखन दास ने इस संबंध में रोहतास थाने में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। दिए गए आवेदन में उन्होंने बताया है कि मंदिर में स्थापित देवी-देवताओं की प्रतिमाओं के मुकुट चोरी कर लिए गए हैं। चोरी गए मुकुटों की अनुमानित कीमत करीब ढाई लाख रुपये बताई गई है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस मंदिर परिसर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य संभावित साक्ष्यों की जानकारी जुटाने में लगी है।

# सड़क हादसे में दिवंगत अधिवक्ता प्रवीण दुबे के परिजनों से मिले शिक्षा मंत्री व उपेंद्र कुशवाहा





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** सनातन संस्कृति चेतना परिषद के सशक्त सहयोगी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता स्व. प्रवीण दुबे के सड़क दुर्घटना में निधन के बाद शनिवार को प्रदेश के शिक्षा मंत्री मिथलेश तिवारी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा राष्ट्रीय लोक मोर्चा के सुप्रीमो सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने उनके परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। दोनों नेताओं ने लाला कॉलोनी स्थित उनके आवास पर पहुंचकर उनकी मां, पुत्र-पुत्री एवं अन्य परिजनों को ढांढस बंधाया तथा हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। शिक्षा मंत्री मिथलेश तिवारी ने स्व. प्रवीण दुबे के पुत्र एवं पुत्री की शिक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने परिजनों से कहा कि बच्चों की पढ़ाई किसी भी परिस्थिति में बाधित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने आगे की शिक्षा जारी रखने के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। बेटी की उच्च शिक्षा को लेकर उन्होंने अमिटी यूनिवर्सिटी के वरिष्ठ अधिकारी से भी बात की तथा कहा कि शिक्षा के दौरान किसी प्रकार की परेशानी होने पर उनसे संपर्क किया जा सकता है। इस दौरान शिक्षा मंत्री ने कहा कि जब भी सनातन संस्कृति और समाज के हित की बात आती थी, स्व. प्रवीण दुबे हमेशा अग्रणी भूमिका में रहते थे। उनका असमय निधन समाज और परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि इस दुःख की घड़ी में वे परिवार के साथ खड़े हैं। वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं राष्ट्रीय लोक मोर्चा के सुप्रीमो सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने भी शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि स्व. प्रवीण दुबे से उनका हमेशा आत्मीय संबंध रहा और एनडीए गठबंधन से जुड़े होने के नाते भी वे लगातार सहयोग करते रहे थे। इतनी कम उम्र में उनका इस तरह चले जाना

# 'विधिक जागरूकता, विधिक सहायता एवं न्याय तक पहुंच' शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, नारायण स्कूल ऑफ लॉ के विधिक साक्षरता क्लब द्वारा अकोढ़ीगोला प्रखंड के बांक ग्राम में विधिक जागरूकता, विधिक सहायता एवं न्याय तक पहुंच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों, कर्तव्यों, उपलब्ध विधिक सहायता एवं न्याय प्राप्त करने के विभिन्न माध्यमों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में नारायण स्कूल ऑफ लॉ के पैरा-लीगल वॉलंटियर्स ने सक्रिय रूप से भाग लिया। नंदन कुमार तिवारी, नितिन कुमार, राज नंदनी, नेहा कुमारी, नीलकमल, कुन्दन कुमार एवं शालिनी सिंह ने स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित कर उन्हें विभिन्न कानूनी विषयों तथा निःशुल्क विधिक सहायता की उपलब्धता के संबंध में जानकारी प्रदान की। शिविर के दौरान लोगों को विधिक सेवा संस्थानों, निःशुल्क विधिक सहायता, न्याय तक पहुंच तथा अपने कानूनी अधिकारों के संरक्षण के संबंध में जागरूक किया गया। लोगों को अपनी कानूनी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विधिक सेवा प्राधिकरण एवं सक्षम प्राधिकारियों से संपर्क करने के लिए भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम ने विधि के विद्यार्थियों एवं पैरा-लीगल वॉलंटियर्स को समुदाय के साथ प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करने तथा आम नागरिकों की कानूनी समस्याओं को समझने का अवसर प्रदान किया। इस प्रकार के कार्यक्रम विधिक साक्षरता को बढ़ावा देने और समाज के जरूरतमंद वर्गों तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का आयोजन विधिक साक्षरता क्लब, नारायण स्कूल ऑफ लॉ, गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के समन्वयक डॉ. सैयद कलीम अख्तर के मार्गदर्शन एवं समन्वय में किया गया।

# दुर्गावती थाने में चाइल्ड हेल्प डेस्क का शुभारंभ

**बच्चों की सुरक्षा और अधिकारों को लेकर जागरूकता अभियान**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दुर्गावती (कैमूर)।** जिले के दुर्गावती थाना परिसर में पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चाइल्ड हेल्प डेस्क की शुरुआत की गई। इसका उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों की समस्याओं को संवेदनशीलता और गोपनीयता के साथ सुनना तथा उन्हें आवश्यक सहायता और संरक्षण उपलब्ध कराना है। चाइल्ड हेल्प डेस्क के शुभारंभ के अवसर पर बच्चों को उनके अधिकारों एवं पुलिस की ओर से उपलब्ध सहायता व्यवस्था के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान बच्चों को बताया गया कि किसी भी प्रकार की परेशानी, उत्पीड़न अथवा अन्य समस्या होने पर वे बिना किसी संकोच के चाइल्ड हेल्प डेस्क पर अपनी बात रख सकते हैं। पुलिस पदाधिकारियों ने बच्चों को भरोसा दिलाया कि उनकी शिकायतों को गंभीरता से लिया जाएगा। साथ ही उनकी पहचान एवं शिकायत से संबंधित आवश्यक जानकारी को नियमानुसार गोपनीय रखते हुए जरूरत के अनुसार सहायता और संरक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। इस संबंध में थानाध्यक्ष गिरीश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान बच्चों को चाइल्ड हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया और उन्हें इस व्यवस्था का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए जागरूकता बेहद जरूरी है।

उन्होंने बताया कि फिलहाल चाइल्ड हेल्प डेस्क का प्रभार पीएसआई ईशा कुमारी मेहता को सौंपा गया है। पुलिस की इस पहल का उद्देश्य बच्चों के लिए थाना स्तर पर सुरक्षित और भरोसेमंद सहायता व्यवस्था उपलब्ध कराना है।

# 'सेवा ज्योति कलश यात्रा' और 'वडनगर से वाराणसी' कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने आज सासाराम में सेवा संकल्प अभियान के तहत बैठक की। बैठक में कार्यक्रमों की तैयारियों एवं रूपरेखा को लेकर प्रदेश पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, जिलाध्यक्षों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में 'सेवा ज्योति कलश यात्रा' तथा 'सेवा संकल्प यात्रा (वडनगर से वाराणसी)' को लेकर तैयारियों पर चर्चा हुई। श्री सरावगी ने आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा बताते हुए कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के प्रत्येक कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संगठन के सभी स्तरों पर बेहतर समन्वय और सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने आह्वान किया कि सेवा संकल्प अभियान को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए समाज के विभिन्न वर्गों के साथ निरंतर संवाद करें। बैठक में पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, शाहाबाद प्रभारी सह प्रदेश महामंत्री नितिन अभिषेक साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश कुमार, मुकेश शर्मा, क्षेत्रीय प्रभारी प्रभाकर मिश्रा, विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, संगीता कुमारी उपस्थित रहे। औरंगाबाद जिलाध्यक्ष विजेंद्र सिंह चंद्रवंशी, रोहतास जिलाध्यक्ष संतोष पटेल तथा कैमूर जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश पांडेय सहित तीनों जिलों के विधायक, पूर्व विधायक और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता बैठक में शामिल हुए। पीएम मोदी के जन्म नगर वडनगर (गुजरात) से लेकर उनके कर्म नगर वाराणसी तक बाइक रैली निकाली जा रही है। आगामी 6 अक्टूबर को यह बाइक रैली औरंगाबाद, रोहतास, कैमूर जिलों से होकर गुजरेगी। बाइक रैली में शामिल लोगों का औरंगाबाद, रोहतास, कैमूर में स्वागत किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा संकल्प अभियान को देखते हुए 50 बाइक सवारों का रात्रि विश्राम सासाराम में होगा।

# कीचड़ और गड्ढों के कारण चलना मुश्किल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अकोढ़ीगोला।** आस्था के महापर्व जितिया पर डिहरी प्रखंड के भुसउला गांव में महिलाओं का दर्द छलक पड़ा। बदहाल सड़क को लेकर महिलाओं ने कहा कि इसी रास्ते से होकर उन्हें सोन नदी में स्नान करने जाना पड़ता है, लेकिन रास्ते में कीचड़ और गड्ढों के कारण चलना भी मुश्किल हो गया है। महिलाओं का कहना है कि आज जितिया पर्व पर इसी रास्ते से सोन नदी में स्नान के लिए जाना है, लेकिन रास्ता इतना खराब है कि कैसे जाएं समझ नहीं आ रहा। आने वाले दिनों में दशहरा और छठ महापर्व है। इसी रास्ते से सूर्य मंदिर, श्मशान घाट और छठ घाट तक जाना पड़ता है। अगर सड़क बन जाती तो सोन नदी में स्नान, पूजा-पाठ और अंतिम संस्कार तक का रास्ता आसान हो जाता। ग्रामीण अंकित पासवान और बिट्टू पासवान ने बताया कि लगभग दो महीने पहले जिला परिषद सदस्य नथुनी पासवान के द्वारा सड़क निर्माण का कार्य शुरू किया गया था, लेकिन अचानक काम बंद हो गया। कारण पता नहीं चल पा रहा है। इस मामले में जिला परिषद सदस्य नथुनी पासवान ने बताया कि बारिश के कारण और मुख्य सड़क पर जलजमाव होने से कार्य रोकना पड़ा था। मौसम साफ होते ही और पानी सूखते ही मिट्टी भराई और लगभग 600 फीट पीसीसी ढलाई का काम पूरा कर दिया जाएगा।

# वैन पेड़ से टकराई, चालक घायल, छात्र-छात्राएं बाल-बाल बचे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला।** दरिहट थाना क्षेत्र में शनिवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। छात्र-छात्राओं को ले जाने वाली एक स्कूल गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी का आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहां पर इंडियन पब्लिक स्कूल अकोढ़ी गोला लिखा हुआ है। घटना धरहरा गांव से मधुरामपुर जाने वाले रास्ते की है। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम और दरिहट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। चालक गाड़ी के केबिन में बुरी तरह फंस गया था। पुलिस और ग्रामीणों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सीट और गाड़ी का अगला हिस्सा तोड़कर चालक को बाहर निकाला। गनीमत रही कि हादसे के वक्त गाड़ी में कोई छात्र-छात्रा सवार नहीं था, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। इस संबंध में दरिहट थाने के प्रभारी थानाध्यक्ष उमेश प्रसाद सिंह ने बताया कि शनिवार दोपहर करीब 1 बजे सूचना मिली कि धरहरा-मधुरामपुर रोड में स्कूल की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। मौके पर पहुंचकर चालक को बाहर निकाला गया। प्रारंभिक जांच में तेज गति और अनियंत्रित होना हादसे का कारण लग रहा है।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को रौंदा, मौके पर मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना क्षेत्र के पाली स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद अज्ञात वाहन का चालक वाहन लेकर फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार बाइक संख्या बीआर-24 एच-3570 पर सवार व्यक्ति उत्तरी लेन से डिवाइडर पार कर दक्षिणी लेन की ओर जा रहा था। इसी दौरान औरंगाबाद की ओर से तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार के शरीर के चीथड़े सड़क पर बिखर गए और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

# इलाज के दौरान युवक की मौत, मारपीट मामले में तीन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नौहट्टा/रोहतास।** थाना क्षेत्र के पहड़िया गांव में जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में घायल 30 वर्षीय नवीन कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। तनाव को देखते हुए गांव में पुलिस बल की तैनाती की गई है। बताया जाता है कि शुक्रवार को गांव में एक पक्ष के यहां भोज का आयोजन था। इसी दौरान दूसरे पक्ष के लोगों के पहुंचने के बाद बिहार सरकार जमीन को लेकर विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। आरोप है कि इस दौरान टांगी, तलवार, लाठी-डंडे समेत धारदार हथियारों से हमला किया गया। घटना में पार्वती देवी और उनके पुत्र नवीन कुमार, प्रवीण कुमार व रवि कुमार घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान नवीन कुमार की मौत हो गई। शनिवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल सासाराम में कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

# जीविका के 20 साल बेमिसाल, विकसित बिहार का सपना हो रहा साकार : बैरिस्टर सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिला जदयू के प्रवक्ता एवं वरीय अधिवक्ता बैरिस्टर सिंह ने कहा कि 'जीविका के बीस साल बेमिसाल' रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा विकसित बिहार की जो परिकल्पना की गई थी, उसे साकार करने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी नीतीश कुमार के विकास के नक्शे-कदम पर आगे बढ़ते हुए बिहार को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। बैरिस्टर सिंह ने कहा कि 'नीतीश संवाद' कार्यक्रम का आयोजन पूरे बिहार में पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से आम लोगों को नीतीश कुमार के विकसित बिहार के सपने, उनकी सोच और मार्गदर्शन से अवगत कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में विकास के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। नीतीश संवाद के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी जनता तक पहुंचाने के साथ-साथ लोगों की समस्याओं और सुझावों को भी समझने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता और पार्टी के बीच मजबूत जुड़ाव बनाए रखना आवश्यक है, ताकि बिहार को विकास के पथ पर लगातार आगे बढ़ाया जा सके।

# दाखिल-खारिज में कथित राशि मांगने की शिकायत, अंचल कार्यालय पहुंचे विधायक

**अधिकारियों से ली मामले की जानकारी, जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामगढ़ (कैमूर)।** रामगढ़ अंचल कार्यालय में दाखिल-खारिज के नाम पर कथित रूप से राशि मांगने की शिकायत को लेकर शनिवार को रामगढ़ विधायक सतीश कुमार सिंह यादव अंचल कार्यालय पहुंचे। विधायक ने संबंधित अधिकारियों से मामले की जानकारी ली और शिकायत की जांच कराने की मांग की। बताया गया कि एक व्यक्ति ने दाखिल-खारिज कराने के नाम पर कथित रूप से राशि मांगने की शिकायत विधायक से की थी। शिकायत मिलने के बाद विधायक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अंचल कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों के समक्ष अपनी नाराजगी जताई। इस दौरान विधायक ने कहा कि जमीन से जुड़े कार्यों को लेकर आम लोगों को अंचल कार्यालय में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि रामगढ़ अंचल कार्यालय को दलालों का अड्डा बना दिया गया है। हालांकि कथित अवैध वसूली के आरोपों की आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। विधायक ने बताया कि मामले की जानकारी कैमूर के जिला पदाधिकारी को भी दी गई है। उन्होंने अधिकारियों से शिकायत में लगाए गए आरोपों की बिंदुवार जांच कराने तथा जांच में आरोप सही पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालयों में आम लोगों से किसी कार्य के बदले अवैध राशि मांगने की शिकायत गंभीर विषय है। यदि जांच में बिचौलियों की भूमिका या किसी प्रकार की अनियमितता सामने आती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। विधायक ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही कहा कि यदि शिकायत के बावजूद उचित कार्रवाई नहीं होती है तो वे जनता के मुद्दे को लेकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इधर, दाखिल-खारिज समेत राजस्व से जुड़े कार्यों को लेकर क्षेत्र के लोगों की शिकायतें समय-समय पर सामने आती रही हैं। ऐसे में इस ताजा शिकायत के बाद प्रशासनिक जांच और उसके परिणाम पर लोगों की नजर बनी हुई है।

# खरीफ किसान गोष्ठी का आयोजन, जैविक खेती पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज(रोहतास)।** शनिवार को प्रखंड कृषि कार्यालय बिक्रमगंज के प्रांगण में खरीफ किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख, प्रखंड विकास पदाधिकारी, राजस्व अधिकारी, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष, कृषि वैज्ञानिक, प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं घोषित पंचायतों के मुखियाओं द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। किसान गोष्ठी का मुख्य विषय किसानों को जैविक खेती के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देना रहा। गोष्ठी के दौरान किसानों ने समसामयिक फसलों में आ रही समस्याओं को लेकर सवाल पूछे, जिनका विधिवत समाधान कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक द्वारा दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा किसानों को जैविक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया तथा समेकित कृषि प्रणाली पर भी जोर दिया गया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी और योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक दस्तावेजों के बारे में बताया। वहीं सहायक तकनीकी प्रबंधक द्वारा आत्मा से संचालित योजनाओं पर प्रकाश डाला गया एवं प्राकृतिक खेती तथा जैविक खेती करने के लिए किसानों को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से किसानों ने धान में लगने वाले प्रमुख रोगों और कीटों के नियंत्रण के उपायों के बारे में जाना, साथ ही फसल की उत्पादकता और गुणवत्ता कैसे बढ़ाई जाए। इस विषय पर भी विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

# नकली टीटी बन यात्रियों से अवैध वसूली मामले में दो अपराधी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** दिनेश सिंह तोमर वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त/डीडीयू के निर्देशन में निरीक्षक प्रभारी/ रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन-सोन आर के कच्छवाहा के कुशल नेतृत्व में उप निरीक्षक मनोज कुमार, प्रधान आरक्षी रंजीत कुमार, आरक्षी उमेश कुमार सिंह सभी रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन-सोन के द्वारा डिहरी ऑन-सोन स्टेशन पर आपराधिक गतिविधि निगरानी एवं चेकिंग के क्रम में प्लेटफार्म संख्या 2 पर गाड़ी संख्या-14021 अप (पुरुलिया - आनंद विहार) एक्सप्रेस के आगमन के पश्चात कोच संख्या एस-5 में 2 व्यक्तियों को संदिग्धावस्था में नकली टीटीई बनकर अपने हाथ में कलम लेकर सोए हुए यात्रियों को जगा जगाकर यात्रियों का टिकट चेक करते हुए पाया गया जिसे शक के आधार पर गाड़ी से उतारा गया। पूछताछ करने पर दोनों ने अपना नाम पता क्रमशः सुनील कुमार उम्र करीब 22 वर्ष पिता- श्याम बिहारी राम, रोहित कुमार उम्र करीब 23 वर्ष पिता- विनोद राम दोनों निवासी ग्राम- डंडई वार्ड नंबर 10 थाना - डंडई जिला- गढ़वा (झारखंड) बताया। दोनों से टिकट चेक करने से संबंधित अधिकार पत्र की मांग की गई तो दोनों ने कोई अधिकार पत्र नहीं दिखाया। उक्त कोच के बर्थ संख्या 55/56 पर यात्रा कर रहे यात्रियों से पूछताछ करने पर भी उन लोगों ने बताया था कि यह दोनों हम लोगों को जगा जगाकर टिकट चेक कर रहे थे।

# निर्बाध बिजली के लिए फ्यूज कॉल सेंटर के नंबर जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** आगामी दुर्गापूजा के मद्देनजर निर्बाध एवं सुचारु विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, सासाराम की ओर से विभिन्न पावर सब-स्टेशनों के फ्यूज कॉल सेंटर के संपर्क नंबर जारी किए गए हैं। संबंधित क्षेत्र के उपभोक्ता विद्युत आपूर्ति बाधित होने, फ्यूज की समस्या अथवा अन्य स्थानीय विद्युत शिकायतों की सूचना इन नंबरों पर देकर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इस संबंध में विद्युत कार्यपालक अभियंता, सासाराम ई. ब्रवीम ने बताया कि दुर्गापूजा के दौरान उपभोक्ताओं को बेहतर एवं त्वरित सेवा उपलब्ध कराना तथा विद्युत आपूर्ति को सुचारु बनाए रखना विभाग की प्राथमिकता है। फ्यूज कॉल सेंटर के माध्यम से उपभोक्ताओं को अपनी समस्या संबंधित पावर सब-स्टेशन तक पहुंचाने में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि आपूर्ति में समस्या उत्पन्न होने पर उपभोक्ता अपने क्षेत्र के संबंधित फ्यूज कॉल सेंटर से संपर्क करें तथा शिकायत दर्ज कराते समय अपना क्षेत्र, स्थान एवं समस्या की स्पष्ट जानकारी दें ताकि कर्मियों द्वारा शीघ्र कार्रवाई की जा सके।

# डिहरी में श्रद्धा के साथ मना जितिया पर्व

**संतान की लंबी उम्र के लिए माताओं ने रखा निर्जला व्रत**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी अनुमंडल क्षेत्र एवं आसपास के इलाकों में शनिवार को जितिया पर्व श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। संतान की लंबी आयु, सुख-समृद्धि एवं मंगलकामना को लेकर माताओं ने पूरे दिन निर्जला उपवास रखकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। जितिया पर्व को लेकर सुबह से ही महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। व्रती महिलाओं ने स्नान कर व्रत का संकल्प लिया और दिनभर बिना अन्न-जल ग्रहण किए उपवास रखा। शाम के समय महिलाओं ने सामूहिक रूप से जितिया व्रत की कथा का श्रवण किया तथा भगवान जीमूतवाहन की पूजा-अर्चना कर अपनी संतान की दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। क्षेत्र के विभिन्न तालाबों एवं नदी घाटों पर भी बड़ी संख्या में व्रती महिलाएं पहुंचीं। पूजा-अर्चना के दौरान पूरे वातावरण में भक्ति और आस्था का माहौल बना रहा। महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा संपन्न की। मान्यता है कि जितिया व्रत करने से संतान की रक्षा होती है और उसके जीवन में आने वाले संकट दूर होते हैं।

# अतिक्रमण हटाने के बाद भी शाम में सिनेमा मोड़ पर लगा भीषण जाम

## 15 बिना लाइसेंस ऑटो चालक पकड़े गये



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा।** शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए लागू नई ट्रैफिक व्यवस्था के तीसरे दिन शनिवार को मुख्य बाजार में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। एसडीओ अमित कुमार पटेल के निर्देश पर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी रविशंकर कुमार के नेतृत्व में सड़क और फुटपाथ पर लगी दुकानों को हटाया गया। दुकानदारों को दोबारा अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी दी गयी।अभियान के दौरान कुछ समय के लिए बाजार की सड़कें अतिक्रमणमुक्त दिखीं, लेकिन शाम होते ही सिनेमा मोड़ पर वाहनों का दबाव बढ़ने से भीषण जाम लग गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की टीम के जाते ही कई जगह फिर दुकानें सज जाती हैं। कुछ स्थायी दुकानदार अपनी दुकानों के आगे की जगह फुटपाथी दुकानदारों को किराये पर देते हैं। नई व्यवस्था के तहत करीब 89 वाहनों की कलर कोडिंग कर नंबर दिया गया। वाहन चालकों के लाइसेंस और कागजात की जांच में 15 बिना लाइसेंस ऑटो चालक पकड़े गये, जिन्हें चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। पुलिस ने माइक से ई-रिक्शा और टेंपो को सड़क पर खड़ा नहीं करने की अपील की। अभियान में बीडीओ चंदन कुमार, कल्याण पदाधिकारी ब्रजेश कुमार मौर्य समेत पुलिस बल मौजूद रहा।

# नालंदा में लगे छोटे सरकार जिंदाबाद के नारे

## पटना से नवादा तक करीब 200 किमी की जन आशीर्वाद यात्रा, जदयू प्रत्याशी नीरज कुमार के खिलाफ प्रचार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** पटना स्नातक विधान परिषद चुनाव को लेकर मोकामा के जदयू विधायक अनंत सिंह शनिवार को जनसुराज प्रत्याशी डॉ. अनुज सिंह के समर्थन में करीब 200 किलोमीटर लंबी जन आशीर्वाद यात्रा पर निकले। पटना से रवाना हुआ उनका काफिला नालंदा पहुंचा, जहां कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान अनंत सिंह जिंदाबाद और छोटे सरकार जिंदाबाद के नारे लगाए गए। युवाओं में उनके साथ सेल्फी लेने की होड़ भी दिखी। भोजपुरी गायक व अभिनेता गुंजन सिंह भी उनके साथ मौजूद रहे।पटना से रवाना होने से पहले अनंत सिंह ने कहा कि जनता ही भगवान और मालिक है। वह डॉ. अनुज सिंह के लिए आशीर्वाद मांगने निकले हैं और नवादा तक जाएंगे। पार्टी के रुख के बाद पीछे हटने के सवाल पर उन्होंने कहा कि पीछे हटने का कोई सवाल नहीं है। उन्होंने जदयू प्रत्याशी नीरज कुमार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने उनके लिए क्या किया है, यह सभी जानते हैं।यात्रा पटना, बख्तियारपुर, हरनौत, बिहारशरीफ, पावापुरी, कतरीसराय, वारसलीगंज, पकरीबरावां, कौआकोल, रूपौ, रोह होते हुए नवादा पहुंचेगी। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर स्वागत कार्यक्रम निर्धारित हैं। पटना स्नातक सीट में पटना, नालंदा और नवादा जिले शामिल हैं। मतदान 23 अक्टूबर और मतगणना 27 अक्टूबर को निर्धारित है।

# एनएच पर नवनिर्मित गेट नही खुलने से किसान हो रहे दुर्घटनाओं का शिकार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** किसानों और व्यापारियों की सुविधा के लिए एनएच की ओर लाखों रुपये खर्च कर बनाया गया बाजार समिति का प्रवेश द्वार इन दिनों खुद ही रास्ते का रोड़ा बन गया है। निर्माण के बाद भी गेट बंद रहने से इसका लाभ किसानों को नहीं मिल पा रहा है। सकीर्ण रास्ता से बाजार समिति आने के कारण रोज दुर्घटना का शिकार ही रहे है।स्थिति यह है कि बाजार समिति तक पहुंचने के लिए किसानों को दूसरे रास्ते से लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है। स्थानीय किसानों के अनुसार, छठ पर्व के दौरान कुछ दिनों के लिए इस प्रवेश द्वार को खोला गया था। इससे उन्हें बाजार समिति तक आने-जाने में काफी सहूलियत हुई। पर्व समाप्त होते ही गेट दोबारा बंद कर दिया गया। इसके बाद से किसान और व्यापारी परेशान हैं। किसानों का कहना है कि जिस उद्देश्य से लाखों रुपये खर्च कर प्रवेश द्वार बनाया गया, उसका उपयोग ही नहीं हो रहा है। बारिश के बाद बाजार समिति परिसर में जलजमाव और कीचड़ की समस्या भी परेशानी बढ़ा रही है। किसानों को उपज लेकर आने-जाने में मुश्किल होती है। सड़क की खराब स्थिति के कारण वाहनों के आवागमन में भी परेशानी होती है। स्थानीय किसानों और व्यापारियों ने प्रशासन से बंद पड़े प्रवेश द्वार को तत्काल खोलने की मांग की है। साथ ही जलनिकासी की व्यवस्था दुरुस्त कराने, सड़क की मरम्मत कराने और बाजार समिति में अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी मांग की है। इस संबंध में अनुमंडलाधिकारी ने कहा कि मामले की जांच करा कर समस्या को समाधान कराया जाएगा।

# ट्रक चोरी कांड का खुलासा, मुख्य आरोपित समेत तीन गिरफ्तार

## 300 बोरा सीमेंट चोरी मामले में 200 बोरा सीमेंट, ट्रैक्टर और दो मोबाइल बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अस्थावां।** थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव से 300 बोरा यूनिक प्लस सीमेंट लदे ट्रक चोरी मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी का 200 बोरा सीमेंट, सीमेंट छिपाने में प्रयुक्त ट्रैक्टर और दो स्मार्ट मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, 9 सितंबर को अस्थावां थानाध्यक्ष को सूचना मिली थी कि शेरपुर गांव से 300 बोरा यूनिक प्लस सीमेंट लदा ट्रक चोरी हो गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी के निर्देश पर पुलिस ने त्वरितअनुसंधान शुरू किया। 10 सितंबर को चोरी किया गया ट्रक बरामद कर लिया गया था। इसके बाद पुलिस ने अपराधियों की पहचान और सीमेंट की बरामदगी के लिए छापेमारी जारी रखी। इसी क्रम में 3 अक्टूबर को मुख्य आरोपी मोहद्दीपुर निवासी गुड्डु पासवान को गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर मसीआडीह निवासी कमलजीत कुमार के यहां से 50 बोरा सीमेंट और उसे छिपाने में प्रयुक्त महिंद्रा 275 डीआई ट्रैक्टर बरामद किया गया। वहीं, मोहद्दीपुर निवासी कुंदन कुमार (32) के यहां से 150 बोरा सीमेंट बरामद हुआ। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था का डीएम-एसपी ने लिया जायजा




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी उदिता सिंह एवं पुलिस अधीक्षक हृदयकांत ने शनिवार को माघड़ा स्थित ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और ईवीएम की सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं की जांच की।डीएम और एसपी ने वेयरहाउस परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, अग्निशमन व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। संबंधित पदाधिकारियों को सभी सुरक्षा मानकों का नियमित रूप से पालन सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान अग्निशमन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक बिंदुओं की जानकारी भी ली।

## एक नजर

### त्योहारों को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर हिलसा में बैठक

**हिलसा।** आगामी पर्व-त्योहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शनिवार शाम हिलसा थाना परिसर में अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हिलसा के अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल ने की।बैठक में त्योहारों के दौरान क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बढ़ाने तथा असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। एसडीओ ने उपस्थित लोगों से आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।बैठक में हिलसा विधायक कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया, डीएसपी सुनील कुमार सिंह और थाना प्रभारी चंद्रभानु सहित पुलिस-प्रशासन के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, ग्रामीण एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन को सहयोग देने का भरोसा दिलाया।इस मौके पर भाजपा नेता गौरव प्रकाश, अर्जुन विश्वकर्मा, असलम कुमार, कांग्रेस नेता नरेश प्रसाद अकेला समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### सांप को डिब्बे में बंद कर अस्पताल पहुंचा पिता

**बिहारशरीफ।** परवलपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव में शनिवार को सांप के डसने का हैरान करने वाला मामला सामने आया। घर के बाहर खेल रही तीन वर्षीय सोनिया कुमारी को जहरीले कोबरा ने डस लिया। परिजनों ने सांप को बच्ची को डसते देख लिया। इसके बाद घबराने के बजाय बच्ची को तत्काल अस्पताल पहुंचाने के साथ सांप को भी पकड़कर डिब्बे में बंद कर लिया।बच्ची के पिता कोबरा को लेकर बिहारशरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में जब परिजनों ने डिब्बा खोलकर जिंदा कोबरा चिकित्सकों को दिखाया तो ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी भी हैरान रह गए। परिजनों का कहना था कि सांप की पहचान होने से चिकित्सकों को उपचार में मदद मिलेगी।सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉ. सावन सुमन और डॉ. प्रेम शंभु ने तत्काल बच्ची की जांच शुरू की। हालत को देखते हुए उसे आईसीयू में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की टीम ने लगातार निगरानी में उपचार शुरू किया। समय पर अस्पताल पहुंचने और तत्काल इलाज मिलने से बच्ची की हालत में सुधार हुआ।

### मादक पदार्थ के साथ एक गिरफ्तार

**बिहारशरीफ।** करायपरसुराय थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 1.5 किलो गांजा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान करायपरसुराय थाना क्षेत्र निवासी दयानंद पांडेय उर्फ गोकरण पांडेय के रूप में हुई है।डीएसपी ने प्रेस वार्ता में बताया कि 2 अक्टूबर की शाम करीब सात बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि दयानंद पांडेय अपने बर्तन के गुदाम में गांजा छिपाकर रखता है और गुप्त रूप से इसकी खरीद-बिक्री करता है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने गुदाम में छापेमारी की। तलाशी के दौरान प्लास्टिक में बंधी 17 पुडिया और स्टील के केन में रखा गांजा जैसा पदार्थ बरामद हुआ। जांच के बाद कुल 1.5 किलो गांजा बरामद होने की पुष्टि हुई। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### निर्माणाधीन स्कूल भवन में चोरी

**हिलसा।** कछियावां रोड स्थित निर्माणाधीन सनशाइन पब्लिक स्कूल के भवन से शुक्रवार की रात चोरों ने करीब दो लाख रुपये मूल्य के सामान चोरी कर लिये। शनिवार की सुबह स्टोर रूम का ताला टूटा मिलने पर विद्यालय प्रबंधन को चोरी की जानकारी हुई।विद्यालय के निदेशक डॉ. प्रो. उपेंद्र कुमार ने हिलसा थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि भवन निर्माण में इस्तेमाल होने वाले उपकरण और अन्य सामग्री स्टोर रूम में रखी हुई थी। चोर कटर मशीन, वाइब्रेटर मशीन, ड्रिल मोटर, पांच केवीए का स्टेबलाइजर, स्टैंड फैन, वेपर लाइट, इलेक्ट्रिक वायर, वायरिंग सामग्री और सेंट्रिंग के लोहे के रॉड समेत अन्य सामान ले गये।थानाध्यक्ष ने बताया कि चोरी की घटना को लेकर आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर चोरों की पहचान और चोरी गये सामान की बरामदगी के लिए कार्रवाई कर रही है।

## नवादा

# स्वच्छता ही सेवा अभियान का समापन एवं सम्मान समारोह आयोजित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में 'स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान के समापन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में उत्कृष्ट कार्य एवं सराहनीय योगदान देने वाले पदाधिकारियों एवं स्वच्छता कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि इस वर्ष 'स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान का मुख्य विषय 'स्वच्छता में सहभाग, स्वच्छ भारत, विकसित भारत' है। यह अभियान दिनांक 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2026 तक आयोजित किया गया। जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में योगदान देने वाले प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक, स्वच्छता पर्यवेक्षक, स्वच्छता कर्मी, स्काउट एंड गाइड सहित स्वच्छता कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अन्य पदाधिकारियों एवं कर्मियों को उनके सराहनीय कार्य एवं सक्रिय सहभागिता के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक विभाग अथवा व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह सामूहिक सहभागिता एवं निरंतर प्रयास से जुड़ा विषय है। स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उनके व्यवहार में स्थायी परिवर्तन लाना भी आवश्यक है।

जिला पदाधिकारी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छता कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके द्वारा अपने दायित्वों का समर्पण एवं निष्ठा के साथ निर्वहन किया जाना सराहनीय है। स्वच्छता कर्मी स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनके कार्यों को प्रोत्साहित करने से स्वच्छता के प्रति अन्य लोगों में भी सकारात्मक संदेश जाएगा। जिला पदाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वच्छता से संबंधित गतिविधियों में आमजनों की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित की जाए तथा लोगों को स्वच्छता अपनाने, कचरे का उचित निस्तारण करने एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने के लिए निरंतर जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी की भावना विकसित कर ही स्वच्छ एवं विकसित भारत के संकल्प को साकार किया जा सकता है।

# बरेव इंटर स्कूल में लाखों की सामग्री चोरी, दो कमरों का ताला तोड़कर चोरों ने उड़ाया सामान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकबरपुर (नवादा)।** नेमदारगंज थाना क्षेत्र के पीएम श्री इंटर विद्यालय बरेव में चोरों ने विद्यालय के दो कमरों का ताला तोड़कर लाखों रुपये मूल्य की शैक्षणिक एवं अन्य सामग्री पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी शुक्रवार की सुबह विद्यालय कर्मियों को हुई। मामले में प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. रंजन कुमार तिवारी के आवेदन पर नेमदारगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने कांड संख्या 382/26 दर्ज किया है। मामले के अनुसंधान की जिम्मेदारी एसआई प्रभाष कुमार को सौंपी गई है। प्रधानाध्यापक के अनुसार, सफाई कर्मी रामवृक्ष मांझी ने सुबह मे मोबाइल पर विद्यालय के परिचारी विपिन कुमार को सूचना दी कि पुराने भवन के दो कमरों के ताले टूटे हुए हैं। सूचना मिलते ही परिचारी ने विद्यालय पहुंचकर जांच की और घटना की जानकारी प्रभारी प्रधानाध्यापक को दी। गांधी जयंती के कारण सुबह करीब 10 बजे प्रभारी प्रधानाध्यापक अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मियों के साथ विद्यालय पहुंचे तो चोरी की घटना सही पाई गई। चोरों ने पीएम श्री योजना से संबंधित म्यूजिक किट, ऑर्गन, तबला, नाल, खेल सामग्री, वोकेशनल किट, मैथ किट, साइंस किट, मैथ सर्किल की सामग्री, फर्स्ट एड किट, हेल्थ डिवाइस, डिजिटल हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर समेत कई सामान गायब कर दिए। दूसरे कमरे में रखे चार अलमीरा और टेबल के दराजों के ताले भी टूटे मिले। वहां रखा पुराना म्यूजिक सिस्टम का सामान भी गायब था। कई कागजात और सामग्री कमरे में बिखरे पड़े थे। चोर विद्यालय के कक्षों की चाबियों का एक गुच्छा भी साथ ले गए। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने आवेदन में विद्यालय में रात्रि प्रहरी नहीं होने से सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाया है। उन्होंने बताया कि विद्यालय बंद होने के बाद शरारती तत्वों द्वारा पूर्व में भी दरवाजा, खिड़की, हैंडपंप, पानी की टंकी, नल, विद्युत तार, इंटरनेट कनेक्शन और सौर ऊर्जा प्लेट को नुकसान पहुंचाया जाता रहा है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई जल्द ही चोरी की गई समान को बरामद कर लिया जायेगा।

# पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण तीन कांग्रेसियों से स्पष्टीकरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा जिला कांग्रेस कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रभाकर झा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि आगामी विधान परिषद चुनाव में पार्टी लाइन से अलग जाकर दूसरी पार्टी के उम्मीदवार का समर्थन करने के आरोप में तीन प्रमुख नेताओं से स्पष्टीकरण मांगा गया है ।

श्री झा ने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी के आधिकारिक आदेश के अनुसार इंटक जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष कुमार के द्वारा एमएलसी चुनाव में जन सुराज के उम्मीदवार के मंच पर दिनांक 1 अक्टूबर 2026 को जाकर खुलेआम प्रचार प्रचार करने को गंभीरता से लिया है । इसके साथ ही जिला कांग्रेस के पूर्व मुख्य प्रवक्ता व सदस्य कृष्ण कुमार प्रभाकर एवं कांग्रेस सदस्य गोपाल कृष्ण शरण द्वारा जन सुराज के एमएलसी उम्मीदवार अनुज कुमार के नामांकन पत्र दाखिल करने के कार्यक्रम में शामिल होने और मीडिया के समक्ष सार्वजनिक रूप से खुलकर उनके पक्ष में बयान बाजी करने पर कड़ी आपत्ति जताई गई है। पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचाने और चुनावी माहौल में असमंजस पैदा करने के आरोप में इन तीनों नेताओं को कारण बताओं नोटिस जारी कर 7 दिनों के अंदर लिखित स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया है ।तय समय सीमा के भीतर संतोषजनक जवाब अगर नहीं मिलती है तो इन तीनों नेताओं के खिलाफ प्राथमिक सदस्यता रद्द करने सहित गंभीर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी । श्री झा ने कहा कि पार्टी विरोधी गतिविधियों और अनुशासनहीनता किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा संगठन में दोहरी नीति अपनाने वाले नेताओं पर जिला कांग्रेस कमेटी की पैनी नजर है क्यों कि ऐसे ऐसे नेताओं के हरकतों से संगठन कमजोर होता है और कार्यकर्ता हताश ।

# अनुज सिंह के समर्थन में खुलकर उतरे अनंत सिंह



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकबरपुर (नवादा)।** पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। जन सुराज समर्थित प्रत्याशी डॉ. अनुज सिंह के समर्थन में मोकामा विधायक अनंत सिंह खुलकर मैदान में उतर गए हैं। शनिवार को चुनाव प्रचार अभियान के पहले चरण में नवादा से रजौली जाने के क्रम में अनंत सिंह का बरेव अड्डा के पास पूर्व मुखिया संतोष कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। समर्थकों ने उन्हें माला पहनाकर अभिनंदन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। अनंत सिंह ने लोगों से पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से जन सुराज समर्थित प्रत्याशी डॉ. अनुज सिंह के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि "डॉ. अनुज सिंह पढ़े-लिखे और शिक्षित समाज की आवाज बनने वाले प्रत्याशी हैं। स्नातक मतदाताओं को उनके पक्ष में मतदान कर उन्हें मजबूत करना चाहिए। हम पूरी मजबूती के साथ उनके समर्थन में चुनाव प्रचार कर रहे हैं और क्षेत्र के मतदाताओं से भी समर्थन की अपील कर रहे हैं।" स्वागत के दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह दिखा। बरेव अड्डा पर कुछ देर रुकने के बाद अनंत सिंह समर्थकों का अभिवादन स्वीकार करते हुए रजौली की ओर रवाना हो गए। बताया जाता है कि पटना स्नातक सीट से डॉ. अनुज सिंह को जन सुराज ने प्रत्याशी बनाया है और अनंत सिंह पहले ही उनके समर्थन की घोषणा कर चुके हैं। मौके पर पूर्व सरपंच मक्कू पांडेय, मोहम्मद मुना, गौरव सिंह, सतीश सिंह, विश्व कुमार, अजय कुमार, चुन्नू पांडेय, संजय सिंह, दुदई, शैलेश सिंह, दुधवाली, संजीत कुमार समेत बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

# अनंत सिंह ने किया रोड-शो, जेपी आश्रम में माल्यार्पण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** मोकामा विधायक अनन्त कुमार सिंह ने शनिवार को पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से जनसुराज प्रत्याशी डॉ. अनुज सिंह के समर्थन में कौआकोल प्रखंड क्षेत्र में रोड-शो किया। रोड-शो के दौरान कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने उनका स्वागत किया। इस क्रम में विधायक अनन्त कुमार सिंह प्रखंड के ऐतिहासिक सर्वोदय आश्रम, सोखोदेवरा पहुंचे। वहां उन्होंने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने आश्रम परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार,डॉ० भारत भूषण शर्मा, कलाकार गुंजन सिंह, केवीके के वैज्ञानिक व कर्मी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

### कौआकोलः बरौन में आरएसएस की शाखा का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** सात दिवसीय शाखा विस्तार कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की नई शाखा का शुभारंभ शनिवार को प्रखंड के दरावां पंचायत अंतर्गत बरौन गांव में किया गया। शाखा के शुभारंभ से स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ बाजितपुर एवं डोमनबाग गांव के लोगों को भी इसका लाभ मिल सकेगा। जिला बौद्धिक शिक्षण प्रमुख सूर्यकांत प्रसाद निराला के मार्गदर्शन में शाखा का नामकरण "वीर कुँवर सिंह व्यवसायिक शाखा, बरौन" के रूप में किया गया। कार्यक्रम के दौरान संघ की शाखा के उद्देश्य एवं गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। शाखा में नियमित रूप से विभिन्न खेल एवं शारीरिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। खेल गतिविधियों के माध्यम से स्वयंसेवकों में आपसी सद्भाव, अनुशासन, सामाजिक समरसता तथा राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही समाज में एकजुटता और राष्ट्रीय चेतना को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया।।शाखा के शुभारंभ को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में भी उत्साह देखा गया। आयोजकों ने बताया कि शाखा के माध्यम से युवाओं एवं ग्रामीणों को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने तथा समाज में सेवा और राष्ट्रहित की भावना को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा।

### कौआकोल में चला वाहन चेकिंग अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** कौआकोल प्रखंड मुख्यालय स्थित ब्लॉक गेट के समीप शनिवार को कौआकोल पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह की देखरेख में चलाए गए अभियान के दौरान दोपहिया एवं अन्य वाहनों की जांच की गई। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने वाहन चालकों से वाहन के वैध कागजात एवं हेलमेट आदि की जांच की। बिना हेलमेट तथा वैध कागजात के वाहन चलाने वाले चालकों पर नियमानुसार जुर्माना लगाया गया और उन्हें यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई। अभियान में एसआई सोनु कुमार गुप्ता एवं एएसआई धनंजय कुमार सहित पुलिस बल मौजूद रहे। पुलिस ने वाहन चालकों से सड़क सुरक्षा के मद्देनजर हेलमेट पहनकर वाहन चलाने तथा सभी जरूरी कागजात साथ रखने की अपील की।

### अंचल कार्यालय में लगा जनता दरबार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** अंचल कार्यालय परिसर में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें सीओ चंदन चौधरी, थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह, राजस्व अधिकारी अनीश कुमार समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने लोगों की समस्याओं एवं मामलों को सुनते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। जनता दरबार में एक मामला सामने आया,जिस पर अधिकारियों ने संबंधित पक्ष को नोटिस जारी करने की बात कही। साथ ही अगली निर्धारित तिथि को संबंधित पक्ष को उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि मामलों का नियमानुसार निष्पक्ष तरीके से निष्पादन किया जाएगा।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**कौआकोल।** कौआकोल-महुडर मुख्य पथ पर शनिवार की अहले सुबह मवेशी को बचाने के क्रम में बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में बाइक सवार 24 वर्षीय युवक घायल हो गया। घायल युवक की पहचान जमुई जिले के चन्द्रदीप थाना क्षेत्र के इस्लामनगर निवासी विजय यादव के पुत्र रंजीत कुमार के रूप में की गई है। बताया जाता है कि रंजीत कुमार शनिवार की सुबह अपने एक रिश्तेदार के साथ बाइक से इस्लामनगर गांव से जा रहे थे। इसी दौरान मधुरापुर गांव के समीप मुख्य मार्ग पर अचानक मवेशी आ गया। मवेशी को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें रंजीत कुमार घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना दी। सूचना पर पहुंची सरकारी एम्बुलेंस की मदद से घायल युवक को कौआकोल पीएचसी में भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए नवादा रेफर कर दिया।

# पितृ पक्ष मेला में सेवा शिविरों का डॉ. प्रेम कुमार ने किया उद्घाटन, टेंट सिटी का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने शनिवार को गयाजी टाउन अंतर्गत विश्व प्रसिद्ध पितृ पक्ष मेला में लगाए गए विभिन्न सेवा शिविरों का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने शिविरों के माध्यम से पिंडदानियों एवं तीर्थयात्रियों के बीच शरबत, चाय एवं फल का वितरण कर उनकी सेवा की। डॉ. प्रेम कुमार ने सीता कुंड स्थित मगध सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी संघ लिमिटेड (वेजफेड) शिविर, सुकन्या वेलफेयर फाउंडेशन शिविर एवं प्रेम प्राथमिक बुनकर सहयोग समिति लिमिटेड के सेवा शिविर का उद्घाटन किया। सीता कुंड भ्रमण के दौरान उन्होंने सेवार्थ फाउंडेशन शिविर, आर्किटेक्ट एवं इंजीनियरिंग एसोसिएशन शिविर, इंटरनेशनल ह्यूमन राइट, इनर व्हील क्लब एवं



जीडी पब्लिक स्कूल द्वारा संचालित निःशुल्क सेवा शिविरों का जायजा लिया। इसके अलावा राष्ट्रीय ब्रह्मर्षि सेवा अभियान, भारत विकास परिषद के निःशुल्क चिकित्सा एवं 'एक पेड़ पितरों के नाम' शिविर, प्रतिभा पल्लव स्कूल, राष्ट्रीय राजपूत करणी सेवा, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी तथा महाबोधि मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल द्वारा लगाए गए निःशुल्क सेवा एवं स्वास्थ्य शिविरों में उपस्थित होकर श्रद्धालुओं को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली।

**गांधी मैदान स्थित टेंट सिटी का भी किया निरीक्षण**

डॉ. प्रेम कुमार ने गयाजी के गांधी मैदान स्थित टेंट सिटी का भी जायजा लिया। उन्होंने वहां ठहरे पिंडदानियों से संवाद स्थापित कर उनका हालचाल जाना तथा उन्हें उपलब्ध कराई जा रही आवासन, पेयजल, भोजन, स्वच्छता, सुरक्षा एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने श्रद्धालुओं से सुविधाओं को लेकर उनका अनुभव भी जाना और डालमिया बाजार द्वारा निशुल्क भोजन शिविर में पिंडदानियों को भोजन कराया। साथ ही संबंधित अधिकारियों एवं सेवा कार्य में लगे लोगों को आवश्यक निर्देश दिए।

डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि पितृ पक्ष मेला गयाजी की धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण पर्व है। देश-विदेश से आने वाले पिंडदानियों और श्रद्धालुओं की सेवा करना हम सभी का दायित्व है। विभिन्न सामाजिक संस्थाओं एवं संगठनों द्वारा लगाए गए सेवा शिविर 'अतिथि देवो भवः' की भावना को साकार कर रहे हैं। उन्होंने गयाजी आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन के साथ-साथ सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं स्थानीय लोगों की सहभागिता के लिया धन्यवाद दिया। वहीं मौके पर पप्पू चंद्रवंशी, वसंत जी परमार, मुकेश चंद्रवंशी, राजनंदन प्रसाद गांधी, राजा पाण्डेय, राज कुमार सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# मगध विवि के अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष व पूर्व विधायक प्रो. सच्चिदानंद सिन्हा का निधन, शोक की लहर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक प्रो. सच्चिदानंद सिन्हा का गुरुवार (1 अक्टूबर 2026) को दिल्ली में निधन हो गया। वे 62 वर्ष के थे। उनके निधन की दुखद खबर से मगध विश्वविद्यालय परिसर सहित पूरे शिक्षा एवं राजनीतिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। वे अपने पीछे पत्नी और तीन पुत्रों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रो. सिन्हा पिछले काफी समय से गंभीर रूप से अस्वस्थ चल रहे थे। 22 दिसंबर 2025 को उन्हें ब्रेन हेमरेज हुआ था जिसके बाद उनका शुरुआती इलाज पटना में चला। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बाद में उन्हें एयर एंबुलेंस के माध्यम से दिल्ली ले जाया गया था। दिल्ली के मेदांता अस्पताल में उनका लंबे समय तक इलाज चला जहां गुरुवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। प्रो. सिन्हा के निधन पर शनिवार (3 अक्टूबर) को मगध विश्वविद्यालय परिवार की



ओर से परिसर में एक विशेष शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान विवि के अधिकारियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शिक्षा तथा समाज के क्षेत्र में उनके बहुमूल्य योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। शोक सभा में मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केशरी, कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार मंगलम, छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रो. प्रमोद कुमार चौधरी, वित्त पदाधिकारी इंद्र कुमार सिंह के साथ विभिन्न विभागाध्यक्षों और संघ के प्रतिनिधियों ने भी उन्हें याद किया। इनमें राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. अंजनी कुमार घोष, समाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. दीपक कुमार, भौतिक विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह, शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. अनुज कुमार तरुण, शिक्षकेतर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुबोध कुमार एवं सचिव दीपक कुमार मौजूद थे। कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभाग के शिक्षक डॉ. गोपाल जी सिंह, डॉ. कुमारी दीपा रानी, डॉ. सौरभ कुमार और डॉ. इमरान आलम, पीएमआईआर विभाग के डॉ. राजेश कुमार सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के कई अन्य शिक्षक, पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे और सभी ने नम आंखों से प्रो. सिन्हा को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### छकरबंधा के जंगल-पहाड़ और सरहदी सुरक्षा का आईजी ने लिया जायजा

# लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डुमरिया।** गयाजी जिले के अति नक्सल प्रभावित इलाका डुमरिया प्रखंड में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से मगध क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) विकास वैभव ने शनिवार को डुमरिया एवं छकरबंधा थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने बिहार-झारखंड और गया-औरंगाबाद की सीमा से सटे क्षेत्रों में स्थापित पुलिस प्रतिष्ठानों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को हर गतिविधि पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया। आईजी ने डुमरिया थाने में अभिलेखों और लंबित कांडों की गहन जांच की। मामलों के निष्पादन में हो रही देरी पर उन्होंने नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने को कहा। साथ ही आमलोगों से मिलने वाली शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी जिम्मेदारी से काम करने का निर्देश दिया। इसके पूर्व आईजी



विकास वैभव छकरबंधा पहुंचे जहां पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर उनका स्वागत किया। उन्होंने छकरबंधा थाना और सीआरपीएफ 47वीं बटालियन कैंप की सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छकरबंधा थाना परिसर की सबसे ऊंची इमारत पर चढ़कर आईजी ने आसपास के दुर्गम जंगलों, पहाड़ी क्षेत्रों और सीमावर्ती इलाके की भौगोलिक स्थिति को समझा। निरीक्षण के दौरान नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन की प्रगति की समीक्षा की गई। आईजी ने क्षेत्र में सक्रिय कुख्यात नक्सलियों और संदिग्ध गतिविधियों के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने स्थानीय पुलिस एवं केंद्रीय सुरक्षा बलों को आपसी समन्वय के साथ नक्सलरोधी अभियान चलाने और सीमावर्ती रास्तों पर निगरानी बढ़ाने का निर्देश दिया। इस संबंध में इमामगंज एसडीपीओ धीरज कुमार ने बताया कि आईजी ने सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की है। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों और जवानों को सीमावर्ती एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पूरी सतर्कता, तत्परता और जिम्मेदारी के साथ कर्तव्य निभाने का निर्देश दिया।

# जितिया के दिन दर्दनाक हादसा, ट्रेन से कट कर दो किशोरों की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गयाजी)।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय रेलखंड पर इस्माइलपुर-गुरारू स्टेशन के बीच डुमरा रेलवे गुमटी के पास शनिवार सुबह करीब 9 बजे ट्रेन की चपेट में आने से दो किशोरों की मौत हो गई। जिस दिन मां बेटों की लंबी उम्र के लिए जिउतिया का व्रत रखी थीं, उसी दिन दो घरों के चिराग बुझ गए। मृतकों की पहचान डुमरा निवासी बिंदेश्वर यादव के 12 वर्षीय पुत्र प्रतीक कुमार और नीरज रवानी के 12 वर्षीय इकलौते पुत्र शिवम कुमार के रूप में हुई है। दोनों पांचवीं कक्षा के छात्र थे। परिजनों ने बताया कि दोनों सुबह इसमाइलपुर में ट्यूशन पढ़कर लौटे थे। घर पर खाना खाने के बाद रेलवे गुमटी के पास स्थित मैदान में खेलने गए थे। मैदान तक जाने के लिए रेलवे लाइन पार करनी पड़ती है। इसी दौरान तेज रफ्तार एक्सप्रेस ट्रेन आ गई और दोनों उसकी चपेट में आ गए। मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। घटना के करीब एक घंटे बाद परिजनों ने खोजबीन शुरू की तब शिनाख्त हो सकी। बताया जाता है कि नीरज रवानी बंगाल में नहर विभाग में मजदूरी करते हैं और शिवम इकलौता बेटा था। वहीं बिंदेश्वर यादव पिलग्रिम अस्पताल गया में एंबुलेंस चालक हैं, प्रतीक दो भाइयों में छोटा था और ज्ञान भारती स्कूल गुरारू में पढ़ता था। सूचना पर कोंच थाना और रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की। डबूर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत सहायता राशि दिलाने का आश्वासन दिया। मौके पर मो.आकिब आलम, सुखेन्द्र यादव, दिलीप कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# पिंडदानियों एवं श्रद्धालुओं की सेवा में निःशुल्क चाय-नाश्ता शिविर सराहनीय पहल : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** पितृपक्ष मेला के अवसर पर गयाजी में आने वाले देश-विदेश के श्रद्धालुओं एवं पिंडदानियों की सेवा के लिए गेवाल बिगहा दुर्गा मंदिर परिसर में अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा द्वारा लगाए गए निःशुल्क चाय एवं नाश्ता शिविर का उद्घाटन बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने किया। इस अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि पितृपक्ष मेला गयाजी की धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा विश्व प्रसिद्ध आयोजन है। देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा और उन्हें सुविधाएं उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा द्वारा श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क चाय एवं नाश्ते की व्यवस्था करना सेवा, समर्पण और



सामाजिक सहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि 'अतिथि देवो भवः' की भावना गयाजी की परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। पितृपक्ष के दौरान यहां आने वाले पिंडदानियों एवं श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन के साथ-साथ सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। डॉ. प्रेम कुमार ने शिविर में श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आयोजन से जुड़े सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे सेवा शिविरों से श्रद्धालुओं को सुविधा मिलने के साथ-साथ समाज में सेवा और सहयोग की भावना भी मजबूत होती है। वहीं मौके पर पप्पू चंद्रवंशी प्रदेश महामंत्री, राकेश कुमार जिला अध्यक्ष, राजनंदन प्रसाद गांधी, मुनीलाल चंद्रवंशी, राम सुंदर प्रसाद, अमित कुमार, दिल्लू अरुण कुमार, सिद्धार्थ कुमार, दीनानाथ प्रसाद चंद्रवंशी, मुकेश चंद्रवंशी, धीरेंद्र चंद्रवंशी, गणेश चंद्रवंशी एवं समस्त चंद्रवंशी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# अलग-अलग हादसों में दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** टिकारी थाना क्षेत्र में शनिवार को दो अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। कल्याणपुर गांव में मोरहर नदी के गहरे पानी में डूबने से 51 वर्षीय व्यक्ति की जान चली गई जबकि फेनागी गांव में हाईटेंशन तार की चपेट में आने से 66 वर्षीय बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों घटनाओं के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। पहली घटना कल्याणपुर गांव की है। गांव निवासी हरि पासवान के 51 वर्षीय पुत्र अशोक पासवान मोरहर नदी में नहाने अथवा किसी अन्य कार्य से गए थे, इसी दौरान वह नदी के गहरे पानी में डूब गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय लोगों और गोताखोरों की मदद से उनकी तलाश शुरू की गई। काफी प्रयास के बाद अशोक को नदी से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। वहीं, दूसरी घटना फेनागी गांव में हुई। गांव निवासी 66 वर्षीय भागीरथ यादव खेत से बांस काटकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान बांस ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन बिजली के तार के संपर्क में आ गया। तार की चपेट में आने से भागीरथ गंभीर रूप से झुलस गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। इस हादसे से गांव में मातम पसर गया। दोनों घटनाओं की सूचना मिलने पर टिकारी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गया भेज दिया। टिकारी थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि दोनों शवों का पंचनामा तैयार कर आगे की कानूनी कार्रवाई की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ओप्पो ने लांच किया के14 प्लस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** ओप्पो इंडिया ने बिहार के प्रमुख शहर गयाजी में ओप्पो के14 प्लस के लांच की घोषणा की, जो के सीरीज में एक शक्तिशाली नया जोड़ है जो प्रदर्शन, इमर्सिव मनोरंजन, उन्नत इमेजिंग और लंबे समय तक चलने वाले टिकाऊपन को एक साथ लाता है। गोल्डी पटनायक, हेड ऑफ कम्युनिकेशन्स, ओप्पो इंडिया ने कहा कि एक स्मार्टफोन कागज पर शक्तिशाली हो सकता है, लेकिन उपभोक्ताओं के लिए मायने यह रखता है कि वह शक्ति रोजमर्रा के जीवन में कैसे अनुवादित होती है और वह कितने समय तक ऐसा करती रहती है। यही ओप्पो के14 प्लस के पीछे की सोच है।

# सातवें वेतनमान को लेकर आंदोलन की रणनीति पर विचार-विमर्श

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गांधी जयंती के अवसर पर बिहार राज्य विद्यालय अध्यापक संघ (बीआरवीएएस), जिला गया के पदाधिकारियों और सदस्यों ने गांधी मैदान स्थित गांधी मंडप में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान शिक्षकों ने बापू के विचारों और आदर्शों को याद करते हुए शिक्षक हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। कार्यक्रम में संघ के जिला प्रभारी पुरुषोत्तम शर्मा, जिला संयोजक मनीष कुमार, जिला सह संयोजक मिलन कुमार, जिला कार्यकारिणी सदस्य रीतिका रति, नमन कुमार, संगीता कुमारी, अंजू कुमारी और स्नेहा भारती सहित अन्य शिक्षक शामिल हुए। माल्यार्पण के बाद पदाधिकारियों ने सातवें वेतनमान की मांग को लेकर आगामी आंदोलन की रणनीति पर विचार-विमर्श किया। संघ के अनुसार 3 अक्टूबर को पटना के गर्दनीबाग में आंदोलन प्रस्तावित है। इसमें अधिक से अधिक शिक्षकों की भागीदारी सुनिश्चित करने और आंदोलन को प्रभावी बनाने पर चर्चा की गयी। साथ ही गया जिले में बिहार राज्य विद्यालय अध्यापक संघ के संगठन को प्रखंड स्तर तक मजबूत और विस्तारित करने, शिक्षकों को संगठन से जोड़ने तथा प्रखंड स्तर पर सांगठनिक गतिविधियों को तेज करने की आवश्यकता पर भी विचार किया गया।

# मांझी के 83वें जन्मदिन पर काटा केक, पौधरोपण कर दिया जल-जीवन का संदेश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इमामगंज।** प्रखंड स्थित हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के कार्यालय में शनिवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री सह केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी का 83वां जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हम पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष रामप्रीत भारती ने की। इस अवसर पर गरीबों के बीच केक काटकर खुशियां बांटी गईं। इसके बाद रामप्रीत भारती ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण और जल-जीवन का संदेश दिया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष उमेश प्रसाद स्वर्णकार, पंचायत अध्यक्ष बालमुनी दास, जिला सचिव संतोष यादव, जिला परिषद सदस्य पार्वती देवी, रामनंदन कुमार, सुमन कुमार, रंजीत चौधरी, सुरेंद्र पासवान सहित अन्य

# जीतन राम मांझी के जन्मदिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डुमरिया ।** डुमरिया प्रखंड के मंझौली पंचायत में जीतन राम मांझी के जन्मदिवस के अवसर पर कार्यकर्ताओं द्वारा पौधारोपण किया। इस अवसर पर डुमरिया प्रखंड अध्यक्ष श्याम सुंदर भारती, डॉ. कैलाश प्रसाद (प्रदेश महासचिव), अनुज गड़ानी, मुकेश मांझी, मिथुन मांझी, सुनील कुमार, पंकज कुमार, वासुदेव मांझी एवं सत्येंद्र शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प के साथ पौधारोपण कर जन्मदिवस को सार्थक रूप से मनाया गया।


**कार्यालय नगर पंचायत हुसैनाबाद**
Email:- nphussainabad@gmail.com

**SHORT NOTICE INVITING**
**EXPRESSION OF INTEREST (EOI) / QUOTATION**
**For Selection of Consultant/Agency for IEC Activities & Capacity Building**

It is hereby informed to all concerned that Nagar Panchayat, Hussainabad invites sealed Expression of Interest (EOI)/Quotations from eligible Start-ups, NGOs, Partnership Firms, LLPs, Companies, Training Institutions, Academic Organizations and Individual Consultants working on Solid Waste Management Projects for providing consultancy services related to Information, Education & Communication (IEC) Activities and Capacity Building under various Urban Development

Interested agencies may submit their Technical Proposal along with Financial Quotation in a sealed envelope at the office of the Executive Officer, Nagar Parishad, Hussainabad on or before 09/10/2026 up to 3:00 PM. The proposals shall be opened on the same day at 3:30 PM in the presence of the participating agencies or their authorized representatives.

**DETAILS OF WORK**

| Sl. No. | Assignment | Consultancy Fee |
|---|---|---|
| 01 | Exposure Visit for Ward Councilors | To be Quoted |
| 02 | Capacity Building & Training Programmes | To be Quoted |
| 03 | Documentation, Reporting & IEC Material Development | To be Quoted |

**ELIGIBILITY CRITERIA**
- Registered Start-ups, NGOs, Firms, LLPs, Companies, Educational Institutions and Individual Consultants are eligible.
- Newly established Start-up Companies are encouraged to participate.
- Companies possessing the following valid ISO certifications shall be given preference during evaluation:
  ISO/IEC 27001:2022 (Information Security Management System)
  ISO 45001:2018 (Occupational Health & Safety Management System)
  ISO 14001:2015 (Environmental Management System)
  ISO 9001:2015 (Quality Management System)
- Valid PAN and GST Registration (where applicable).
- Latest available Balance Sheet (Self-certified/CA Certified, as applicable).
- Experience in Training/IEC/Capacity Building/Community Awareness programmes.
- Resume/CV of Lead Trainer(s) and Key Resource Persons.
- Organization Profile with relevant experience (if any).

**DOCUMENTS TO BE SUBMITTED**
- Registration Certificate
- PAN Card
- GST Registration (if applicable)
- Latest Balance Sheet
- Organization Profile
- Experience Certificates/Work Orders (if available)
- Resume of Trainers/Experts
- Technical Proposal & Financial Quotation

**GENERAL TERMS & CONDITIONS**
- Preference shall be given to agencies having experience in IEC Activities, Capacity Building, Community Mobilization, Behaviour Change Communication (BCC), Swachh Bharat Mission, Urban Development and Municipal Governance.
- Mere submission of proposal shall not confer any right for award of work.
- Nagar Panchayat, Hussainabad reserves the right to accept or reject any or all proposals without assigning any reason.
- Payment shall be made as per approved work order and satisfactory completion of assigned activities.
- The decision of the Evaluation Committee shall be final and binding.

**Last Date of Submission:** 09/10/2026 up to 03:00 PM
**Date of Opening:** 09/10/2026 at 03:30 PM

For detailed Terms & Conditions, interested applicants may contact the office of Nagar Parishad, Hussainabad during office hours.

**Executive Officer**
**Nagar Panchayat, Hussainabad**

**PR 391028 District(26-27)#D**


# आरपीएफ ने ऑपरेशन अमानत के तहत लौटाया खोया मोबाइल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** पितृपक्ष मेला 2026 के दौरान गया रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा और छूटे सामान की वापसी के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ऑपरेशन अमानत के तहत शुक्रवार को आरपीएफ जवानों ने स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 04/05 से लावारिस अवस्था में मिला सैमसंग कंपनी का मोबाइल बरामद कर सत्यापन के बाद उसके मालिक को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार, 2 अक्टूबर को पितृपक्ष मेला ड्यूटी में तैनात सहायक उप निरीक्षक अविनाश कुमार, रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रफीगंज और प्रधान आरक्षी रंजय कुमार, रेलवे सुरक्षा बल रिजर्व कंपनी हाजीपुर प्लेटफार्म पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें मोबाइल मिला। आसपास मौजूद यात्रियों से पूछताछ की गई, लेकिन किसी ने मोबाइल पर अपना दावा नहीं किया। इसके बाद मोबाइल को सुरक्षित रूप से



रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गया में जमा कराया गया। कुछ समय बाद परैया थाना क्षेत्र, गया निवासी रोहित कुमार पोस्ट पहुंचे और बताया कि पटना से गया आने के बाद प्लेटफार्म संख्या 04 पर परिजन का इंतजार करते समय जल्दबाजी में उनका मोबाइल छूट गया था। मोबाइल का लॉक खुलवाकर आवश्यक जांच और सत्यापन के बाद आरपीएफ ने मोबाइल उन्हें सौंप दिया। यात्री ने मोबाइल की कीमत करीब 15 हजार रुपये बतायी। मोबाइल वापस मिलने पर रोहित कुमार ने आरपीएफ के प्रति आभार जताया।

# निर्जला व्रत रख माताओं ने संतान के सुख-स्वास्थ्य के लिए की पूजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** संतान की लंबी उम्र, आरोग्य और सुख-समृद्धि की कामना को लेकर शनिवार को शेरघाटी क्षेत्र में जीवित्पुत्रिका यानी जिउतिया पर्व श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। महिलाओं ने पूरे दिन निर्जला व्रत रखकर घरों और मंदिरों में भगवान जीमूतवाहन की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। व्रती महिलाओं ने सुबह स्नान-ध्यान के बाद पूजा के लिए मंडप तैयार किया। इसके बाद जिउतिया व्रत की कथा सुनी और संतान की संख्या के अनुसार सोने या चांदी से बने जिउतिया की पूजा कर उसे गले में धारण किया। पर्व को लेकर क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में सुबह से ही महिलाओं की भीड़ लगी रही। महिलाओं ने भगवान शिव की भी पूजा कर संतान के स्वस्थ और सुखमय जीवन की कामना की। पूजा-अर्चना के बाद महिलाओं ने दान-पुण्य भी किया। पूरे दिन व्रती महिलाएं बिना अन्न-जल ग्रहण किए उपवास पर रहीं। रविवार की सुबह पारण के बाद व्रत पूरा करेंगी।

# स्थापना दिवस पर वर्षों से लंबित विकास योजनाओं को पूरा कराने की कांग्रेसजनों ने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** बिहार की राजधानी पटना के बाद राज्य के सबसे बड़े, महत्वपूर्ण जिला गयाजी की 162 वें स्थापना दिवस पर कांग्रेसजनों ने गयाजी शहर के ब्रांड एंबेसडर राजेंद्र टावर चौक पर जिला के विकास सम्बंधित विभिन्न लंबित मांगों को उजागर करते हुए शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर मनाया। स्थापना दिवस कार्यक्रम में उपस्थित बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह गयाजी महानगर विकास संघर्ष समिति के संयोजक विजय कुमार मिट्ठू, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, उदय शंकर पालित, मोहम्मद नवाब अली, राजीव कुमार सिंह उर्फ लबी सिंह, इंटक महासचिव टिंकू गिरी, आफताब आलम खान, कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुनील कुमार पासवान, धर्मेंद्र कुमार निराला, इंदल पासवान, शिव कुमार चौरसिया, साहिल गुप्ता आदि ने कहा अति प्राचीन, अंतर्राष्ट्रीय ख्याती प्राप्त, विश्व पर्यटन मानचित्र पर अपना स्थान रखने वाला गयाजी जिला की 162 वें स्थापना दिवस पर वर्षो से लंबित मांगे जैसे सन 2000 में बिहार से झारखंड के विभाजन के बाद पूर्व की एकीकृत बिहार की भांति गयाजी को बिहार का दूसरा राजधानी घोषित करने, गयाजी को देश के



स्मार्ट शहरों एवं रामायण सर्किट की सूची में शामिल करने, गयाजी व्यवहार न्यायालय में पटना उच्च न्यायालय का बेंच स्थापित करने, मध्य-दक्षिण बिहार का अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल को एम्स की तरह विकसित करने, वर्ल्ड क्लास निर्माणाधीन गया रेलवे जंक्शन को रेल्वे डिविजन बनाने, वर्षों से शिलान्यास किया हुआ ऐरू स्टील प्रोसेसिंग प्लांट का निर्माण कार्य शुरू कराने, विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला को अंतरराष्ट्रीय मेला घोषित करने, वर्षों से प्रस्तावित भूसंडा पशु मेला मैदान में स्टेडियम का निर्माण कार्य शुरू करने, बुनकरों के लिए हैंडलूम टेक्स्टाइल पार्क का निर्माण कार्य शुरू करने, फल्गु नदी के दोनों छोरों पर सड़क का निर्माण करने, वर्षों से बंद पड़े गया आयुर्वेद कॉलेज एवं अस्पताल को खोलने, बिहार राज्य खाड़ी बोर्ड के परती पड़े जमीन पर सूती- खाड़ी- हैंडलूम मॉल का निर्माण करवाने आदि कार्यों को पूरा कराने की मांग बिहार एवं केंद्र सरकारों से किया है।

संपादकीय

# ज्ञानेश के खिलाफ विपक्षी मोर्चा

देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को इस बात का श्रेय तो देना ही पड़ेगा कि उन्होंने मुर्दा पड़े विपक्षी इंडिया गठबंधन में फिर से जान फूंक दी है। वरना लोकसभा चुनाव के बाद यह गठबंधन बिखर गया था। हालांकि बुधवार को नई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में हुई बैठक में केवल 19 विपक्षी पार्टियों ने ही भाग लिया। आम आदमी पार्टी, डीएमके, बीजेडी जैसे कई दल इससे दूर रहे। सबसे ज्यादा चर्चा समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव के बैठक में स्वयं उपस्थित न होकर अपने प्रतिनिधि को भेजने को लेकर रही। इसको लेकर बीजेपी ने विपक्षी एकता को लेकर फिर सवाल उठा दिए हैं। बावजूद इसके माना जा रहा है कि कम से कम ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने लेकर विपक्ष अब सड़कों पर एकजुट होकर उतरेगा। निश्चित रूप से इससे ज्ञानेश कुमार और प्रकारांतर से मोदी सरकार पर भी दबाव बनेगा। लेकिन इससे विपक्ष को जनमत अपने पक्ष में मोड़ने में कितनी सफलता मिलेगी, कहना मुश्किल है। बहरहाल इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, ममता बनर्जी समेत कई शीर्ष नेता मौजूद थे। इसमें दो से आठ अक्तूबर के बीच पूरे देश में 'सेव डेमोक्रेसी मार्च' निकालने समेत कई अहम फ़ैसले किए गए और गठबंधन में एकजुटता का संदेश देने की कोशिश की गई। उधर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफ़े की मांग को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने भी दो अक्तूबर को जेल भरो आंदोलन का आह्वान किया है। सीजेपी की मुंबई और दिल्ली में प्रदर्शन की योजना है। बैठक में सबसे ज्यादा उत्साहित और क्रोधित टीएमसी नेता ममता बैनर्जी दिखीं। जिन्होंने ज्ञानेश कुमार को वैनिश कुमार कहकर जमकर कोसा। ममता पश्चिम बंगाल में अपनी करारी हार को अभी भी नहीं पचा पाई हैं। अन्य विपक्षी नेताओं में अभिषेक बनर्जी, डेरेक ओ'ब्रायन, कल्याण बनर्जी, तेजस्वी यादव, सुप्रिया सुले, जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ़्ती, जम्मू-कश्मीर के मौजूदा मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, सीपीआई-एमएल के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, कपिल सिब्बल समेत कई नेता मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने की। बैठक में हुए फैसलों की जानकारी देते हुए खडगे ने कहा कि एक नवंबर को दिल्ली में एक बड़ी रैली होगी, जिसमें 'वोट चोरी' से जुड़े मुद्दों को उठाया जाएगा। इंडिया गठबंधन की मांग है कि सुप्रीम कोर्ट में एसआईआर से जुड़े सभी मामलों का जल्द से जल्द निपटारा किया जाए।

कांग्रेस अध्याक्ष सोनिया गांधी ने कहा कि हमारा उद्देश्य भारत में लोकतंत्र को बचाना है। बैठक में कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि 'जो लोग भारतीय लोकतंत्र को नष्ट कर रहे हैं, उन्हें सज़ा दी जाएगी। इससे फ़र्क नहीं पड़ता कि वे कितने वरिष्ठ हैं या वे कौन हैं। उन्होंने कहा, भारतीय लोकतंत्र पर बीजेपी, नरेंद्र मोदी, अमित शाह, ज्ञानेश कुमार ने आक्रमण किया है। और हम इसे यूं ही नहीं जाने देने वाले हैं। सभी विपक्षी नेता भारतीय लोकतंत्र के सामूहिक रक्षक हैं। हमें विश्वास है कि अगले कुछ महीनों में देश में हम कुछ गंभीर बदलाव ले आएंगे। यहां असली सवाल यह है कि मुख्यु चुनाव आयुक्त के खिलाफ मोर्चा खोलने और इसके लिए सीधे सीधे मोदी शाह को घेरने का विपक्ष को कितना राजनीतिक लाभ मिलेगा? राहुल गांधी जो भी सोचते हों, लेकिन एसआईआर और ज्ञानेश कुमार का मुद्दा ऐसा नहीं है कि जिससे आम जनता बड़े पैमाने पर आंदोलित हो। राहुल वोट चोरी का नरेटिव काफी दिनों से चला रहे हैं, लेकिन उसका कोई खास असर नहीं हो रहा। क्योंकि मतदाता को तो मालूम है कि उसने किस को वोट दिया है। कोई भी मुद्दा जब तक जनता के मानस को नहीं बदलता तब तक सत्ता परिवर्तन असंभव है।

# जब असहमति अपराध बने तो गांधी याद आते हैं

**तुर्की के इस्तांबुल से पाकिस्तान के बलूचिस्तान तक, हांगकांग से बेलारूस और म्यांमार तक अलग-अलग रूपों में यही सवाल सामने आता है, क्या सत्ता अपने सबसे मुखर आलोचक को भी लोकतांत्रिक अधिकार देने के लिए तैयार है? तुर्की में इस्तांबुल के पूर्व मेयर एक्रेम इमामोग्लू की 2025 में भ्रष्टाचार से जुड़े आरोपों में गिरफ्तारी के बाद तुर्की में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए। इसे देश के लोगों ने एर्दोआन की लोकतंत्र को कुचलने की कोशिश बताया। इमामोग्लू का मामला इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यहां संघर्ष किसी सशस्त्र विद्रोह का नहीं, बल्कि चुनावी राजनीति और न्यायिक कार्रवाई के बीच संबंधों का है। जब कोई लोकप्रिय विपक्षी नेता सत्ता के लिए चुनौती बनता है और उसके बाद उस पर कानूनी कार्रवाई होती है, तो लोकतंत्र की संस्थाओं की स्वतंत्रता और निष्पक्षता पर स्वाभाविक रूप से सवाल उठते है।**

सत्ताएं बदलती हैं, शासन बदलते है, कानून बदलते है, लेकिन जब कोई निहत्था नागरिक अन्याय के सामने खड़ा होकर कहता है की मैं नहीं डरता, तब गांधी फिर जीवित हो उठते है। दुनिया बदल गई है, सत्ता के तरीके बदल गए है, लेकिन सत्ता के सामने निर्भीक असहमति की ताकत आज भी वही है। शायद इसी कारण गांधीवादी प्रतिरोध से सत्ता तब भी डरती थी और आज भी डरती है।

आज दुनिया बहुत बदल चुकी है। औपनिवेशिक शासन का स्थान आधुनिक राष्ट्र-राज्यों ने ले लिया है। संविधान, संसद, चुनाव और न्यायपालिका लोकतांत्रिक शासन के प्रमुख आधार बन चुके है। लेकिन दुनिया के कई हिस्सों में सत्ता और असहमति का संघर्ष अब भी जारी है। कहीं विपक्षी नेता जेल में है, कहीं मानवाधिकार कार्यकर्ताओं पर कठोर कानून लगाए गए है और कहीं राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर राजनीतिक विरोध की संभावनाओं को खत्म किया जा रहा है।

तुर्की के इस्तांबुल से पाकिस्तान के बलूचिस्तान तक, हांगकांग से बेलारूस और म्यांमार तक अलग-अलग रूपों में यही सवाल सामने आता है, क्या सत्ता अपने सबसे मुखर आलोचक को भी लोकतांत्रिक अधिकार देने के लिए तैयार है? तुर्की में इस्तांबुल के पूर्व मेयर एक्रेम इमामोग्लू की 2025 में भ्रष्टाचार से जुड़े आरोपों में गिरफ्तारी के बाद तुर्की में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए। इसे देश के लोगों ने एर्दोआन की लोकतंत्र को कुचलने की कोशिश बताया। इमामोग्लू का मामला इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यहां संघर्ष किसी सशस्त्र विद्रोह का नहीं, बल्कि चुनावी राजनीति और न्यायिक कार्रवाई के बीच संबंधों का है। जब कोई लोकप्रिय विपक्षी नेता सत्ता के लिए चुनौती बनता है और उसके बाद उस पर कानूनी कार्रवाई होती है, तो लोकतंत्र की संस्थाओं की स्वतंत्रता और निष्पक्षता पर स्वाभाविक रूप से सवाल उठते है।

पाकिस्तान के बलूचिस्तान में मेहरंग बलोच का संघर्ष नागरिक अधिकारों और जबरन गायब किए जाने के आरोपों के खिलाफ आंदोलन से जुड़ा है। बलोच यकजेहती कमेटी के माध्यम से उन्होंने शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों और जन लामबंदी का नेतृत्व किया। 2025 में हिरासत में लिए जाने के बाद इस साल जून में एक आतंकवाद विरोधी अदालत ने उन्हें एक अर्धसैनिक सैनिक की मौत से जुड़े मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष ने उन पर प्रदर्शनकारियों को हिंसा के लिए उकसाने का आरोप लगाया, जबकि उनके समर्थकों और मानवाधिकार संगठनों ने मुकदमे की निष्पक्षता पर सवाल उठाए। यह मामला लोकतांत्रिक व्यवस्था की एक कठिन परीक्षा को सामने लाता है। किसी आंदोलनकारी पर गंभीर आरोप हो तो उनकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है, लेकिन उसी के साथ शांतिपूर्ण राजनीतिक असहमति और नागरिक अधिकारों के प्रश्न को भी दबाया नहीं जाना चाहिए। शांतिपूर्ण नागरिक लामबंदी और दमन के बावजूद मेहरंग बलोच का अपनी बात रखने का उनका तरीका गांधी के सत्याग्रह की व्यापक भावना की याद जरूर दिलाता है। हांगकांग में लोकतंत्र समर्थक आंदोलन के साथ जुड़े अनेक लोगों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई तेज हुई है। मानवाधिकार संगठनों और लोकतंत्र समर्थक समूहों का तर्क है कि इन कानूनों ने राजनीतिक असहमति और नागरिक स्वतंत्रता के लिए उपलब्ध जगह को बहुत सीमित कर दिया है। जोशुआ वोंग, जो हांगकांग के लोकतंत्र समर्थक आंदोलन का प्रमुख चेहरा रहे है, उन्हें विदेशी संस्थाओं के साथ मिलीभगत से संबंधित राष्ट्रीय सुरक्षा आरोप में दोषी ठहराया गया है और उन्हें अब आजीवन कारावास तक की सजा का सामना करना पड़ सकता है। इसी तरह तियानआनमेन की स्मृति में आयोजित कार्यक्रमों से जुड़ी कार्यकर्ता चौ-हैंग-तुंग को भी राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत जेल की सजा दी गई। हांगकांग का प्रश्न केवल एक शहर की राजनीतिक स्थिति का प्रश्न नहीं है। यह उस व्यापक बहस का हिस्सा है जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा और नागरिक स्वतंत्रता के बीच संतुलन को लेकर दुनिया भर में चर्चा होती रही है।

बेलारूस में लंबे समय से लोकतांत्रिक अधिकारों को लेकर संघर्ष जारी है। मानवाधिकार कार्यकर्ता और नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित एलेस बियालियात्स्की वर्षों तक जेल में रहे। उन्होंने कहा कि राजनीतिक कैदियों की रिहाई के बावजूद दमन की व्यवस्था समाप्त नहीं हुई है। बेलारूस के मामले में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थाओं ने न्यायिक और प्रशासनिक तंत्र के राजनीतिक इस्तेमाल के आरोप लगाए है। सरकार इन आरोपों को खारिज करती रही है। म्यांमार की परिस्थिति इन सभी उदाहरणों से कहीं अधिक जटिल और हिंसक है। 2021 के सैन्य तख्तापलट के बाद लोकतंत्र समर्थक नेताओं, कार्यकर्ताओं और नागरिक समाज के लोगों पर व्यापक कार्रवाई हुई। बाद में देश का राजनीतिक संकट सशस्त्र संघर्ष और गृहयुद्ध जैसी परिस्थितियों में बदल गया।इसलिए म्यांमार को केवल जेल में बंद लोकतंत्र समर्थकों की कहानी के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा। वहां सवाल राजनीतिक स्वतंत्रता के साथ-साथ नागरिक सुरक्षा, सैन्य हिंसा और देश के भविष्य का भी है। तुर्की, बलूचिस्तान, हांगकांग, बेलारूस और म्यांमार में लोकतंत्र समर्थकों पर सत्ता ने नकेल कसने के लिए भ्रष्टाचार के आरोप लगाकर जेल में डाला दिया है, किसी पर हिंसा से जुड़े मामले है, कहीं राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लागू है और कहीं पूरा देश ही सशस्त्र संघर्ष में फंसा है। यहीं गांधी आज फिर प्रासंगिक हो जाते है। गांधी ने सत्ता से असहमति को हिंसा का पर्याय नहीं बनने दिया। उनके लिए विरोधी को समाप्त करना उद्देश्य नहीं था, अन्याय का प्रतिरोध करना उद्देश्य था। सत्याग्रह की शक्ति इसी में थी कि वह सत्ता के सामने खड़े होने का साहस देता था, लेकिन प्रतिरोध करने वाले को भी नैतिक अनुशासन में बांधता था। आज दुनिया के अनेक लोकतांत्रिक संघर्षों की परिस्थितियां गांधी के समय से बिल्कुल अलग है। फिर भी नागरिक स्वतंत्रता, शांतिपूर्ण विरोध और सत्ता की जवाबदेही जैसे प्रश्न आज भी उतने ही महत्वपूर्ण है। बापू ने सत्ता के विरुद्ध प्रतिरोध की भारी कीमत चुकाई थी। अंग्रेजी शासन के सामने झुकने से इनकार करने की कीमत उन्होंने जेल, यातना, स्वास्थ्य संकट और अपने जीवन को दांव पर लगाकर चुकाई। चंपारण से असहयोग आंदोलन, नमक सत्याग्रह से भारत छोड़ो आंदोलन तक उनका राजनीतिक जीवन गिरफ्तारी और कारावास से भरा रहा। कई बार उनका स्वास्थ्य इतना बिगड़ा कि जीवन पर गंभीर संकट मंडराने लगा, लेकिन उन्होंने सत्य और अहिंसा के रास्ते से पीछे हटना स्वीकार नहीं किया।

गांधी की विरासत सिर्फ सत्ता के विरोध तक सीमित नहीं रही। भारत में चिपको आंदोलन ने पेड़ों को बचाने के लिए सत्याग्रह को पर्यावरणीय संघर्ष से जोड़ा, नर्मदा बचाओ आंदोलन ने विस्थापन और पर्यावरणीय न्याय के सवाल उठाए और कर्नाटक के अप्पिको आंदोलन ने जंगल बचाने के लिए अहिंसक प्रतिरोध का रास्ता अपनाया। अमेरिका में मार्टिन लूथर किंग जूनियर का नागरिक अधिकार आंदोलन, फिलीपींस का पीपल पावर आंदोलन, पोलैंड का सॉलिडैरिटी संघर्ष और दुनिया के अनेक परमाणु निरस्त्रीकरण आंदोलनों में भी गांधी की अहिंसक प्रतिरोध परंपरा की छाप दिखाई देती है। फिलीपींस में 1986 में फर्डिनांड मार्कोस शासन के विरुद्ध पीपल पावर आंदोलन नामक व्यापक जनआंदोलन में बड़े पैमाने पर अहिंसक जनभागीदारी हुई। इसे गांधी की व्यापक अहिंसक प्रतिरोध परंपरा से प्रभावित आंदोलनों में रखा जाता है। पोलैंड में कम्युनिस्ट शासन के विरुद्ध सॉलिडैरिटी आंदोलन में श्रमिकों और नागरिक समाज के संघर्ष में हड़ताल, जनसंगठन और अहिंसक प्रतिरोध महत्वपूर्ण रहे। गांधीवादी पद्धतियों को प्रभावित करने वाली वैश्विक अहिंसक परंपरा से इसकी तुलना की जाती है। चिली, अर्जेंटीना और पूर्वी यूरोप में तानाशाही और अधिनायकवादी व्यवस्थाओं के विरुद्ध अहिंसक जनआंदोलनों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस तरह गांधी किसी एक देश या एक राजनीतिक आंदोलन के नेता भर नहीं रह जाते, वे उस वैश्विक विचार के प्रतीक बन जाते हैं जिसमें अन्याय के सामने हथियार उठाने से पहले सत्य, नैतिक साहस, जनभागीदारी और अहिंसक असहमति को शक्ति बनाया जाता है। गांधी के लिए जेल जाना पराजय नहीं था। यह अन्यायपूर्ण सत्ता के सामने असहमति दर्ज कराने का नैतिक माध्यम था।

अध्यात्म

# भगवान श्रीकृष्ण की सीख

महाभारत की कथा है। द्वारका में धीरे-धीरे परिस्थितियां बदलने लगी थीं। जिस नगरी में कभी सुख, शांति और समृद्धि का वातावरण रहता था, वहां अब तरह-तरह के अपशकुन और उत्पात दिखाई देने लगे थे। लोग आपस में झगड़ने लगे थे, परिवारों में कलह बढ़ रही थी और नई पीढ़ी भी अनुशासन से दूर होती जा रही थी। एक दिन श्रीकृष्ण द्वारिका के बुजुर्गों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'हमारी द्वारका में जगह-जगह अपशकुन हो रहे हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि ऋषियों ने हमारे कुल को ऐसा शाप दिया है, जिसे टालना बहुत मुश्किल है। अब उस शाप के निदान का अवसर भी निकल चुका है। हमें इसका परिणाम भोगना ही होगा। श्रीकृष्ण की बातें सुनकर बुजुर्ग चिंतित हो गए। उन्होंने कहा, 'कृष्ण, हमें तो तुम्हारा ही भरोसा है। यह सच है कि द्वारका में अब पहले जैसी स्थिति नहीं रही। लोग एक-दूसरे से लड़ रहे हैं और हमारे बच्चे भी उद्दंड होते जा रहे हैं। अब हमें क्या करना चाहिए, यह तुम ही बताओ। तब श्रीकृष्ण ने बहुत महत्वपूर्ण बात कही। भगवान ने कहा, 'अगर हम अपने प्राणों की रक्षा करना चाहते हैं तो हमें यह स्थान छोड़ देना चाहिए। व्यक्ति को अपने स्थान से मोह हो जाता है, लेकिन जब वही स्थान हमारे लिए विपरीत परिस्थितियां पैदा करने लगे और दुख का कारण बनने लगे, तब उससे मोह बनाए रखना बुद्धिमानी नहीं है।

उन्होंने आगे कहा कि पास ही प्रभास क्षेत्र है। वह एक पवित्र स्थान है और वहां जाना सभी के लिए हितकारी होगा। उस स्थान का महत्व बताते हुए श्रीकृष्ण ने चंद्रमा का उदाहरण दिया। उन्होंने बताया कि दक्ष प्रजापति के शाप के कारण चंद्रमा को कष्ट हुआ था। उस संकट से मुक्ति पाने के लिए चंद्रदेव ने प्रभास क्षेत्र में स्नान किया, भगवान की पूजा की और इसके फलस्वरूप वे शाप के प्रभाव से मुक्त हो गए। श्रीकृष्ण ने कहा कि हम भी वहां जाकर स्नान करेंगे, अपने पितरों का तर्पण करेंगे और सत्संग सुनेंगे। इससे संकटों का सामना करने के लिए आवश्यक आत्मबल मिलेगा। श्रीकृष्ण की बात सभी ने स्वीकार की और वे प्रभास क्षेत्र की ओर चले गए। इस प्रसंग का संदेश यही है कि हर परिस्थिति में एक ही जगह टिके रहना समझदारी नहीं है। जब कोई स्थान, वातावरण या परिस्थिति लगातार हमारे जीवन में नकारात्मकता और संकट बढ़ाने लगे, तब उससे बाहर निकल जाना चाहिए।

**प्रसंग की सीख**

जीवन में अचानक आने वाली हर परेशानी को नजरअंदाज न करें। अगर किसी स्थान या वातावरण में लगातार तनाव, विवाद, असुरक्षा और नकारात्मकता बढ़ रही है तो उसके कारणों को समझने की कोशिश करें।

# प्रधानमंत्री लगातार कर रहे हैं विदेशी मुद्रा बचाने की अपील

**चौथे, भारतीय नागरिकों में स्वर्ण के प्रति आकर्षण कुछ अधिक मात्रा में ही है। यह सही है कि स्वर्ण भविष्य में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करता हुआ दिखाई देता है परंतु देश के विकास की दृष्टि से यह सुप्त मुद्रा के रूप में ही देखा जाता है। स्वर्ण में किए गए निवेश पर किसी भी प्रकार की आय का अर्जन नहीं होता है क्योंकि स्वर्ण में निवेश की गई राशि उत्पादक निवेश की श्रेणी में नहीं गिनी जाती है। एक अनुमान के अनुसार भारतीय परिवारों के पास लगभग 25,000 टन से अधिक का स्वर्ण भंडार मौजूद है, जिसकी बाजार कीमत लगभग 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है, जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 125 प्रतिशत है। इतनी भारी भरकम राशि का निवेश निष्क्रिय एवं अनुत्पादक अस्तियों में होने के चलते लाखों करोड़ रुपए की राशि पर किसी प्रकार की आय का अर्जन नहीं हो रहा है। यदि इसी निवेश को उत्पादक कार्यों में लगाया जाय तो देश की अर्थव्यवस्था को और अधिक गतिशील एवं प्रभावशाली बनाया जा सकता है।**

माननीय प्रधानमंत्री जी को देश के नागरिकों से उक्त आग्रह इसलिए करना पड़ा है क्योंकि वैश्विक स्तर पर परिस्थियां लगातार बिगड़ रही हैं। भारत चूंकि आर्थिक विकास के उस चक्र में आ गया है जहां छोटी सी चूक भी भारत में तेज गति से हो रहे आर्थिक विकास पर बहुत अधिक विपरीत प्रभाव डाल सकती है।

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने एक बार पुनः भारतीय नागरिकों से आग्रह किया है कि वे आवश्यक नहीं हो तो सोना नहीं खरींदे अथवा कम मात्रा में खरीदें। साथ ही आपने यह भी अपील की है कि विदेशी पर्यटन को टालने का प्रयास करें एवं विदेश में जाकर शादी ब्याह के कार्यक्रम नहीं करें। यह समय की मांग है कि भारतीय नागरिक विदेशी मुद्रा को बचाने के उद्देश्य से स्वदेशी मंत्र को अपनायें।

माननीय प्रधानमंत्री जी को देश के नागरिकों से उक्त आग्रह इसलिए करना पड़ा है क्योंकि वैश्विक स्तर पर परिस्थियां लगातार बिगड़ रही हैं। भारत चूंकि आर्थिक विकास के उस चक्र में आ गया है जहां छोटी सी चूक भी भारत में तेज गति से हो रहे आर्थिक विकास पर बहुत अधिक विपरीत प्रभाव डाल सकती है। इस कठिन दौर में भारत को बहुत संभल कर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। रूस यूक्रेन युद्ध लम्बे समय से लगातार चल रहा है, इजरायल हमास युद्ध जारी ही था कि अमेरिका ईरान के बीच युद्ध छिड़ गया। उधर, अमेरिका में ट्रम्प के राष्टपति बनने के साथ ही विभिन्न देशों से अमेरिका को होने वाले निर्यात पर टैरिफ की तलवार लगातार लटक रही है। वैश्विक स्तर पर इन विपरीत परिस्थितियों के बीच कई देशों के विदेशी व्यापार पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। इसमें भारत भी शामिल है, क्योंकि भारत अपनी कच्चे तेल की कुल खपत का 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सा अन्य देशों से आयात करता है। इसी प्रकार, भारत देश में स्वर्ण की कुल मांग का भी 90 प्रतिशत से अधिक भाग आयात करता है। विशेष रूप से, अमेरिका ईरान के बीच छिड़े युद्ध के बाद स्ट्रेट ओफ होर्मुज से कच्चे तेल की आपूर्ति लगभग ठप्प पड़ गई है। भारत में होने वाले कच्चे तेल की कुल आपूर्ति का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा इसी मार्ग से आता है। अतः भारत पर उक्त वर्णित परिस्थितियों का विशेष प्रभाव हुआ है। पिछले वर्ष भारत द्वारा 7,200 करोड़ अमेरिकी डॉलर का स्वर्ण आयात किया गया है, पिछले वर्ष की तुलना में यह 32 प्रतिशत अधिक है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्वर्ण की कीमतों में हुए तेज उछाल के चलते ही भारत के स्वर्ण आयात के बिल में 32 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है अन्यथा स्वर्ण आयात की मात्रा में कुछ कमी ही दर्ज हुई है। भारत के कुल आयात में कच्चे तेल के आयात की भागीदारी सबसे अधिक है, इसके बाद स्वर्ण के आयात की भागीदारी रहती है। इसके चलते भारत का विदेशी व्यापार घाटा लगातार बढ़ता जा रहा है। इसे, यदि समय रहते नहीं सम्भाला गया तो भारत के विदेशी मुद्रा भंडार पर अतिरिक्त दबाव आने लगेगा और अंतरराष्ट्रीय बाजार में रुपए की कीमत और अधिक नीचे आने लगेगी।

दूसरे, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने से कई देशों में मुद्रा स्फीति की दर लगातार बढ़ रही है एवं इसके कारण एवं ब्याज दरों में वृद्धि के चलते इन देशों में बांड यील्ड भी लगातार बढ़ रही है। आज, विभिन्न देशों में बांड यील्ड पिछले कई वर्षों के उच्च स्तर पर आ गई है। जैसे, अमेरिका में 10 वर्षीय बांड यील्ड 4.80 प्रतिशत के उच्च स्तर से भी ऊपर पहुंच गई है, ब्रिटेन में 5.25 प्रतिशत (पिछले 18 वर्षों के उच्चत्तम स्तर पर है), फ्रान्स में 4.24 प्रतिशत (पिछले 17 वर्षों के उच्चत्तम स्तर पर है), जर्मनी में 3.37 प्रतिशत (पिछले 15 वर्षों के उच्चत्तम स्तर पर है), जापान में 2.99 प्रतिशत जहां पर शून्य प्रतिशत हुआ करती थी (पिछले 30 वर्षों के उच्चत्तम स्तर पर है), कनाडा में 3.75 प्रतिशत, ब्राजील में 14.56 प्रतिशत, ऑस्ट्रेलिया में 5.23 प्रतिशत, सिंगापुर में 2.40 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया में 4.41 प्रतिशत एवं भारत में 6.98 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई है। यदि विकसित देशों में यदि मुद्रा स्फीति की दर और अधिक बढ़ती है तो इसे नियंत्रण में लाने के उद्देश्य से ब्याज की दरों को बढ़ाया जा सकता है इससे इन देशों में बांड यील्ड और अधिक बढ़ेंगी, जिसके चलते भारत जैसी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं से विदेशी मुद्रा में किए गए निवेश की निकासी होगी और यह राशि विकसित देशों में हस्तांतरित होगी क्योंकि इन देशों में बांड यील्ड आकर्षक स्तर पर पहुंच गई है। इन परिस्थितियों के बीच यदि भारत से भी विदेशी मुद्रा निवेश की निकासी प्रारम्भ होती है तो भारत के विदेशी मुद्रा भंडार पर अतिरिक्त दबाव आएगा और अंतरराष्ट्रीय बाजार में रुपए के मूल्य में तेज गिरावट दृष्टिगोचर होगी जिससे भारत में आयात और अधिक महंगे होने लगेंगे, इस प्रकार भारत में आयातित मंहगाई की अतिरिक्त मार पड़ेगी। इस बढ़ी हुई मंहगाई को नियंत्रित करने के लिए भारत को भी मजबूर होकर ब्याज दरों में वृद्धि करना होगी। ब्याज दरों में वृद्धि का विपरीत प्रभाव देश की सरकार द्वारा जारी किए जाने वाले बांड पर अदा की जाने वाली ब्याज की राशि पर भी पड़ता है, इससे सरकारों को अपने बजट में से और अधिक राशि के भुगतान का प्रावधान ब्याज के रूप में करना होता है और अपने पूंजीगत खर्चों एवं जनता की भलाई के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर पर खर्च की जाने वाली राशि में कटौती करनी होती है। लम्बे समय तक चलने वाले अधिक ब्याज दर के साइकल से देश में मंदी की आशंका भी बढ़ती है। विकसित देश आज इस समस्या से झूझते हुए दिखाई दे रहे हैं। भारत को इस दबाव से बचाने की आवश्यकता है।

तीसरे, भारत के पास आज 75,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक का विदेशी मुद्रा भंडार मौजूद है। जापान के पास 1.2 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर एवं चीन के पास 3.4 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार उपलब्ध है। भारत अपने विदेशी मुद्रा भंडार को एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर तक ले जाना चाहता है क्योंकि इससे भारत को भविष्य में विदेशी व्यापार में होने वाली किसी भी प्रकार की परेशानी से बचाया जा सकेगा। यह तभी सम्भव हो सकेगा, जब भारतीय नागरिक विदेशी मुद्रा का सोच समझकर उपयोग करें। स्वर्ण की खरीद से, विदेश में पर्यटन करने से एवं विदेश में शादियों के कार्यक्रम आयोजित करने से विदेशी मुद्रा का खर्च बढ़ता है जिससे भारत के विदेशी मुद्रा भंडार कम होते हैं।

चौथे, भारतीय नागरिकों में स्वर्ण के प्रति आकर्षण कुछ अधिक मात्रा में ही है। यह सही है कि स्वर्ण भविष्य में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करता हुआ दिखाई देता है परंतु देश के विकास की दृष्टि से यह सुप्त मुद्रा के रूप में ही देखा जाता है। स्वर्ण में किए गए निवेश पर किसी भी प्रकार की आय का अर्जन नहीं होता है क्योंकि स्वर्ण में निवेश की गई राशि उत्पादक निवेश की श्रेणी में नहीं गिनी जाती है। एक अनुमान के अनुसार भारतीय परिवारों के पास लगभग 25,000 टन से अधिक का स्वर्ण भंडार मौजूद है, जिसकी बाजार कीमत लगभग 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है, जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 125 प्रतिशत है। इतनी भारी भरकम राशि का निवेश निष्क्रिय एवं अनुत्पादक अस्तियों में होने के चलते लाखों करोड़ रुपए की राशि पर किसी प्रकार की आय का अर्जन नहीं हो रहा है। यदि इसी निवेश को उत्पादक कार्यों में लगाया जाय तो देश की अर्थव्यवस्था को और अधिक गतिशील एवं प्रभावशाली बनाया जा सकता है। अतः भारत में यह लगातार प्रयास किया जा रहा है कि निवेश को अनुत्पादक अस्तियों में घटा कर उत्पादक अस्तियों में लगाया जाय।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज सुख और आनंद बना रहेगा। आर्थिक क्षेत्र में प्रगति होगी। पारिवारिक जीवन में सुख और आनंद का संयोग बनेगा। दोस्तों और परिवार के साथ यात्रा की योजना बन सकती है।

**वृषभ**
आज कला की ओर रुझान बढ़ेगा। अगर आप दोस्तों और परिजनों से सहयोग मांगेंगे तो आपको आसानी से मिल जाएगा। कला के क्षेत्र में आपका रुझान बढेगा।

**मिथुन**
आज पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा ।दिन पारिवारिक जीवन के मामले में सुखद रहेगा। आपको किसी सगे संबंधी अथवा मित्र की मदद दे लिए आगे आना पड़ सकता है।

**कर्क**
आजआर्थिक मामलों में किए गए प्रयास में सफलता पाएंगे। आज आप आर्थिक मामलों में किए गए प्रयास में सफलता प्राप्त करेंगे। पारिवारिक क्षेत्र में आपको मान सम्मान मिलेगा।

**सिंह**
आज आपको भाग्य का सपोर्ट मिलेगा ।दिन प्रभाव और सामाजिक सम्मान बढाने वाला रहेगा। चतुर वाणी और कूटनीति से आप अपना काम निकलवाने में सफल रहेंगे।

**कन्या**
आज, पुराने लेनदेन को निपटाने में आप सफल रहेंगे। आपके लिए लाभ और उन्नति का संयोग बनता दिख रहा है। आपको एक से अधिक स्रोत से फायदा मिलेगा।

**तुला**
आज, कला और रचनात्मकता का फायदा मिलेगा। दिन मानसिक उलझन को बढाने वाला रहेगा। पारिवारिक जीवन में प्रेम और आपसी सामंजस्य भी बना रहेगा।

**वृश्चिक**
आज, कार्यक्षेत्र में आपको प्रोत्साहन मिल सकता है। दिन आर्थिक रुप लाभदायक रहेगा। कामकाज में तेजी बनी रहेगी। दोस्तों और सहकर्मियों से आपको सहयोग भी मिलेगा।

**धनु**
आज, छोटी-छोटी बातों पर क्रोध आ सकता है ।दिन मानसिक उलझन भरा रह सकता है। चंद्रमा का गोचर छठे भाव में होने से मन आपका किसी न किसी बात को लेकर खिन्न हो सकता है।

**मकर**
आज, आपको कोई प्रसन्नतादायक सूचना मिलेगी ।आपको लाभ और उन्नति का मौका मिलता रहेगा। करियर और कार्यक्षेत्र में आपको प्रगति का अवसर मिलेगा।

**कुंभ**
आजअपेक्षित लाभ और सहयोग मिल पाएगा ।आपको सुख सुविधा से जुड़ी हुई वस्तुओं की प्राप्ति होगी। कार्यक्षेत्र में आपको कुछ नए अवसर भी प्राप्त होंगे।

**मीन**
आज पूर्व में किए गए निवेश का फायदा मिल सकता है। आर्थिक मामले में आपको प्रयास का पूरा लाभ मिलेगा। पूर्व में किए गए निवेश का भी आपको फायदा मिल सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### गांधी जयंती पर महात्मा गांधी के विचारों को अपनाने का संदेश

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गंगा देवी महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं समाजशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गांधी जयंती समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्या प्रो. श्यामा राय ने महात्मा गांधी के जीवन एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं से सत्य, अहिंसा, सेवा एवं गांधीवादी मूल्यों को जीवन में अपनाने का आह्वान



किया। राजनीति विज्ञान विभाग की डॉ. श्वेता शर्मा ने सत्याग्रह, ट्रस्टीशिप एवं चंपारण आंदोलन सहित गांधीजी के विभिन्न योगदानों पर चर्चा की। डॉ. वंदना ने गांधीजी की विचारधारा, अहिंसा एवं ट्रस्टीशिप के सिद्धांतों की व्याख्या की, जबकि अर्थशास्त्र विभाग की डॉ. अनीता श्रीवास्तव ने गांधीजी के सामाजिक एवं आर्थिक विचारों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। समाजशास्त्र विभाग की डॉ. मनीषा कुमारी एवं डॉ. मंजरी शुक्ला ने भी कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एन एस एस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. दीक्षा सिंह के समन्वय में अनेक स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

### घर के बाहर से बाइक चोरी, दर्ज कराई प्राथमिकी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के पटेल नगर मोहल्ले में अज्ञात चोरों ने घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ली। पीड़ित ने थाने में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। पीड़ित ब्रज किशोर कुमार, उम्र 39 वर्ष, पिता सुरेन्द्र सिंह मूल रूप से चौरी,दाउदनगर, औरंगाबाद के निवासी हैं। वर्तमान में वह मसौढ़ी के पटेल नगर में विमल सिंह के मकान में किराए पर रहते हैं। आवेदन के अनुसार रात करीब 9 बजे वह अपनी मोटरसाइकिल घर के दरवाजे के बाहर लगाकर खाना खाने चले गए थे। सुबह 5 बजे उठकर देखा तो बाइक गायब थी। आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चला। पीड़ित का कहना है कि अज्ञात चोरों ने उसकी बाइक चोरी कर ली है। पुलिस आवेदन के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है।

### महिला से मारपीट, दो के खिलाफ थाने में केस दर्ज

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव में एक महिला के घर में घुसकर गाली-गलौज और मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने थाने में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष को दिए आवेदन में पीड़िता नीतू देवी (33), पति विजेन्द्र पंडित, साकिन दौलतपुर ने बताया है कि करीब 10 बजे दिन में वह अपने घर पर बैठी थी, तभी गांव के ही दो युवक उसके घर पर चढ़ आए और गाली-गलौज करने लगे। आरोपितों की पहचान बजरंग कुमार (27) और संतोष पंडित (30), दोनों पिता निवेनी पंडित, साकिन दौलतपुर के रूप में की गयी है। पीड़िता का आरोप है कि जब उसने गाली देने से मना किया तो दोनों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और धमकी देते हुए कहा कि रास्ते पर चलना मुश्किल कर देंगे।इस संबंध में पीड़िता ने 1 अक्टूबर 2026 को मसौढ़ी थाने में आवेदन देकर जांच कर आरोपितों पर कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

### बैंककर्मी से मोबाइल झपटकर भागे बदमाश, केस दर्ज

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र में बाइक सवार बदमाशों द्वारा बैंककर्मी का मोबाइल छीनकर भागने का मामला सामने आया है। पिडित उमाकांत कुमार उम्र 41 वर्ष, पिता झोपड़ी दास, ग्राम+पोस्ट सिहि, थाना दुल्हिनबाजार, जो धनरूआ स्थित बैंक में कार्यरत हैं, ने थाने में आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि दोपहर करीब 3.20 बजे वह फील्ड विजिट के लिए किस्तीपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान काइनेसिस स्कूल के पास बाइक पर सवार तीन अज्ञात युवकों ने उनके कुर्ते की ऊपरी जेब से सैमसंग गैलेक्सी मोबाइल छीन लिया और फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर धनरूआ पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ छिनतई का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पानी गिराने के विवाद मामले का अभियुक्त गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** घोसवरी थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में कार्रवाई करते हुए प्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गोसाई गांव निवासी कटपीस यादव के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार मामला इसी वर्ष 11 फरवरी का है। पानी गिराने को लेकर हुए विवाद में आरोपी पर पड़ोसी के साथ मारपीट करने और कुदाल से जानलेवा हमला करने का आरोप है। घटना के बाद पीड़ित पक्ष की शिकायत पर घोसवरी थाना में मामला दर्ज किया गया था।पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी कटपीस यादव को गिरफ्तार किया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### डिग्री कॉलेज और अनुमंडल अस्पताल की बदहाली को लेकर वार्ड पार्षदों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी में बुनियादी सुविधाओं की कमी को लेकर नगर परिषद के वार्ड पार्षदों ने मसौढ़ी विधायक को दो अलग-अलग ज्ञापन सौंपे हैं। एक ज्ञापन में सरकारी डिग्री कॉलेज की मांग की गई है तो दूसरे में मसौढ़ी अनुमंडल अस्पताल की दयनीय स्थिति में सुधार की मांग उठाई गई है।



पार्षदों ने कहा कि मसौढ़ी अनुमंडल में एक भी सरकारी डिग्री कॉलेज नहीं है। यहाँ से हर वर्ष कई हजार छात्र इंटरमीडिएट पास कर स्नातक में नामांकन लेते हैं। वर्तमान में सभी कॉलेज वित्त रहित हैं जहाँ न नियमित कक्षा चलती है, न शिक्षकों को नियमित वेतन मिलता है। इससे उच्च शिक्षा का स्तर गिर रहा है जो समाज और देश के भविष्य के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने जल्द पूर्ण सरकारी डिग्री कॉलेज खुलवाने की मांग की। दूसरे ज्ञापन में कहा गया है कि मसौढ़ी अनुमंडलीय अस्पताल की व्यवस्था अत्यंत दयनीय है। छोटी से बड़ी बीमारी के लिए मरीजों को जिला मुख्यालय या निजी हॉस्पिटल जाना पड़ता है। दुर्घटना या गंभीर बीमारी में प्राथमिक उपचार के बाद आगे का समुचित इलाज नहीं है, क्ळव वार्ड की स्थापना की जाय।महिला प्रसूति की उचित व्यवस्था नहीं है, सामान्य प्रसूति तो हो जाती है परन्तु सिजेरियन प्रसूति नहीं हो पा रही है। अधिकांश मरीजों को प्रतिदिन अल्ट्रासाउंड की सुविधा नहीं मिल रही है।ओ.पी.डी. में चिकित्सक केवल हाल चाल पूछ कर दवा लिख देते हैं, उपकरणों द्वारा समुचित जाँच नहीं की जाती। तैनात डॉक्टरों की संख्या के अनुपात में उपस्थिति बहुत कम रहती है, सभी डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाय।

# गोदाम का ताला तोड़ 250 बोरा अनाज लेकर भागे चोर

**ढाई लाख का नुकसान, 2 महीना पहले भी नदवां बाजार से भी अनाज की चोरी**





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र में चोरों ने अब गोदामों में रखे अनाज को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। ताजा मामला नदवां-ओपी क्षेत्र के दून ग्लोबल स्कूल के समीप स्थित एक गोदाम का है, जहां बीती रात ताला तोड़कर चोर 250 बोरा अनाज पिकअप पर लादकर फरार हो गए। पीड़ित महेश साव उर्फ साधु जी, पिता सत्यनारायण, साकिन तेतरी, धनरुआ ने बताया कि शनिवार सुबह उन्हें सूचना मिली कि उनके गोदाम का ताला टूटा हुआ है। आनन-फानन में गोदाम पहुंचे तो देखा कि सारा सामान बिखरा पड़ा है। गोदाम से करीब 200 बोरा मकई और 50 बोरा खेसारी, कुल 250 बोरा अनाज गायब था। चोरी गए अनाज की कीमत ढाई से तीन लाख रुपये आंकी जा रही है। प्लीज ने बताया कि 10 -12 साल से यहीं पर हम अपने अनाज का गोदाम बनाए हुए हैं, यही से नदवां बाजार स्थित दुकान के लिए अनाज की बोरी की सप्लाई करते हैं।बहरहाल सूचना पर डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। धनरुआ थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पीड़ित ने बताया कि दो महीने पहले भी नदवा बाजार स्थित उनके गोला से कई बोरा अनाज चोरी हो चुका है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से व्यापारियों में दहशत है। दुकानदारों ने रात्रि पुलिस गश्ती बढ़ाने की मांग की है।

## हाथीदह में नए डबल लेन रेलवे पुल का काम लगभग पूरा

**सुरक्षा जांच के बाद शुरू होगा ट्रेनों का परिचालन**



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हाथीदह में बन रहे नए डबल लेन रेलवे पुल का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो गया है। पुल पर इंटरलॉकिंग का काम भी पूरा हो चुका है। फिलहाल रेलवे के सेफ्टी कमिश्नर की मौजूदगी में पुल का निरीक्षण और तकनीकी जांच की जा रही है।दानापुर रेल मंडल के डीआरएम विनोद कुमार के अनुसार, पुल की सुरक्षा जांच शनिवार से शुरू हुई है, जो रविवार तक चलेगी। कमिश्नर की मंजूरी मिलते ही नए पुल पर ट्रेनों का परिचालन शुरू कर दिया जाएगा। नए पुल पर सिंगल लाइन के साथ दो अतिरिक्त रेल लाइनें भी बनाई गई हैं, जिससे ट्रेनों के परिचालन में सुविधा होगी और रेल यातायात की क्षमता बढ़ेगी।इधर, हथीदह अपर जंक्शन के प्लेटफॉर्म निर्माण का कार्य भी अंतिम चरण में पहुंच गया है। प्लेटफॉर्म से जुड़े बाकी कार्यों को तेजी से पूरा किया जा रहा है।यह परियोजना उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच रेल कनेक्टिविटी के लिहाज से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। नए पुल के शुरू होने के बाद ट्रेनों का परिचालन अधिक सुगम होने और यात्रियों को सुविधा मिलने की उम्मीद है।

## दुर्गा पूजा को लेकर पिपरा थाना में शांति समिति की बैठक



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर पिपरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना अध्यक्ष प्रिंस कुमार ने की। बैठक में क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि, पूजा पंडाल समिति के सदस्य, स्थानीय गणमान्य लोग और बुद्धिजीवी वर्ग के लोग मौजूद रहे। थाना अध्यक्ष ने पूजा को लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक और जिला प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरा, अग्निशमन यंत्र, प्रवेश और निकास द्वार की समुचित व्यवस्था रखना अनिवार्य होगा। डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और निर्धारित ध्वनि सीमा का पालन करना होगा। भीड़ नियंत्रण के लिए वालंटियर की तैनाती और महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। थाना अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि अफवाह फैलाने वालों और सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पूजा के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। मौके पर लोगों ने भी अपने-अपने सुझाव रखे। सभी ने प्रशासन को सहयोग कर पूजा को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का भरोसा दिलाया।

### मध्य बिहार ग्रामीण बैंक में एक सप्ताह से लिंक फेल, ग्राहकों ने किया हंगामा

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ के पभेड़ी मोड़ स्थित मध्य बिहार ग्रामीण बैंक में पिछले एक सप्ताह से लिंक फेल रहने के कारण ग्राहकों में भारी आक्रोश है। लिंक फेल होने से बैंक का सारा कामकाज ठप पड़ा है, जिससे खाताधारकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को नाराज ग्राहकों ने बैंक मैनेजर के चैंबर में घुसकर हंगामा किया। ग्राहकों का कहना है कि वे रोजाना बैंक के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन पैसे की निकासी नहीं हो पा रही है। इस संबंध में रोहित, पशुपति कुमार, रणजीत कुमार, गुड़िया कुमारी सहित कई ग्राहकों ने बताया कि प्रतिदिन बैंक आ रहे हैं, लेकिन लिंक फेल के कारण पैसा नहीं निकल रहा है। इससे उनके जरूरी काम बाधित हो रहे हैं। वहीं बैंक मैनेजर ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से लिंक फेल है। नेटवर्क की समस्या के कारण लेन-देन नहीं हो पा रहा है। सोमवार तक लिंक दुरुस्त होने की उम्मीद है।

## पानी भरे गड्ढे में ऑटो पलटा, 25 वर्षीय युवक की मौत, जितिया पर्व पर गांव में मातम



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र के पाकरड तर पुलिया के पास शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। अनियंत्रित होकर एक ऑटो सड़क किनारे पानी से भरे गड्ढे में पलट गया, जिसमें सवार 25 वर्षीय युवक संदीप कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक बड़की धमौल गांव के निवासी मुन्ना कुमार का पुत्र बताया जा रहा है। घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि साइकिल वाले को बचाने के दौरान टेंपू अचानक असंतुलित होकर पाकड तर पुलिया के पास सड़क किनारे बने गहरे पानी भरे गड्ढे में जा गिरा। जहां टेंपो उसके ऊपर सीने पर ही गिर गई जहां उसकी मौत मौके पर ही हो गई अन्य भी कई लोग जख्मी हुए हैं, टेंपो पर पांच लोग सवार थे जो बड़की धमौल जा रहे थे, दरअसल बड़की धमौल में बने मंदिर में दुर्गा पूजा को लेकर विदेशिया नाच का कार्यक्रम होना है, उसी कार्यक्रम के लिए सट्टा को लेकर सभी टेंपो पर बैठकर कुल पांच लोग जा रहे थे,उसी दौरान एक साइकल सवार विपरीत दिशा मे आ रहा था,उसी को बचाने के क्रम मे यह हादसा हुआ, बहरहाल हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलते ही धनरुआ पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद शव को पानी से बाहर निकाला। पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है। इधर घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जवान बेटे की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है। पूरे बड़की धमौल गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

## ए एन कॉलेज में गांधी जयंती पर स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित





**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गांधी जयंती के अवसर पर ए.एन. कॉलेज, पटना की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा - From Sankalp to Action' थीम के अंतर्गत स्वच्छता शपथ, श्रमदान, विशेष सफाई अभियान तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के बहिष्कार को लेकर जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत द्वारा छात्र-छात्राओं एवं एनएसएस स्वयंसेवकों को कहा कि स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि एक संस्कार है। उन्होंने महात्मा गांधी के स्वच्छता, सत्य, अहिंसा और स्वावलंबन के विचारों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण प्रदूषण और प्लास्टिक की बढ़ती समस्या के बीच गांधी जी के विचार समाज को नई दिशा दे सकते हैं।अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने श्रमदान करते हुए परिसर को स्वच्छ रखने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से बचने के प्रति जागरूकता फैलायी। अभियान में प्रो. शैलेश कुमार सिंह, बर्सर डॉ. अभिषेक दत्ता, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. नवीन कुमार, डॉ. अमृता चक्रवर्ती एवं डॉ. शीरीन मसरूर की विशेष भूमिका रही।इस अवसर पर डॉ. कुमार वरुण, डॉ. विद्या भूषण, डॉ. शालिनी, डॉ. कुमकुम रानी एवं डॉ. मनोज कुमार सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### कोर्ट के आदेश पर जमीन विवाद में चार पर केस

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के भीमपुरा गांव में पैतृक संपत्ति विवाद को लेकर हुए खूनी संघर्ष के मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने चार लोगों पर जानलेवा हमला, लूट और रंगदारी का केस दर्ज किया है। अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मसौढ़ी के आदेश पर मसौढ़ी थाना कांड संख्या 924/26 दर्ज किया गया है। परिवादी कुन्दन कुमार पिता बैजनाथ राम साकिन भीमपुरा ने बताया कि वह अपने पैतृक घर गया था, जिस पर आरोपी राजेश राम उर्फ पुटू ने कब्जा कर रखा है। घर में घुसते ही राजेश राम उर्फ पुटू, आलोक उर्फ राजा, संध्या कुमारी और मंजु देवी ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध पर राजेश ने पिस्टल से फायर कर दिया। गोली मिस होने पर आलोक ने पिस्टल के बट से परिवादी के चेहरे पर वार कर दिया, जिससे उसका कान कट गया। बीच-बचाव करने आए बड़े भाई और वृद्ध पिता को भी बट से मारकर बेहोश कर दिया गया।

## छापेमारी करने गई पिपरा पुलिस टीम पर हमला, गिरफ्तार पांच शराब तस्करों को जबरन छुड़ाया

**जमकर चले ईट पत्थर, तीन पुलिस जवान जख्मी, पुलिस वाहन के शीशे तोड़े**







**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिपरा थाना क्षेत्र के बेहरवां चकिया गांव में शराब तस्करों का दुस्साहस सामने आया है। शनिवार की देर शाम करीब 8 बजे शराब छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर शराब माफियाओं ने हमला बोल दिया। ईट-पत्थर से हमला कर 5 शराब तस्करों को पुलिस हिरासत से जबरन छुड़ा लिया गया। इस हमले में तीन पुलिसकर्मी जख्मी हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार पिपरा पुलिस को सूचना मिली थी कि बेहरावां चकिया में शराब का कारोबार चल रहा है। इसी सूचना पर पुलिस टीम छापेमारी करने गई थी। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 20 लीटर देसी शराब के साथ 5 तस्करों को मौके पर पकड़ लिया था। इसी दौरान तस्करों को छुड़ाने के लिए अचानक दर्जन भर लोगों ने पुलिस टीम पर धावा बोल दिया। अंधेरे का फायदा उठाकर ईट-पत्थर चलाने लगे और पुलिस के साथ मारपीट की। हमले में पुलिस को संभलने का मौका तक नहीं मिला। हमलावरों ने पुलिस वाहन में भी तोड़फोड़ की। घटना की पुष्टि करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राघव दयाल ने बताया कि देर शाम छापेमारी में 5 लोगों को पकड़ा गया था, जिन्हें छुड़ाने के लिए भीड़ ने पुलिस पर हमला कर दिया। तीन पुलिसकर्मी चोटिल हुए हैं। घटना के बाद थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने कांड में संलिप्त सभी लोगों की पहचान कर ली है। बेरमा चकिया में शराब तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

## सड़क दुर्घटना में महिला की मौत, ग्रामीणों ने सड़क जाम कर की मुआवजे की मांग



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सकसोहरा थाना क्षेत्र के छिलका के पास सड़क दुर्घटना में महिला की मौत के बाद शनिवार को परिजनों और ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। महिला का शव जैसे ही घर पहुंचा, बड़ी संख्या में ग्रामीण सड़क पर उतर आए और सड़क जाम कर मुआवजे की मांग करने लगे। इस दौरान करीब आधे घंटे तक आवागमन बाधित रहा। ग्रामीणों का कहना था कि मृतका अंजलि देवी परिवार की जिम्मेदारी संभालती थीं। उनके परिवार में चार पुत्रियां और एक पुत्र हैं। महिला की मौत के बाद बच्चों के भरण-पोषण की जिम्मेदारी को लेकर परिजन चिंतित हैं। इसी को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल मुआवजा दिलाने की मांग की। आक्रोशित ग्रामीण सड़क पर टायर जलाकर भी अपना विरोध जताते रहे।सड़क जाम की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित परिजनों तथा ग्रामीणों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया। सकसोहरा थानाध्यक्ष शुभम सुमन ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद नियमानुसार मुआवजे की राशि दिलाने की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन और पुलिस के आश्वासन के बाद परिजन और ग्रामीण शांत हुए और सड़क जाम समाप्त कर दिया गया। वहीं परिजन दुर्घटना में शामिल सीएनजी वाहन और उसके चालक की पहचान कर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। परिजनों का कहना था कि जिस सीएनजी वाहन की चपेट में आने से अंजलि देवी की मौत हुई, उसकी पहचान कर चालक को गिरफ्तार किया जाए। थानाध्यक्ष शुभम सुमन ने परिजनों को आश्वासन दिया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जाएंगे।

## अपने पुत्र की लंबी उम्र के लिए माताओं ने रखा जितिया व्रत, मंदिरों में उमड़ी भीड़



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अपने पुत्र की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और मंगल कामना को लेकर मसौढ़ी में माताओं ने शनिवार को निर्जला जितिया व्रत रखा। इस पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखा गया। सुबह से ही घर-घर में व्रत की तैयारी और पूजा-पाठ का माहौल बना रहा। जिउतिया पर्व हिन्दू धर्म में आस्था का सबसे बड़ा पर्व माना जाता है। माताएं अपने संतान की दीघार्यु के लिए 24 घंटे निर्जला उपवास रखती हैं। मसौढ़ी के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में महिलाओं ने सामूहिक रूप से जीमूतवाहन भगवान की कथा सुनी और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना की।पूजा कर रही महिलाओं में श्यामा देवी, चंपा किरण, चमेली उर्फ बंदना कुमारी, आरती कुमारी, प्रतियुषा कुमारी, पुष्पलता कुमारी, डॉली कुमारी, इंदु कुमारी आदि ने उत्साह पूर्वक पूजा अर्चना की। गौरतलब है की मसौढ़ी के पुनपुन नदी घाट, देवी मंदिर और विभिन्न तालाब किनारे सुबह से ही महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाओं ने टोकरी में सियार, चील और गिद्ध के प्रतीक के साथ पूजा की। जितिया पर्व की मान्यता है कि इसी दिन गिद्ध और सियारिन ने भी अपने बच्चों की रक्षा के लिए व्रत रखा था। नगर परिषद क्षेत्र के अलावा धनरूआ, पुनपुन, मसौढ़ी प्रखंड के विभिन्न गांवों में महिलाओं ने समूह में कथा सुनी। शाम में महिलाओं ने नहाय-खाय के साथ व्रत का शुभारंभ किया। अगले दिन व्रती महिलाएं पारण करेंगी। पर्व को लेकर बाजारों में भी रौनक रही। पूजन सामग्री, फल-फूल और श्रृंगार की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ देखी गई।

## 'पाठ्यक्रम में शामिल हो महात्मा गांधी की आत्मकथा'

**बापू की जयंती पर मसौढ़ी गांधी मैदान में संकल्प सभा में उठी मांग**



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी की जयंती पर एक और जहां विभिन्न सरकारी स्कूलों में कई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं वही मसौढ़ी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में भव्य संकल्प सभा का आयोजन किया गया। सभा में गांधीवादियों ने मांग उठाई कि महात्मा गांधी के विचार और उनकी आत्मकथा को कक्षा एक से आठ तक के स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए, ताकि नई पीढ़ी बापू के दर्शन को जान सके।गौरतलब है कि देश को आजादी मिलने के तीसरे सप्ताह बाद राष्ट्रपिता महात्मा गांधी मसौढ़ी आए थे। यहां भड़क रही सांप्रदायिक हिंसा को उन्होंने शांत कराया था और आपसी सद्भाव का संदेश दिया था। तब से हर साल गांधी जयंती और पुण्यतिथि पर गांधी मैदान में संकल्प सभा मनाई जाती है। शुक्रवार को भी लोगों ने गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आज के दिन हम सबको संकल्प लेना चाहिए कि गांधी जी के विचार और दर्शन को आत्मसात करें। गांधी जी ने स्वच्छता का जो संदेश दिया था, उसे जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है। कांग्रेस की वरीय नेता इंद्रमणि देवी ने कहा कि जब गांधी जी दांडी यात्रा पर निकले थे तो उनके साथ 78 लोग थे, लेकिन दांडी पहुंचते-पहुंचते काफिला किलोमीटर लंबा हो गया था। मोहम्मद आरिफ राज साहिल ने कहा कि गांधी जी ने सांप्रदायिक दंगों को रोकने के लिए 6 दिन का अनशन किया था, जिससे दंगे तो रुक गए लेकिन वे अपनी मृत्यु को नहीं रोक सके। नवल भारती ने कहा कि बापू की शहादत को याद करते हुए सभी को लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का संकल्प लेना चाहिए। वक्ताओं ने बताया कि आजादी के बाद गांधी जी मसौढ़ी गांधी मैदान में सभा करने के बाद नूरा में और धनरूआ के वीर में हुए दंगे को शांत कराने गए थे।सभा में मसौढ़ी वासियों ने महात्मा गांधी के नाम पर पुस्तकालय बनवाने की भी मांग की। मौके पर इंद्रमणि देवी, अरफराज साहिल, नवल भारती, अनामी सिंह, धीरू यादव, सोहन चंद्रवंशी, अलख नारायण पांडे,संतोष कुमार अनमोल,संतोष यादव, समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### खड़े ट्रक से टकराई बाइक, चालक घायल

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रसूलपुर थाना क्षेत्र के छपरा-सिवान नेशनल हाईवे-531 पर रसूलपुर मछरीहट्टा के पास शनिवार शाम सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से अंधेरे के चलते अनियंत्रित होकर बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही रसूलपुर थाने की डायल-112 पुलिस टीम और स्थानीय लोगों ने घायल को उपचार के लिए एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। सीएचसी में ड्यूटी पर तैनात डॉ इरफान अहमद ने स्वास्थ्य कर्मियों की मदद से घायल का प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, छपरा रेफर कर दिया गया। बताया गया कि बाइक सवार के सिर और सीने में चोट लगी है। घायल की पहचान रसूलपुर थाना क्षेत्र के अठडिला गांव निवासी स्वर्गीय सीताराम यादव के पुत्र लाल बहादुर यादव (55) के रूप में हुई है। इसके पूर्व एकमा सीएचसी परिसर में उपचार के दौरान क्षेत्र की नजदीकी परिजनों व शुभचिंतकों की कुशलक्षेम जानने के लिए भीड़ जमा हो गई।



### जनता दरबार में आए पांच नए आवेदन, दो का निष्पादन

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंचल कार्यालय एकमा में शनिवार को भूमि एवं राजस्व से जुड़े मामलों के निष्पादन को लेकर जनता दरबार आयोजित किया गया। सीओ रवि शेखर की मौजूदगी में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं और संबंधित मामलों के निपटारे के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई। जनता दरबार में भूमि एवं राजस्व से संबंधित पांच नए आवेदन प्राप्त हुए, जबकि पूर्व से लंबित दो मामलों का निष्पादन किया गया। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को सुनने के बाद संबंधित अभिलेखों एवं दोनों पक्षों से प्राप्त जानकारी के आधार पर मामलों के निष्पादन की प्रक्रिया पूरी की। इस दौरान आरओ रामप्रवेश साहू, कार्यालय क्लर्क संजीत कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे। एकमा थाना से एसआई नितेश कुमार भी जनता दरबार में उपस्थित रहे। अधिकारियों ने फरियादियों को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया।



### यमुना सीकरिया ने स्मिथ मच्छार के स्वास्थ्य के लिये की पूजा अर्चना

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उद्योगपति भाजपा नेता यमुना सीकरीया द्वारा अपने हनुमान मंदिर परिसर में भारतीय पायलट कप्तान स्मिथ मच्छार के जल्द स्वस्थ होने के लिए आरती पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश प्रवक्ता भाजपा नेता अखिलेश सिंह एवं अन्य लोगों ने भी आरती पूजन किया। सभी ने उनके जल्द स्वस्थ्य होने के लिए प्रार्थना की। अखिलेश सिंह ने कहा की उन्होंने बहुत बड़ी मानव त्रासदी को बचाया नहीं तो 9 /11 की घटना पुनरावीति करने की योजना थी इस साहसिक कृत से आज सभी भारतीय गर्वानवित है। दूसरी तरफ पूरा इजराइल भारतीयों के प्रति आभार व्यक्त कर रहा है। उन्होंने मच्छार जी की तुलना शिवाजी से करते हुए कहा इस युग के शिवाजी हैं। यमुना सीकरीया ने कहा भारतीय पायलट घायल होने के बावजूद भी अद्भुत साहस एवं धैर्य का परिचय दिया और साबित किया मानवता से ऊपर कुछ भी नहीं हैं भारतीय संस्कृति सदैव वसुधैव कुटुंबकम की बात करती है। प्रधानमंत्री मोदी की विचारधारा सदैव विश्व की जनकल्याण की रही है। आज हर भारतीय का सीना गर्व से ऊंचा है।



### अग्निशमन विभाग अलर्ट, पूजा समितियों के साथ बैठक

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला अग्निशमन कार्यालय, मोतिहारी में जिला अग्निशमन पदाधिकारी, मोतिहारी के अध्यक्षता में जिले के सभी दुर्गा पूजा समितियों के अध्यक्षों के साथ अग्नि सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में जिला अग्निशमन पदाधिकारी मो. आरिफुज्जमा द्वारा सभी पूजा समितियों को अग्नि सुरक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की गई। उन्होंने बताया कि त्यौहार के दौरान



भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर अग्नि दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है, इसलिए सुरक्षा मानकों का पालन करना अनिवार्य है।उन्होंने कहा कि बड़े पूजा पंडालों के लिए फायर एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) लेना अनिवार्य है। बिना ठडउ के पंडाल का निर्माण नहीं किया जाए। ठडउ के लिए ऑनलाइन आवेदन बिहार अग्निशमन सेवा के पोर्टल पर किया जा सकता है।

**बैठक में दिए गए मुख्य दिशा-निर्देश**

1. पंडाल में प्रवेश और निकास के लिए कम से कम दो अलग-अलग और चौड़े रास्ते होने चाहिए। 2. पंडाल के अंदर बिजली के तारों को व्यवस्थित रखें और ओवरलोडिंग से बचें। 3. पंडाल के अंदर ज्वलनशील सामग्री जैसे प्लास्टिक, कपड़ा, थमाकोल का उपयोग कम से कम करें। 4. प्रत्येक पंडाल में 2 से 4 अग्निशमन यंत्र एवं बालू से भरी बाल्टियाँ अनिवार्य रूप से रखें। 5. किसी भी आपात स्थिति में तुरंत अग्निशमन नियंत्रण कक्ष के नंबर 101 पर संपर्क करें। अंत में सभी पूजा समिति के अध्यक्षों ने अग्निशमन विभाग के द्वारा दिए गए सभी निदेशों का पालन करने का आश्वासन दिया।

# पत्नी की हत्या के बाद चाची पर भी धारदार हथियार से हमला







**ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़ कर पुलिस को सौंपा**

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भगवानपुर थाना क्षेत्र के हरिवंशपुर बांथू गांव में शुक्रवार की देर रात एक पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी । घटना को अंजाम देने घर के बाहर सो रही अपनी चाची पर भी धारदार हथियार से हमला कर दिया। जहाँ महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद आसपास के लोग जुड़ गए । स्थानी लोगों की मदद से घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां महिला की हालत गभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर किया गया है। इधर घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पकड़ा गया आरोपी की आरोपी की पहचान दिलीप मांझी के रूप में हुई है। इस संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया ,रात में खाना खाने के बाद दिलीप अपनी पत्नी चांदनी देवी और बच्चों के साथ सोने चला गया था। देर रात अचानक उसने अपनी पत्नी पर हमला कर दिया। इस दौरान खून के छींटे उसके बेटे पर भी पड़े, जिससे उसकी नींद खुल गई। आरोप है कि बेटे के जागने के बाद भी आरोपी ने उसे डरा-धमकाकर चुप करा दिया।इसके बाद आरोपी कमरे से बाहर निकला और घर के बाहर सो रही अपनी चाची धनमन्ती देवी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के दौरान आरोपी ने अपने पिता पर भी हमला करने का प्रयास किया, लेकिन पिता ने दरवाजा नहीं खोला और शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोगों को घटना की भनक लगी, जिसके बाद आरोपी मौके से भाग निकला। सुबह गांव में घटना की जानकारी मिलते ही काफी संख्या में लोग जुड़ गए। ग्रामीणों की मदद से आरोपी को पकड़ लिया गया ग्रामीण घटना की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद ग्रामीणों ने आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन के बाद मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया। जहां सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम के बाद शव को मित्रता के परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है साथ ही घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। इधर इस घटना के बाद गांव में मातम और दहशत का माहौल है।

## सारण में एयर ड्रॉपिंग के माध्यम से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचाई जा रही राहत सामग्री



**मुख्यमंत्री के निर्देश पर आपदा प्रबंधन विभाग ने गृह मंत्रालय तथा रक्षा मंत्रालय से समन्वय स्थापित कर की विशेष व्यवस्था**

**छपरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण जिले में बाढ़ के कारण प्रभावित एवं दुर्गम क्षेत्रों में राहत सामग्री की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए माननीय मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा गृह मंत्रालय व रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार से समन्वय स्थापित कर एयर ड्रॉपिंग की विशेष व्यवस्था की गई है। इस पहल का उद्देश्य बाढ़ प्रभावित उन क्षेत्रों में भी आवश्यक खाद्य सामग्री पहुंचाना है, जहां जलजमाव एवं बाढ़ के कारण सड़क मार्ग से राहत सामग्री पहुंचाना कठिन हो गया है। सारण जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में भारतीय वायु सेना के हेलिकॉप्टरों के द्वारा अब तक 15 उड़ानों में 5,600 से अधिक ड्राई राशन पैकेट के माध्यम से 28 टन से अधिक खाद्य सामग्री एयर ड्रॉप किए जा चुके हैं। एयर ड्रॉपिंग के माध्यम से प्रभावित परिवारों तक आवश्यक खाद्य सामग्री पहुंचाई जा रही है, जिससे बाढ़ के कारण सामान्य आवागमन बाधित होने की स्थिति में भी लोगों को समय पर राहत उपलब्ध हो सके। आपदा प्रबंधन विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति की लगातार निगरानी की जा रही है। प्रभावित आबादी की आवश्यकता के अनुसार राहत सामग्री उपलब्ध कराने के लिए सड़क मार्ग के साथ-साथ आवश्यकतानुसार वैकल्पिक माध्यमों का भी उपयोग किया जा रहा है। प्रशासन का प्रयास है कि बाढ़ प्रभावित प्रत्येक परिवार तक यथाशीघ्र आवश्यक राहत एवं खाद्य सामग्री पहुंचाई जाए। इस विशेष राहत अभियान में भारतीय वायु सेना की विभिन्न इकाइयों के पायलटों एवं कर्मियों द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है। एयर ड्रॉपिंग अभियान का संचालन ग्रुप कैप्टन अनुज गुप्ता एवं विंग कमांडर विशाल खत्री (गोरखपुर), स्क्वाड्रन लीडर रोहित दादरवाल एवं फ्लाइट लेफ्टिनेंट कुणाल कलमकर (बागडोगरा) तथा फ्लाइट लेफ्टिनेंट राठौड़ भरत सिंह (बागडोगरा) के नेतृत्व में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने इस चुनौतीपूर्ण समय में बिहार के बाढ़ प्रभावित लोगों तक राहत सामग्री पहुंचाने के लिए गृह मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार तथा भारतीय वायु सेना के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित किया जा रहा है।

**भारतीय वायु सेना के हेलिकॉप्टरों के द्वारा अब तक 15 उड़ानों में 5,600 से अधिक ड्राई राशन पैकेट के माध्यम से 28 टन से अधिक खाद्य सामग्री की गई एयर ड्रॉप**

# जिला भू-अर्जन कार्यालय का डीएम ने किया निरीक्षण

**आगंतुकों की सुविधा एवं स्वच्छ कार्यालय व्यवस्था सुनिश्चित करने का दिया निर्देश**



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला भू-अर्जन कार्यालय का डीएम ने निरीक्षण कर कार्यालय की कार्यप्रणाली, साफ-सफाई एवं आगंतुकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह ने कार्यालय परिसर एवं विभिन्न कक्षों का अवलोकन करते हुए उचित साफ-सफाई एवं सुव्यवस्थित कार्यालय व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि कार्यालय में आने वाले आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके लिए आगंतुकों के बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने, कार्यालय परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखने तथा नागरिकों के साथ सुविधाजनक एवं संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने कार्यालय में कार्यों के निष्पादन की स्थिति की भी जानकारी ली तथा संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों को कार्यालयीन कार्यों का समयबद्ध एवं सुचारु निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।उन्होंने स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन के सभी कार्यालयों में स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं जनहितैषी कार्य वातावरण बनाए रखना प्राथमिकता है, ताकि आमजन को सरकारी सेवाओं एवं कार्यों के निष्पादन में अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

## आरडीएम महाविद्यालय में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनी

**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** संपतचक स्थित आरडीएम महाविद्यालय परिसर में 3 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और सादगी के प्रतिमान पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती वैचारिक विमर्श और उत्साहपूर्ण सहभागिता के बीच मनाई गई। कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत प्राचार्या प्रो. (डॉ.) रिमझिम शील द्वारा दोनों विभूतियों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन करने के साथ हुई, जिसके बाद सांस्कृतिक सचिव डॉ. कविता पांडेय ने अपने संबोधन से कार्यक्रम की गरिमा रेखांकित की। इतिहास विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. मोहम्मद हुसैन गनी ने गांधीवादी जीवन-मूल्यों की समकालीन प्रासंगिकता पर गंभीर और प्रेरक वक्तव्य प्रस्तुत किया।

## जीकेसी का विश्वव्यापी सदस्यता अभियान शुरू

**शास्त्री जी कायस्थ समाज के गौरव : राजीव रंजन**

**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** देश के दूसरे प्रधानमंत्री के रूप में कायस्थ समाज ने सादगी और शुचिता के रूप में लाल बहादुर शास्त्री को दिया। शास्त्री जी देश के लिए अमूल्य धरोहर तो थे ही कायस्थ समाज के लिए भी गौरव थे। ये बातें शास्त्री और गांधीजी जयंती के संयुक्त अवसर पर जद यू के राष्ट्रीय प्रवक्ता और ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन ने जीकेसी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कही। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के व्यक्तित्व पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का आयोजन जीकेसी के पटना जिलाध्यक्ष मधुकर वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी। इस अवसर पर संगठन के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन ने नए सदस्यों को आनलाइन सदस्यता दिला कर विश्व व्यापी सदस्यता अभियान की शुरूआत की। मौके पर सदस्यता अभियान के प्रभारी निलेश रंजन ने बताया कि यह अभियान पूरे महीने भर चलेगा। जीकेसी ग्लोबल उपाध्यक्ष सह प्रदेश अध्यक्ष दीपक अभिषेक ने कहा कि आगामी 1 नवंबर को बिहार राज्य प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक पटना में की जा रही है। इसम भाग लेने के लिए राज्य के सभी जिलों से पटना में भारी संख्या में कायस्थ समाज का जुटान होगा। इसकी तैयारी जोर शोर से चल रही है। अंत में 20 दिसंबर को मुंबई में आयोजित हो रहा विराट कायस्थ समागम पर भी चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष दीपक अभिषेक ने आश्वासन दिया कि बिहार जीकेसी से भारी संख्या में कायस्थ मुंबई पहुँचेगे। इस अवसर पर मुकेश महान अनिल दास, डा कृष्ण गोपाल सिन्हा, बलराम श्रीवास्तव धनंजय प्रसाद, सुभाष्नि स्वरूप, मंजू स्वरूप, संघमित्रा सहाय, सुमन कुमार श्रीवास्तव, मुकुंद वर्मा, मणिभूषण प्रसाद, ओम श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव नीतेश कुमार, रवि भूषण प्रसाद, ऋचा वर्मा आदि उपस्थित थे।

## राधा मोहन सिंह को तीसरी बार बड़ी जिम्मेदारी

**संसद की रक्षा संबंधी स्थायी समिति के तीसरी बार बने अध्यक्ष**

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सांसद एवं पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह को संसद की रक्षा संबंधी स्थायी समिति का लगातार तीसरी बार अध्यक्ष बनाए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। यह अत्यंत गौरव की बात है कि इस महत्वपूर्ण समिति में राहुल गांधी, शकार्ति पी. चिदंबरम, महुआ मोइत्रा, पवन खेड़ा, कमल हासन, पार्थ अजीत पवार, धर्मेंद्र प्रधान, सुधांशु त्रिवेदी, उज्ज्वल निकम, अनिल बलूनी और जगदीश शेट्टार जैसे विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रमुख नेता एवं सांसद सदस्य हैं। ऐसे महत्वपूर्ण और बहुदलीय संसदीय मंच का नेतृत्व पुनः श्री सिंह को सौंपा जाना उनके दीर्घ संसदीय अनुभव, परिपक्वता, नेतृत्व क्षमता और सभी पक्षों के साथ संतुलित समन्वय में विश्वास का परिचायक है। श्री सिंह जी इससे पहले भी लगातार लगभग पांच वर्षों तक संसद की स्थायी समिति रेलवे के अध्यक्ष रहे हैं।

## बहुआरापट्टी में भाकपा ने मनाई महात्मा गांधी की 157वीं जयंती

**मढ़ौरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मढ़ौरा प्रखंड के बहुआरापट्टी गांव में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), मढ़ौरा अंचल के तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत महात्मा गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर की गई। भाकपा के जिला सचिव रामबाबू सिंह एवं कार्यकारिणी सदस्य प्रो. रजाक हुसैन ने बापू के चित्र पर माल्यार्पण कर समारोह का शुभारंभ किया। इसके बाद उपस्थित लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर महात्मा गांधी को श्रद्धापूर्वक नमन किया।

# टीबी मुक्त भारत के लिए जनभागीदारी और जागरूकता जरूरी : राधा मोहन सिंह



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** टीबी मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से मोतिहारी के रेडक्रॉस में आयोजित टीबी मुक्त भारत जागरूकता कार्यक्रम में सांसद एवं पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने यक्ष्मा (टीबी) मरीजों के बीच पोषण सहायता का वितरण किया तथा टीबी के प्रति जागरूकता, समय पर जांच और नियमित उपचार के महत्व पर प्रकाश डाला। सांसद श्री सिंह ने कहा कि टीबी का इलाज संभव है, इसलिए इसके लक्षणों को नजरअंदाज करने के बजाय समय पर जांच और चिकित्सकीय परामर्श लेना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक खांसी, बुखार, रात में पसीना आना, वजन कम होना, भूख में कमी अथवा लगातार कमजोरी जैसे लक्षण दिखाई देने पर तत्काल स्वास्थ्य केंद्र में जांच करानी चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम और प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के माध्यम से टीबी की पहचान, जांच, उपचार एवं रोकथाम के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। सरकार द्वारा टीबी मरीजों को उपचार के साथ पोषण संबंधी सहायता उपलब्ध कराने के लिए नि-क्षय पोषण योजना तथा समाज की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ह्यनि-क्षय मित्रह्ल पहल संचालित की जा रही है। श्री सिंह ने कहा कि टीबी के खिलाफ लड़ाई को जनभागीदारी का अभियान बनाना होगा। सरकार द्वारा निःशुल्क जांच एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। आधुनिक तकनीक के माध्यम से टीबी की शीघ्र पहचान के प्रयास भी किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि टीबी मरीजों के साथ भेदभाव नहीं, बल्कि सहयोग और सम्मान का व्यवहार होना चाहिए। उन्होंने चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, युवाओं और आम नागरिकों से टीबी उन्मूलन अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान करते हुए कहा कि घर-घर जागरूकता, समय पर जांच, पूरा उपचार और पोषण सहयोग के माध्यम से ही टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।इस अवसर पर आई एम ए के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आशुतोष शरण, जिलाध्यक्ष पवन राज, डिप्टी मेयर लालबाबू प्रसाद, डॉ. हेना चंद्रा सहित चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मोतिझील में लाइट एंड साउंड शो का हुआ शिलान्यास



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार के पर्यटन विभाग एवं बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के सहयोग से शनिवार को मोतिझील, मोतिहारी में 'मोतिझील लाइट एंड साउंड शो' के निर्माण का शिलान्यास कार्यक्रम गायत्री मंदिर के निकट आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शिलान्यास सांसद एवं पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधामोहन सिंह ने किया। इस अवसर पर सांसद श्री सिंह ने कहा कि मोतिझील चंपारण की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है । 09 करोड़ की लागत से लाइट एंड साउंड शो के निर्माण से मोतिझील को पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान मिलेगी और पर्यटकों को क्षेत्र के इतिहास एवं गौरवशाली विरासत से परिचित होने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना मोतिहारी के पर्यटन विकास को नई गति देने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार और आर्थिक गतिविधियों के अवसर भी बढ़ाएगी। मोतिझील को एक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। श्री सिंह ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार के निरंतर प्रयासों से चंपारण में पर्यटन की संभावनाओं को विकसित किया जा रहा है। मोतिझील में लाइट एंड साउंड शो के शुरू होने से यहां आने वाले पर्यटकों के लिए एक नया आकर्षण विकसित होगा। यह परियोजना मोतिहारी की पर्यटन क्षमता को नई ऊंचाई देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम (इरळउ) के माध्यम से स्वीकृत इस परियोजना का संचालन एवं रखरखाव भी व्यापक रूप से सुनिश्चित किया गया है। इरळउ के निविदा दस्तावेजों में मोतिझील, मोतिहारी के लिए मल्टीमीडिया टेक्नोलॉजिकल प्रोजेक्ट के साथ 5 वर्षों के व्यापक रखरखाव एवं संचालन का प्रावधान भी दर्ज है। यह मात्र एक लाइट एंड साउंड शो नहीं है। यह चंपारण की गौरवशाली विरासत को आधुनिक तकनीक से जोड़ने का एक भव्य प्रयास है। हमारे रामायण सर्किट, बौद्ध सर्किट और गांधी सर्किट से जुड़ी ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक प्रस्तुति के माध्यम से पर्यटकों और नई पीढ़ी तक पहुंचाने का यह महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। इस परियोजना के अंतर्गत लगभग 22 मिनट का द्विभाषी - हिंदी एवं अंग्रेजी - मल्टीमीडिया शो प्रस्तुत किया जाएगा। पानी की स्क्रीन पर 3ऊप्रोजेक्शन, लेजर, डायनामिक फाउंटेन और प्रोफेशनल साउंड सिस्टम जैसी आधुनिक तकनीकों के माध्यम से इतिहास, संस्कृति और विरासत को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। यह निश्चित रूप से मोतिझील आने वाले पर्यटकों के अनुभव को एक नया आयाम देगा। कार्यक्रम में विधायक मोतिहारी प्रमोद कुमार, बिहार राज्य मछुआरा आयोग के अध्यक्ष ललन कुमार सहनी, मोतिहारी नगर निगम के उप महापौर डॉ. लाल बाबू प्रसाद, नागरिक परिषद के उपाध्यक्ष पवन राज, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मोहिब्बुल हक सहित पर्यटन विभाग एवं बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, स्थानीय नागरिक एवं बड़ी संख्या में अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# महात्मा गांधी केंद्रीय विवि ने मनाया गौरवशाली 10 वां स्थापना दिवस

**कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव बोले - आज पीछे मुड़कर उपलब्धियों को देखने और आगे की राह तय करने का दिन है**



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय ने अपना 10 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास और गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया। गांधी प्रेक्षागृह में आयोजित समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। सांस्कृतिक एवं साहित्यिक परिषद के अध्यक्ष प्रो. प्रसून दत्त सिंह ने स्वागत भाषण दिया। मुख्य अतिथि, भारत सरकार के कोयला एवं खान मंत्रालय के राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने विश्वविद्यालय को गौरवशाली 10 वर्ष पूर्ण करने की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि चंपारण इतिहास की धरती रही है और विश्वविद्यालय ने शिक्षा, शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में विशिष्ट स्थान बनाया है। उन्होंने आह्वान किया कि विद्यार्थी केवल किताबें न पढ़ें, बल्कि गांधी जी के सत्य, अहिंसा और अंत्योदय के मार्ग को भी अपनाएं। उन्होंने कहा, 'कोयला काला हीरा है, पर युवा ही देश का असली हीरा है।' विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे देश में उन्होंने विश्वास जताया कि विश्वविद्यालय आने वाले समय में अनुसंधान के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेगा, आसपास के क्षेत्रों का विकास करेगा और बिहार की प्रगति में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेगा। सेंट स्टीफंस कॉलेज के संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो. चंद्र भूषण झा ने कहा कि मोहनदास करमचंद गांधी को महात्मा बनाने का श्रेय इसी पावन धरती को जाता है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में विश्वविद्यालय ने जो उन्नति की है, उसका श्रेय कुलगुरु, विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को जाता है। जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कुलपति प्रो. मजहर आसिफ ने अपने संबोधन की शुरूआत 'जमीं पर घर बनाया है, मगर जन्नत में रहते हैं, हमारी खुशनसीबी है कि हम भारत में रहते हैं' पंक्तियों से की। उन्होंने इस पावन भूमि को नमन किया, जिसने देश को बड़े-बड़े विद्वान दिए। उन्होंने कहा कि हमने हजार वर्षों तक अपनी संस्कृति, मान और मयार्दा को सहेज कर रखा है और ज्ञान व संस्कार में हम सर्वोत्तम थे, हैं और रहेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि ज्ञान, शिक्षा और संस्कृति अलग-अलग हैं, पर संस्कार के बिना न ज्ञान संभव है, न शिक्षा। हमारे संस्कार का अर्थ है कि दूसरों के साथ वैसा ही व्यवहार करें जैसा हम अपने लिए चाहते हैं। परिश्रम का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा, जो पानी से नहाता है वह कपड़े बदलता है, जो पसीने से नहाता है वह इतिहास बदलता है।" उन्होंने विद्यार्थियों से हर स्त्री का सम्मान करने का आह्वान भी किया।

CMYK

# दाउदनगर में दो शताब्दी में पहली बार जिउतिया पर स्मारिका का प्रकाशन

*- बिहार सरकार के सांस्कृतिक कैलेंडर में पहली बार शामिल हुआ दाउदनगर का जिउतिया*

*- कला एवं संस्कृति विभाग ने आयोजन के लिए आवंटित किए तीन लाख रुपये*

*- लोक संस्कृति के संवर्धन व संरक्षण में मील का पत्थर साबित होगी स्मारिका*



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। ई. सन 1860 से पूर्व दाउदनगर में जिउतिया का आरंभ कब हुआ, इसका स्पष्ट प्रमाण नहीं मिलता। लगभग दो शताब्दियों के इतिहास में पहली बार इस लोक उत्सव पर 'जिउतिया का उत्कर्ष' नामक स्मारिका का प्रकाशन किया गया है। बिहार सरकार ने दाउदनगर के जिउतिया को पहली बार अपने सांस्कृतिक कैलेंडर में शामिल करते हुए कला एवं संस्कृति विभाग के माध्यम से आयोजन के लिए तीन लाख रुपये की राशि आवंटित की। नगर परिषद कार्यालय परिसर में आयोजित इस समारोह में कुटुंबा विधायक ललन राम, जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष अंजली कुमारी, उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, एसडीओ अमित राजन, एसडीपीओ चंद्रभूषण और जिला कला संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। स्मारिका की मुख्य संरक्षक जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा हैं। संपादक मंडल में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, एसडीओ अमित राजन और जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज शामिल हैं। वरिष्ठ पत्रकार उपेंद्र कश्यप बतौर लेखक जुड़े हैं, जबकि नगर परिषद की मुख्य पार्षद अंजली कुमारी, जिला परिषद सदस्य अरविंद यादव व कार्यपालक पदाधिकारी ऋषिकेश अवस्थी सहयोगी की भूमिका में हैं। स्मारिका में कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार, प्रभारी मंत्री रमा निषाद, क्षेत्रीय विधायक डॉ. प्रकाश चंद्र, विभागीय सचिव प्रणव कुमार, अपर सचिव रूबी और जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के शुभकामना संदेश प्रकाशित हैं। मंत्रियों और अधिकारियों ने अपने संदेशों में कहा कि यह स्मारिका सांस्कृतिक यात्रा को दस्तावेज के रूप में सहेजने की सराहनीय पहल है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए संदर्भ ग्रंथ बनेगी। स्मारिका में शोधकर्ता उपेंद्र कश्यप का 10 पृष्ठों का आलेख 'लोक संस्कृति के आयामों का समुच्चय है- जिउतिया संस्कृति' विशेष रूप से शामिल है। इसमें दाउदनगर के जिउतिया के धार्मिक, सांस्कृतिक व कलात्मक पक्षों का विस्तार से विश्लेषण किया गया है। आलेख में दाउदनगर की जिउतिया परंपरा का महाराष्ट्र की संस्कृति से जुड़ाव, कलाकारों द्वारा ज्ञानचंद उस्ताद के जयकारे की वजह, जीमूतवाहन मंदिर में ओखली रखे जाने का रहस्य और महिलाओं द्वारा पहनी जाने वाली नाव के आकार की जिउतिया के पीछे के लोक विज्ञान को रेखांकित किया गया है।

## चोरी के दो मोबाइल के साथ आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। मोबाइल चोरी के आरोप में हसपुरा पुलिस द्वारा एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान थाना क्षेत्र के तिलकपुरा गांव निवासी राजेन्द्र पटेल के पुत्र अमरजीत कुमार के रूप में की गई है। इसके पास से चोरी का दो मोबाइल बरामद किया गया है। दरअसल, दो अक्टूबर को एक व्यक्ति द्वारा अभियुक्त के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई। मामले में पीड़ित ने बताया कि गयाजी से पचरुखिया जाने के क्रम में ऑटो में बैठा एक सवारी उसका मोबाईल फोन लेकर पचरूखिया चौक पर उतरकर भाग गया। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु तत्क्षण घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय दुकानदार एवं ग्रामीणों से पूछताछ की गई तो मोबाईल लेकर भागने वाले व्यक्ति की पहचान अमरजीत कुमार के रूप में की गई। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को ग्रामिणों के सहयोग से पकड़कर थाना लाया गया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि पूछताछ के क्रम में पकड़ाये आरोपी के निशानदेही से चोरी किया गया मोबाइल बरामद किया गया। आवश्यक कार्रवाई के बाद अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।

# धरना स्थल पर मनाई गई महात्मा गांधी की जयंती



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित धरना स्थल पर शुक्रवार को उत्तर कोयल नहर के अधूरे कार्य को पूरा कराने की मांग को लेकर धरना दे रहे किसानों एवं मजदूरों ने महात्मा गांधी की जयंती मनाई। कार्यक्रम का आयोजन किसान मजदूर मोर्चा के संयोजक मंडल के सदस्य अहमद राजा उर्फ लड्डू खान की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान धरना के 625 दिन पूरे होने पर वक्ताओं ने महात्मा गांधी के सत्याग्रह और संघर्ष को याद किया। डॉ. तुलसी यादव ने कहा कि बिहार की धरती चंपारण से महात्मा गांधी ने सत्याग्रह की शुरुआत की थी, जिसके परिणामस्वरूप अंग्रेजों को भारत छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा। उसी संघर्ष की भावना से किसान-मजदूर भी पिछले 625 दिनों से उत्तर कोयल नहर के अधूरे कार्य को पूरा कराने की मांग को लेकर धरना दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि धरना के दो वर्ष पूरे होने के अवसर पर बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टर के साथ धरना स्थल पर पहुंचेंगे और रफीगंज में प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम के दौरान महात्मा गांधी के विचारों और उनके संघर्ष को याद करते हुए आंदोलन को आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में सिद्धी यादव, महेश प्रसाद यादव, मो. अजीम खान, भोलानाथ वर्मा, गौतम कुमार, चंद्रशेखर प्रसाद यादव, टुनटुन खान, समीर सिन्हा, लालू यादव, चंदन पासवान, निखिल, विकास कुमार, डॉ. तुलसी यादव, संतोष गिरी, महेश यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## रालोमो के नवनियुक्त प्रदेश सचिव अमर उजाला को पार्टी नेताओं ने दी बधाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के वरिष्ठ नेता अमर उजाला को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति पर पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं प्रबुद्धजनों में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर पार्टी नेताओं ने उन्हें मिलकर बधाई व शुभकामनाएं दीं। बधाई देने वालों में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश महासचिव अजय कुशवाहा, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक मेहता, प्रदेश महासचिव राम कुमार मेहता, विनोद मेहता और प्रखंड अध्यक्ष गुड्डू कुशवाहा प्रमुख रूप से शामिल रहे। नेताओं ने कहा कि अमर उजाला के लंबे सांगठनिक अनुभव, कार्यकुशलता और निष्ठा को देखते हुए शीर्ष नेतृत्व ने यह निर्णय लिया है। उनके प्रदेश सचिव बनने से संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी।

# दो मासूम बच्चियों ने किया जिउतिया मंच का उद्घाटन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। विद्यार्थी चेतना परिषद इमली तल नकल अभिनय प्रतियोगिता मंच का शुक्रवार की रात उद्घाटन नन्ही बच्ची अंशिका रानी एवं आराध्या कुमारी द्वारा किया गया। साथ में मुख्य अतिथि मुख्य पार्षद अंजली कुमारी, साथ में वार्ड पार्षद रीमा देवी, संस्था अध्यक्ष प्रशांत कुमार, सचिव राजेंद्र प्रसाद चौधरी, संयोजक ममतेश कुमार, कोषाध्यक्ष धनंजय कुमार प्रिंस उपस्थित रहे। मंच का पूजन, दीप प्रज्वलन एवं फीता काट कर उद्घाटन किया गया। अंजली कुमारी ने कहा कि अथक प्रयास से दाउदनगर के लोक उत्सव जिउतिया पर्व को सरकार के सांस्कृतिक कलेंडर में शामिल कराया गया। आगे और भी लोकल कलाकारों को देश में पहचान मिले, जिउतिया को देश ही नहीं बल्कि विदेशों में पहचान मिले, इसके लिए अथक प्रयास किया जाएगा। नवयुवक दुर्गा क्लब के अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद , संरक्षक एवं मुख्य पार्षद प्रतिनिधि गणेश राम, पान तांती समाज के खजांची विद्यार्थी चेतना परिषद् के सारे सदस्य, सभी प्रायोजक मौजूद रहे। इस मंच पर कुल बत्तीस प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति दी। जिसमें मुख्य रूप से विद्यार्थी क्लब से परशुराम, बाल कलाकर क्लब महिषासुर का वध, न्यू एकता क्लब से स्वराज्य का स्थापना, शिक्षार्थी क्लब से सोशल मीडिया का प्रभाव, न्यू युवा उड़ान क्लब से कृष्ण का जन्म, स्टार इंडिया क्लब से पेपर लीक, टैलेंट क्लब से मेघनाथ का वध के साथ ही राजा रानी, दम मदाड एवं रात्रि 12बजे से ब्रह्म बाबा एवं डाकिनी की प्रस्तुति हुई।

# कारगिल शहीद शिव शंकर के जुड़वा नातियों का अन्नप्राशन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज शहर के आरबीआर स्थित कारगिल गैस एजेंसी के प्रांगण में कारगिल शहीद शिव शंकर प्रसाद गुप्ता एवं कारगिल गैस एजेंसी के संचालक शिव दयाल प्रसाद गुप्ता के जुड़वा नातियों का अन्नप्राशन संस्कार शुक्रवार को समारोहपूर्वक संपन्न हुआ। परिवार में आयोजित इस शुभ अवसर पर खुशी और भावुकता का अनूठा संगम देखने को मिला। एक ओर नन्हे बच्चों के पहली बार अन्न ग्रहण करने की खुशी थी, तो दूसरी ओर परिवार के लिए गौरव का प्रतीक रहे शहीद शिव शंकर प्रसाद गुप्ता की यादें भी ताजा हो उठीं। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ दोनों बच्चों को पहली बार अन्न ग्रहण कराया गया। परिजनों एवं रिश्तेदारों ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके स्वस्थ, सुखी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में उपस्थित लोगों ने बच्चों के जीवन में खुशहाली और सफलता की मंगलकामना की। समारोह में दादा मुन्ना प्रसाद गुप्ता, संजय प्रसाद गुप्ता, नाना शिवदयाल प्रसाद गुप्ता, नानी रेखा गुप्ता, दादी मधु देवी, पिता चिंटु गुप्ता, माता निशा गुप्ता, मामा राहुल, रोहित, रिशी, जिज्ञांशु, नाना नंदलाल प्रसाद गुप्ता, आकाश गुप्ता, सूर्यमल गुप्ता, मौसी सोनम, रिशिका, नाना गोपाल सिंह सहित परिवार के अन्य सदस्य, रिश्तेदार एवं शुभचिंतक मौजूद रहे।

# विकसित भारत की संकल्पना पर नुक्कड़ नाटक व गीत-संगीत से जागरूकता



## चरकावां, देकुली और कासमा में कला जत्था के कलाकारों ने दी प्रभावी प्रस्तुति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को विकसित भारत की संकल्पना को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। औरंगाबाद शिक्षा विभाग की ओर से कला जत्था के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक, गीत एवं संगीत के माध्यम से लोगों को विकसित भारत के निर्माण के प्रति जागरूक किया।कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से बताया कि समृद्ध समाज, उन्नत शिक्षा, सुदृढ़ स्वास्थ्य व्यवस्था, विकसित अर्थव्यवस्था, स्वच्छ पर्यावरण, सशक्त नागरिक और समृद्ध संस्कृति विकसित भारत के निर्माण के महत्वपूर्ण आधार हैं। गीत-संगीत और नाट्य मंचन के माध्यम से इन विषयों को सरल एवं प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंचाया गया। बिरहा गायक एवं मगध सम्राट तथा औरंगाबाद कला जत्था के टीम लीडर अखिलेश लाल यादव के निर्देशन में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रफीगंज प्रखंड के चरकावां, देकुली एवं कासमा में कलाकारों ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने कलाकारों की प्रस्तुति को ध्यानपूर्वक देखा और जागरूकता संदेश को समझा। इस अवसर पर कला जत्था के टीम लीडर अखिलेश लाल यादव के साथ पुष्पा रानी, शिवानी शेरनी, सरजुन दास, मुकेश कुमार, धनंजय कुमार, महजर यादव एवं रविन्द्र कुमार सहित अन्य कलाकार मौजूद रहे।

# गांधी-शास्त्री के आदर्शों को अपनाने का संकल्प



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)**। प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेल्फेयर एसोसिएशन की कुटुंबा एवं नवीनगर प्रखंड इकाई के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय प्रोग्रेसिव शिक्षण संस्थान के प्रांगण में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने दोनों महापुरुषों के जीवन, संघर्ष और आदर्शों को याद करते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा देने के साथ पूरी दुनिया को अहिंसा का मार्ग दिखाया। बैरिस्टर होने के बावजूद उन्होंने विलासितापूर्ण जीवन त्यागकर सादगी को अपनाया। वहीं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन को सादगी, ईमानदारी और दृढ़ संकल्प की मिसाल बताते हुए कहा गया कि उन्होंने अपने कार्यकाल में देश को चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से उबारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्र, सिद्धेश्वर विद्यार्थी, कुटुंबा थानाध्यक्ष चंद्रहास सिंह, अंबा थानाध्यक्ष पवन कुमार एवं रिसियप थानाध्यक्ष नीतीश कुमार सहित अन्य गणमान्य अतिथियों को अंगवस्त्र व पुष्पमाला से सम्मानित किया गया। छात्राओं सुरभि व पायल ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार ने की, जबकि संचालन संस्थान के संस्थापक वेद प्रकाश तिवारी ने किया। सचिव दिनेश प्रसाद ने अतिथियों का स्वागत किया और अध्यक्ष ने धन्यवाद ज्ञापन किया। आयोजन की सफलता में डीके पांडेय, नीरज पांडेय, बीरेंद्र कुमार, संजय कुमार, धनेश कुमार, नवीनगर प्रखंड सचिव रौशन कुमार, कुमार बिजेंद्र समेत अन्य सदस्यों की भूमिका रही।

# मुखिया पति व पुत्र की मनमानी का आरोप लगाकर वार्ड सदस्य ने दिया त्यागपत्र

## वार्ड सदस्य ने सरकारी कार्यों में हस्तक्षेप और धमकी देने का लगाया आरोप, मुखिया ने आरोपों को बताया निराधार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा / औरंगाबाद**। ग्राम पंचायत अमझर शरीफ में मुखिया पति और उनके बड़े पुत्र पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए वार्ड संख्या 03 के वार्ड सदस्य गुड्डू कुमार ने अपने पद से त्यागपत्र देने की बात कही है। वार्ड सदस्य ने इस संबंध में अधिकारियों को आवेदन देकर पंचायत में सरकारी कार्यों में कथित हस्तक्षेप, मनमानी और धमकी देने का आरोप लगाया है। वहीं, पंचायत की मुखिया पम्मी कुमारी ने वार्ड सदस्य के सभी आरोपों को निराधार बताते हुए उन पर ग्रामीणों से आवास सहित अन्य सरकारी लाभ दिलाने के नाम पर राशि मांगने का आरोप लगाया है। वार्ड सदस्य गुड्डु कुमार ने दिए आवेदन में कहा है कि ग्राम पंचायत अमझर शरीफ के मुखिया पति और मुखिया के बड़े पुत्र हर्ष कुमार द्वारा सरकारी कार्यों में मनमानी की जाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें धमकी भी दी जाती है। वार्ड सदस्य का कहना है कि मुखिया द्वारा पंचायत भवन में बैठकर सरकारी कार्य नहीं किए जाते हैं और निजी घर से ही कार्यालय का संचालन किया जाता है। इन परिस्थितियों से परेशान होकर उन्होंने वार्ड संख्या 03 के पद से त्यागपत्र देने की बात कही है। इधर, आरोपों के संबंध में पूछे जाने पर अमझर शरीफ पंचायत की मुखिया पम्मी कुमारी ने कहा कि वार्ड सदस्य द्वारा लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत में अभी पंचायत भवन है ही नहीं, बल्कि पंचायत सरकार भवन निर्माणाधीन है। ऐसे में पंचायत भवन में बैठकर काम नहीं करने का आरोप उचित नहीं है। मुखिया ने कहा कि वह ग्रामसभा, पंचायत समिति की बैठक सहित अन्य सरकारी बैठकों में स्वयं उपस्थित रहती हैं। उन्होंने वार्ड सदस्य पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह ग्रामीणों से आवास योजना एवं अन्य सरकारी लाभ दिलाने के नाम पर राशि की मांग करना चाहते हैं, जिसका वह विरोध करती हैं। मुखिया ने यह भी आरोप लगाया कि वार्ड सदस्य द्वारा उनसे मटन और मछली की मांग की जाती है। उन्होंने कहा कि वह महिला हैं, इसलिए उन्हें परेशान किया जा रहा है। मुखिया ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त होने में अब कुछ ही महीने बचे हैं। उनके अनुसार, वार्ड सदस्य द्वारा इस तरह का विवाद खड़ा कर "नाखून कटाकर शहीद होना चाहते हैं।" उन्होंने कहा कि लगाए गए आरोपों की जांच संबंधित अधिकारियों द्वारा की जा सकती है।

# सेवा ज्योति कार्यक्रम की सफलता को लेकर भाजपा पदाधिकारियों की बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा**। भारतीय जनता पार्टी, नवादा जिला कार्यालय में आगामी सेवा ज्योति कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर जिला पदाधिकारियों एवं कोर कमेटी के सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष अनिल मेहता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष सह क्षेत्रीय प्रभारी हरि भूषण ठाकुर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रभारी राजेश कुमार सिंह उपस्थित रहे। बैठक में सेवा ज्योति कार्यक्रम की तैयारियों, संगठनात्मक जिम्मेदारियों एवं कार्यक्रम को प्रभावी और व्यापक बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान जिला पदाधिकारियों एवं कोर कमेटी के सदस्यों को विभिन्न दायित्व सौंपते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस मौके पर हरि भूषण ठाकुर ने कहा कि सेवा ज्योति कार्यक्रम संगठन के सेवा और समर्पण के भाव को जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्यक्रम की तैयारियों में जुटें और समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने संगठन की मजबूती और कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया। जिला प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने कहा कि सेवा ज्योति कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बूथ स्तर तक संगठनात्मक तैयारी आवश्यक है। सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने-अपने दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें तथा कार्यक्रम की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं। जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि भाजपा नवादा जिला संगठन सेवा ज्योति कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। जिले के सभी मंडलों, शक्ति केंद्रों एवं बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम को व्यापक रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से सेवा ज्योति कार्यक्रम को सफल बनाया जाएगा। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रमोद कुमार चून्नू, प्रताप रंजन, प्रियरंजन श्रीनिवास, सतीश सिन्हा, महामंत्री अरविंद गुप्ता, उपाध्यक्ष तेजस सिन्हा, वरिष्ठ नेता बिगन सिंह, निर्वतमान युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिजीत कुमार सिन्हा सहित कई अन्य मौजूद थे।

# वडनगर से वाराणसी सेवा संकल्प यात्रा कल पहुंचेगी बिहार, संडा में स्वागत की तैयारी

## स्वास्थ्य शिविर व महिला संवाद का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मस्थल वडनगर से वाराणसी तक निकली 'सेवा संकल्प यात्रा' सोमवार को झारखंड के रास्ते बिहार में प्रवेश करेगी। औरंगाबाद जिले की सीमा में प्रवेश के साथ ही संडा में सेवा यात्रियों के भव्य स्वागत की तैयारी पूरी कर ली गई है। संडा से बारुण तक यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों द्वारा स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। करीब 1800 किलोमीटर लंबी बाइक यात्रा का उद्देश्य सेवा, समर्पण और जनकल्याण का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। यात्रा के वाराणसी पहुंचने पर सेवा यात्री काशी में जलाभिषेक करेंगे।अभियान के तहत देशभर में स्वच्छता, रक्तदान, पौधारोपण, स्वास्थ्य सेवा, महिला संवाद समेत विभिन्न जनसेवा गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं। यात्रा को लेकर औरंगाबाद में प्रशासनिक स्तर पर भी तैयारियां तेज हैं।जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा और पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा ने पूर्व में प्रस्तावित रूट का संयुक्त निरीक्षण कर यातायात, विधि-व्यवस्था और संवेदनशील स्थलों की समीक्षा की थी। अधिकारियों ने संबंधित पदाधिकारियों को यात्रा के दौरान आवागमन सुचारू रखने और सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। बारुण में स्वास्थ्य शिविर, महिला संवाद औरंगाबाद में यात्रा के दौरान बारुण में स्वास्थ्य शिविर और महिला संवाद का आयोजन प्रस्तावित है। वहीं संडा सीमा पर सेवा यात्रियों के स्वागत को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है। विभिन्न स्थानों पर स्वागत द्वार, बैनर-पोस्टर और अन्य तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने लोगों से यात्रा में भागीदारी कर सेवा यात्रियों का स्वागत करने की अपील की है। यात्रा को लेकर संडा से बारुण तक राजनीतिक और सामाजिक गतिविधियां तेज हो गई हैं।

# राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी के लिए अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु बच्चे तैयार








नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। इंस्पायर मानक के राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी हेतु औरंगाबाद से कुल 5 बच्चे भाग लेने हेतु दिल्ली रवाना होंगे। ज्ञात हो कि इसके पूर्व जिला स्तरीय और फिर राज्य स्तरीय प्रदर्शनी ऑनलाइन मोड में हो चुका था जिसका परिणाम घोषित हुआ और पूरे बिहार से चयनित 27 बच्चों में सर्वाधिक औरंगाबाद से 5 बच्चे चयनित हुए हैं। 2023-24 के लिए शालिनी कुमारी, उच्च विद्यालय अरई, दाउदनगर और नीतीश कुमार, अनुग्रह इंटर विद्यालय, औरंगाबाद का चयन हुआ। 2024-25 के लिए अंकित कुमार, मध्य विद्यालय कर्मा पाण्डेय, रफीगंज, अश्विनी कुमार। डीएवी नबीनगर और तृप्ति कुमारी, उच्च विद्यालय ओरा, औरंगाबाद का चयन हुआ। अब ये सभी बच्चे 12-14 अक्टूबर को दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी में अपने नोडल शिक्षक अरुण कुमार के साथ बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिले में इस ख़बर से हर्ष की लहर छाई है। जिला शिक्षा पदाधिकारी दयाशंकर ने हर्ष जताते हुए सभी चयनित बच्चों और उनके गाइड शिक्षक को बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है। उन्होंने जिला तकनीकी टीम के सदस्य मृदुला सिन्हा, मुकुल पाण्डेय और शोभा तिवारी के कार्यों की तारीफ करते हुए यह उम्मीद जताई कि टीम आगे भी जिले के लिए अच्छा कार्य करेगी। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि औरंगाबाद राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी में भी अच्छा प्रदर्शन करेगी। सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी सर्वेश कुमार सिंह ने भी हर्ष जताते हुए सभी को बधाई दी और कहा कि जिले के लिए ये बहुत बड़ी उपलब्धि है। ज्ञात हो कि इंस्पायर मानक भारत सरकार और राष्ट्रीय प्रवर्तन प्रतिष्ठान की नवाचार को प्रेरित करने हेतु एक महत्वपूर्ण योजना है जिसमें प्रतिवर्ष चयनित बच्चों को 10000 की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। चयनित बच्चे इसी प्रोत्साहन राशि से अपने आइडियाज़ को मूर्त रूप प्रदान करते हैं। औरंगाबाद इस दिशा में कई वर्षों से अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और इसके लिए यहां टीम भी गठित की गई है। जिला तकनीकी टीम के रूप में मृदुला सिन्हा, मुकुल पाण्डेय और शोभा तिवारी इसके लिए निरंतर कार्य कर रहे।

# औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन को मिलेगी नई गति

## उरवा में इथेनॉल प्लांट पहुंचे सीएम सम्राट चौधरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चकाई/जमुई।** शनिवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने चकाई प्रखंड अंतर्गत उरवा स्थित इथेनॉल प्लांट का दौरा कर उत्पादन इकाइयों और तकनीकी व्यवस्था का विस्तृत जायजा लिया। इस मौके पर उद्योग एवं खेल विभाग की मंत्री श्रेयसी सिंह मुख्यमंत्री के साथ हेलीकॉप्टर से पहुंचीं। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने संयंत्र प्रबंधन और अधिकारियों को तय पर्यावरणीय मानकों का पालन करते हुए स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ाने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में परिवहन मंत्री दामोदर रावत भी मौजूद रहे। संयंत्र परिसर में सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर शासन-प्रशासन पूरी तरह अलर्ट दिखा। मौके पर बिहार पुलिस विभाग की वर्तमान प्रभारी डीजीपी प्रीता वर्मा, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर तथा उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार उपस्थित रहे। प्रशासनिक टीम में मुंगेर प्रमंडलीय आयुक्त प्रेम सिंह मीणा, डीआईजी राकेश कुमार, डीएम नवीन, एसपी विश्वजीत दयाल, डीडीसी सुप्रा प्रिया विजय चौधरी, एसडीएम सौरभ कुमार, डीसीएलआर सुजीत कुमार, डीपीआरओ मेनका कुमारी और डीएसपी राजेश कुमार ने विधि-व्यवस्था और कार्यक्रम की कमान संभाली। दौरे के दौरान स्थानीय विधायक सावित्री देवी एमएलसी विजय सिंह, पूर्व विधायक सुमित कुमार सिंह, पूर्व एमएलसी संजय प्रसाद सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य व्यक्ति और सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। मुख्यमंत्री के इस दौरे से क्षेत्र में औद्योगिक विस्तार को लेकर नई उम्मीद जगी है।



## डा. आनंद बने जदयू के प्रदेश प्रवक्ता

**भागलपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार प्रदेश जनता दल (यूनाइटेड) के शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्रकोष्ठ द्वारा प्रोफ़ेसर डॉ. आनंद यादव को प्रदेश प्रवक्ता मनोनीत किए जाने का जिले के पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया है। इस अवसर पर जदयू के जिलाध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता ने कहा कि प्रो. डॉ. आनंद यादव को प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी मिलने से शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्रकोष्ठ की गतिविधियों को और मजबूती मिलेगी। वहीं जदयू प्रदेश सचिव शबाना दाऊद ने कहा कि प्रो. डॉ. आनंद यादव को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलना प्रसन्नता का विषय है। पार्टी के जिला प्रवक्ता शैलेन्द्र तोमर ने कहा कि उनकी शैक्षणिक पृष्ठभूमि और अनुभव संगठन के लिए उपयोगी साबित होगी। जदयू महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष सोनी कुमारी, महानगर अध्यक्ष शालिनी साह, डॉ अजय सिंह, कल्याणी साह, पूर्व महानगर जिलाध्यक्ष सुड्ड साई, उमा मोदी, दीपक गुप्ता, प्रिंस कुशवाहा, दिवाकर सिन्हा, मो. शाहवाज आलम मुन्ना आदि ने उनके मनोनयन पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## छूटे हुए निर्वाचक तथा युवा निर्वाचकों का नाम सूची में जोड़ने का दिया गया निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, भोजपुर की अध्यक्षता में सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक आहुत की गई। उक्त बैठक में भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं निर्वाचन विभाग, बिहार पटना द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में संबंधित पदाधिकारियों को अवगत कराया गया कि वैसे राज्यों जहां विशेष गहन पुनरीक्षण समाप्त हो चुका है, वहाँ प्रारुप-6 के साथ घोषणा-पत्र देने की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। अतः वैसे सभी पात्र नागरिक जिनका नाम निर्वाचक सूची में शामिल नहीं है और वह अपना नाम निर्वाचक सूची में शामिल करना चाहते है तो उन्हें अलग से घोषणा-पत्र फॉर्म-6 के साथ देने की आवश्यकता नहीं है। छूटे हुए निर्वाचकों तथा नये/युवा निर्वाचकों का नाम अभियान चलाकर निर्वाचक सूची में जोड़ने हेतु सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को निदेशित किया गया। निर्वाचक सूची अंतर्गत लिंगानुपात में अपेक्षित सुधार हेतु अर्हता प्राप्त महिलाओं का नाम निर्वाचक सूची में पंजीकरण करने हेतु निदेशित किया गया तथा निर्वाचक सूची अंतर्गत परिलक्षित संभावित दोहरी प्रविष्टि का जाँचोपरांत नियमानुसार निष्पादन करने हेतु निदेशित किया गया। बी0एल0ओ0/बी0एल0ओ0 पर्यवेक्षक के साथ नियमित रुप से समीक्षा बैठक कर निर्वाचक सूची से संबंधित सभी कार्यों का ससमय निष्पादन करने हेतु सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को निदेशित किया गया।




## राज्यस्तरीय सहयोग शिविर को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** जिला पदाधिकारी, भोजपुर मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में आज शनिवार को समाहरणालय सभागार, भोजपुर में राज्य स्तरीय सहयोग शिविर के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित परिवादों एवं उनके निष्पादन की स्थिति की समीक्षा की गई। इस क्रम में राजस्व विभाग, विद्युत आपूर्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग, सामाजिक सुरक्षा विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, श्रम संसाधन विभाग एवं कल्याण विभाग तथा सोन नहर विभाग से संबंधित मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि सहयोग शिविर के तहत कुल 226 परिवाद प्राप्त हुए हैं। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त परिवादों का नियमानुसार एवं समयबद्ध तरीके से निष्पादन सुनिश्चित करने तथा आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संदेहास्पद स्थिति में युवक की मौत

**आरा (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जगदीशपुर अनुमंडलीय अस्पताल में शनिवार की सुबह संदेहास्पद स्थिति में अज्ञात 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन द्वारा इसकी जानकारी स्थानीय थाना को दी गई। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। इसके पश्चात पुलिस शव की पहचान करने एवं मामले की छानबीन में जुट गई है। इधर, पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतक अज्ञात युवक की मौत स्वाभाविक मौत होना प्रतीत होता है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। वहीं खबर लेकर जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

## दमन कुमार लोजपा (रा.) के जिला उपाध्यक्ष बने

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** जिले के सन्हौला क्षेत्र के महियामा गांववासी दमन कुमार साहू लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के जिला उपाध्यक्ष बनाये गये हैं। इस संबंध में पार्टी के जिलाध्यक्ष सुबोध पासवान ने शनिवार को पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता दमन कुमार साहू पर भरोसा जताते हुए जिला का जिला उपाध्यक्ष बनाया है। साथ ही उन्हें कहलगांव विधानसभा का प्रभारी भी नियुक्त किया गया है। जिलाध्यक्ष श्री पासवान ने कहा कि दमन कुमार साहू के जिला उपाध्यक्ष बनने से पार्टी के संगठनात्मक कार्यो में तेजी आएगी। इधर पार्टी के प्रदेश महासचिव संगीता तिवारी, प्रदेश सचिव सौरभ तिवारी, प्रदेश प्रवक्ता अंशु प्रियंका मिश्रा, जिला कोषाध्यक्ष सचिन पासवान, जिला उपाध्यक्ष राहुल कुलकर्णी, सन्हौला प्रखंड अध्यक्ष (पश्चिमी) संजीव मंडल, सन्हौला प्रखंड अध्यक्ष (पूर्वी) धनराज पासवान, विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अमिश मिश्रा, अमित पासवान, आशीष कुमार, प्रभास कुमार, अभिषेक कुमार,पवन कुमार, सत्तन साह, नीतीश पासवान आदि ने नव नियुक्त जिला उपाध्यक्ष श्री साहू को बधाई दी है।



## घड़ी डिटर्जेंट का नया कैंपेन 'विश्वास की परीक्षा' लॉन्च

**भागलपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आरएसपीएल ग्रुप ने घड़ी डिटर्जेंट का नया कैंपेन विश्वास की परीक्षा लॉन्च किया है। इस कैंपेन में बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित घड़ी डिटर्जेंट की ब्रांड एंबेसडर हैं। बिहार के प्रमुख शहर भागलपुर में लांच हुए इस नए कैंपेन का संदेश है, विश्वास की खास बात यही है कि उस पर हमेशा खरा उतरना पड़ता है। कैंपेन में बताया गया है कि घड़ी डिटर्जेंट अपने ग्राहकों का भरोसा बनाए रखने के लिए अपने डिटर्जेंट प्रोडक्ट्स और उसके इस्तेमाल के अनुभव को लगातार बेहतर बनाया है। आरएसपीएल ग्रुप के जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर राहुल ज्ञानचंदानी ने बताया कि घड़ी में हमारा हमेशा से ये मानना है कि नए बदलाव का फायदा लोगों को रोजमर्रा के इस्तेमाल में साफ दिखना चाहिए। इस कैंपेन के जरिए हम घड़ी डिटर्जेंट का अब तक का सबसे बेहतर फॉर्मूला लेकर आए हैं। यह भारत में बना ब्रांड है, जिसे लाखों ग्राहकों के भरोसे ने कई सालों में मजबूत बनाया है। नए डिटर्जेंट फॉर्मूले के साथ घड़ी की सफाई और परफॉर्मेंस को और भी बेहतर किया गया है। साथ ही वह क्वालिटी भी बरकरार रखी गई है, जिसकी ग्राहक घड़ी से उम्मीद करते हैं। इसकी कीमत भी ऐसी रखी गई है, जो ग्राहकों की पहुंच में रहे। हमारा मानना है कि ग्राहकों के भरोसे पर खरा उतरने के लिए लगातार अपने प्रोडक्ट को बेहतर बनाते रहना जरूरी है।

## लोक नृत्य प्रतियोगिता में बच्चों ने बिखेरे भारतीय संस्कृति के रंग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** रोटरी क्लब ऑफ पाटलिपुत्र द्वारा आयोजित 45वीं अंतर विद्यालय लोक नृत्य प्रतियोगिता का भव्य आयोजन शनिवार, 3 अक्टूबर 2026 को बापू सभागार, गांधी मैदान में किया गया। प्रतियोगिता में 19 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भारत के अनसुने नायक विषय पर शानदार प्रस्तुतियां देकर भारतीय लोक संस्कृति, परंपरा और देशभक्ति की अनूठी झलक प्रस्तुत की। कार्यक्रम का उद्घाटन रोटरी जिला गवर्नर रोटेरियन अनु नारंग ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव, विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी तथा भारतीय जीवन बीमा निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक परमेंद्र हरि उपस्थित रहे।प्रतियोगिता के कनिष्ठ, वरिष्ठ एवं विषय आधारित वर्गों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अलावा विशेष श्रेणी के पुरस्कार तथा प्रतिष्ठित चैंपियन ऑफ चैंपियंस पुरस्कार भी प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि राम कृपाल यादव ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ-साथ रोटरी की सकारात्मक सामाजिक छवि और समाज में उसकी पहचान को मजबूत करते हैं। रोटरी जिला गवर्नर रोटेरियन अनु नारंग ने प्रतियोगिता को युवाओं की प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए अनूठा मंच बताते हुए बच्चों को रोटरी के इंटरैक्ट क्लब से जुड़कर समाजसेवा में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन अंजनी कुमार सिन्हा ने कहा कि 45 वर्षो से आयोजित हो रही यह प्रतियोगिता नई पीढ़ी को भारतीय लोक संस्कृति से जोड़ने तथा हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में क्लब की महत्वपूर्ण पहल है। क्लब सचिव रोटेरियन उमेश कुमार जैन ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यालयों, प्रतिभागियों, शिक्षकों, अभिभावकों, निर्णायकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता के अध्यक्ष रोटेरियन नवीन गुप्ता ने आयोजन की सफलता में सहयोग देने वाले के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रोटरी के पूर्व जिला गवर्नर संदीप नारंग, एल. बी. सिंह एवं नम्रता नाथ सहित पटना के विभिन्न रोटरी क्लबों के अध्यक्ष एवं सदस्य, विभिन्न विद्यालयों के निदेशक एवं प्राचार्य उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में रोटेरियन प्रेम मित्तल, अनिल रितोलिया, पूर्व अध्यक्ष सुबोध जैन, अशोक अग्रवाल, लक्ष्मी अग्रवाल, वीणा जैन, शिल्पी चाचन, रेखा जैन, संदीप सर्राफ, ऋषि जायसवाल, रीता अग्रवाल, अजय गुप्ता सहित आयोजन समिति के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## जिलास्तरीय वार्षिक विद्यालय खेल प्रतियोगिता संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** जिला प्रशासन, भोजपुर, खेल विभाग, बिहार एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय 'जिला स्तरीय वार्षिक विद्यालय खेल प्रतियोगिता का आज चौथे एवं अंतिम दिन विभिन्न खेल विधाओं के फाइनल मुकाबलों के साथ सफलतापूर्वक समापन हुआ। अंतिम दिन खेल भवन, आरा में आयोजित वुशू के फाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने अपनी गति, तकनीक एवं सटीक किक्स से शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं योग प्रतियोगिता में बाल खिलाड़ियों ने कठिन आसनों के माध्यम से अद्भुत शारीरिक संतुलन, लचीलापन एवं एकाग्रता का परिचय दिया। महाराजा कॉलेज मैदान में आयोजित हॉकी के बालक एवं बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने बेहतरीन स्टिक वर्क, पासिंग एवं फील्ड गोल के माध्यम से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के दौरान एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, हैंडबॉल, कबड्डी, खो-खो, तीरंदाजी, भारोत्तोलन, ताइक्वांडो, कराटे, बॉक्सिंग, कुश्ती, रग्बी, शतरंज सहित 20 से अधिक खेल विधाओं के विभिन्न वर्गों के फाइनल मुकाबले भी सफलतापूर्वक संपन्न कराए गए। चार दिनों तक चले इस व्यापक खेल आयोजन में भोजपुर जिले के 231 से अधिक विद्यालयों के लगभग 3,750 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता ने जिले के स्कूली खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ प्रतिस्पर्धात्मक खेल वातावरण में अनुभव प्राप्त करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया। प्रतियोगिता के उपरांत शनिवार को खेल भवन, आरा के प्रांगण में भव्य पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में जिलाधिकारी, भोजपुर मनेश कुमार मीणा द्वारा अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 वर्ग के विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल, ट्रॉफी एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभावान खिलाड़ी आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में बिहार राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए भोजपुर जिले की खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस आयोजन के माध्यम से जिले के युवा खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा को आगे बढ़ाने तथा उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने का महत्वपूर्ण मंच प्राप्त हुआ है। जिला प्रशासन, भोजपुर द्वारा प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी खेल पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों, शिक्षकों, विद्यालय प्रतिनिधियों, स्वयंसेवकों एवं खिलाड़ियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।



## पिकअप-बाइक की सीधी टक्कर में दो छात्रों की मौत, चालक फरार

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गिरिडीह-बेंगाबाद मुख्य मार्ग पर सिहोडीह आम बगान के पास शनिवार को तेज रफ्तार पिकअप और बाइक की सीधी टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान हीरोडीह थाना क्षेत्र के चुंगलखार निवासी करीब 20 वर्षीय विकास यादव और सरिया निवासी करीब 22 वर्षीय शशिकांत वर्मा के रूप में हुई है। विकास की मौत घटनास्थल पर ही हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल शशिकांत ने धनबाद ले जाने के दौरान दम तोड़ दिया। दोनों युवक गिरिडीह में पढ़ाई करते थे। पुलिस ने पिकअप वाहन को जब्त कर लिया है, जबकि चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। बताया गया कि हादसे के समय दोनों युवकों ने हेलमेट नहीं पहना था।

## बागवानी प्रशिक्षण से किसानों को मिलेगा नई तकनीक का ज्ञान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत बैरांव पंचायत सचिवालय में शनिवार को उद्यान विकास योजना के तहत पांच दिवसीय उद्यानिकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पंचायत के मुखिया आत्मेश कुमार सिंह, पंचायत समिति प्रतिनिधि रविशंकर मेहता, उद्यान मित्र कृष्णा बैठा, प्रशिक्षक अशोक कुमार मेहता, पैक्स अध्यक्ष सुजीत कुमार मेहता, दिव्यांग संघ के अध्यक्ष उमेश कुमार मेहता तथा समाजसेवी राकेश कुमार मेहता उर्फ गौतम जी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण के दौरान किसानों एवं प्रशिक्षणार्थियों को उद्यानिकी से जुड़ी आधुनिक तकनीकों, बेहतर उत्पादन, पौधों की देखभाल तथा कृषि आधारित आय बढ़ाने के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों को पारंपरिक खेती के साथ उद्यानिकी गतिविधियों से जोड़कर उनकी आमदनी बढ़ाने के लिए तकनीकी रूप से सक्षम बनाना है। कार्यक्रम में सीता कुमारी, ममता कुमारी, कृष्णा मेहता, सुजीत मेहता, अभिषेक कुमार, संजय मेहता, ओमप्रकाश सिंह कुमार, जयप्रकाश कुमार, सरयू यादव, उदय यादव, धर्मेंद्र कुमार यादव, मधुकांत रंजन, रमेश मेहता, चंद्रदेव मेहता, सुनीता देवी, कबूतरी देवी, पांचू महतो, राधिका देवी, कंचन कुमारी, पिंटू कुमार, पवन कुमार, ऊषा देवी सहित अन्य प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे। प्रशिक्षण को लेकर ग्रामीणों और किसानों में उत्साह देखा गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### इथेनॉल प्लांट के...

को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दोनों स्थलों को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। लछुआर मंदिर में जनसुविधाओं का विस्तार करने तथा श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था के लिए भी कार्ययोजना तैयार करने को कहा। मुख्यमंत्री ने जिले में पुलिसिंग व्यवस्था को और सुदृढ़ करने तथा नियमित पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को थानों में जाकर कार्यप्रणाली की समीक्षा करने को कहा ताकि थाना स्तर पर कार्यों में और सुधार हो। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिले में हर हाल में विधि-व्यवस्था कायम रखी जाए। नशामुक्ति को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाने की कार्ययोजना तैयार करने तथा पुलिसिया कार्रवाई एवं प्रशासनिक सक्रियता बनाए रखने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योग के क्षेत्र में पूरे बिहार को आगे बढ़ाना है। जमुई जिले को और अधिक समृद्ध बनाने के लिए यहां औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करने हेतु जमीन चिन्हित की गई है। चकाई में बड़ा एथेनल प्लांट स्थापित हो रहा है जिसमें मार्च 2027 तक उत्पादन शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार को स्किल का हब बनाना है और दुनिया के मानचित्र पर बिहार को स्थापित करने की दिशा में हर प्रकार से कार्य किया जा रहा है।

## रबी की बुआइ सिर पर, फिर भी नहीं पहुंचा अनुदानित बीज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू)।** रबी फसल की बोआई का समय शुरू हो चुका है, लेकिन किसानों को अब तक अनुदानित दर पर मिलने वाले बीज का इंतजार है। इससे क्षेत्र के किसानों की चिंता बढ़ गई है। हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष सह पलामू जिला पैक्स अध्यक्ष संघ के जिलाध्यक्ष कृष्णा बैठा ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सरकार से किसानों को समय रहते गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने की मांग की है। कृष्णा बैठा ने कहा कि रबी मौसम में राई, सरसों, मसूर, चना और अगेती गेहूं की बोआई अक्टूबर के प्रथम सप्ताह से शुरू हो जाती है। झारखंड में बड़ी आबादी मौसम आधारित खेती पर निर्भर है। स्थायी सिंचाई के साधनों का अभाव होने के कारण किसान मुख्य रूप से मानसून पर निर्भर रहते हैं। ऐसे में समय पर बीज उपलब्ध नहीं होने से किसानों के सामने नई परेशानी खड़ी हो रही है। उन्होंने कहा कि बीज वितरण योजना के तहत किसानों को अनुदानित दर पर उपलब्ध कराए जाने वाले बीज का अब तक जिला स्तर पर आवंटन प्राप्त नहीं हुआ है। बोआई का समय नजदीक आने के बावजूद बीज उपलब्ध नहीं होने से किसान परेशान हैं। वहीं, बाजार में महंगे दाम पर बीज मिल रहा है, जिसे प्रत्येक किसान खरीदने की स्थिति में नहीं है। कृष्णा बैठा ने कहा कि किसान पहले से ही कभी अतिवृष्टि तो कभी अनावृष्टि की मार झेलते रहे हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित हुई है। ऐसे में महंगे बीज की खरीद किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालेगी। उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री से आग्रह किया कि किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए रबी फसल की बोआई शुरू होने से पहले ही सभी किसानों को उनकी जरूरत के अनुसार 90 प्रतिशत अनुदान पर गुणवत्तापूर्ण राई, सरसों, मसूर, चना, गेहूं और जौ का बीज यथाशीघ्र उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसान समय पर बोआई कर सकें।

## राजेन्द्र पुल के समानांतर बने नए रेल पुल का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल द्वारा रेल परिचालन की क्षमता और संरक्षा बढ़ाने के उद्देश्य से दानापुर मंडल के मोकामा-रामपुर डुमरा रेलखंड के करीब 13 किलोमीटर हिस्से में शनिवार को तीन नए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग, दो लेवल क्रॉसिंग गेट इंटरलॉकिंग तथा ऑटो सिग्नलिंग कार्य की कमिश्निंग की गई।

टाल, हाथीदह और रामपुर डुमरा में नए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम शुरू होने से ट्रेनों के परिचालन में दक्षता और विश्वसनीयता बढ़ेगी। साथ ही रेल परिचालन की सुरक्षा व्यवस्था भी मजबूत होगी। वहीं, दो लेवल क्रॉसिंग गेटों की इंटरलॉकिंग से रेल और सड़क यातायात का सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

ऑटो सिग्नलिंग व्यवस्था शुरू होने से रेलखंड की लाइन क्षमता का अधिक प्रभावी उपयोग हो सकेगा। इससे ट्रेनों के परिचालन प्रबंधन में सुगमता आएगी और अधिक क्षमता के साथ ट्रेनों का संचालन संभव होगा। इसी क्रम में रेल संरक्षा आयुक्त, पूर्वी सर्किल, कोलकाता श्री गुरु प्रकाश ने शनिवार को राजेंद्र पुल, मोकामा के समानांतर माल एवं यात्री परिवहन के लिए बनाए गए नए रेल पुल तथा विद्युतीकरण के साथ दोहरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण दो दिनों 3 और 4 अक्टूबर को पूरा किया जाना है। निरीक्षण के पहले दिन रेल संरक्षा आयुक्त ने मोटर ट्रॉली से राजेंद्र पुल और हाथीदह ऊपर के बीच बने मुख्य पुल (पूर्वी लाइन) तथा हाथीदह ऊपर से रामपुर डुमरा के बीच हावड़ा छोर तक बने नए वायाडक्ट-1 का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण/दक्षिण) श्री राजीव गुप्ता, मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर श्री विनोद कुमार सहित निर्माण संगठन, इरकॉन और मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। नए पुल पर माल और यात्री ट्रेनों का परिचालन शुरू होने से क्षेत्र में रेल यातायात की क्षमता बढ़ेगी। साथ ही उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच रेल संपर्क को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।



# स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम संपन्न

## इंडियन आइडल फाइनलिस्ट सौम्या मिश्रा की प्रस्तुती ने बांधा समां



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिला स्थापना दिवस और स्वच्छता ही सेवा के अवसर पर शुक्रवार शाम दिनकर कला भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। उद्घाटन डीएम रिची पांडेय, डीडीसी आकाश चौधरी, अपर समाहर्ता बृज किशोर चौधरी, डीपीआरओ पूजा प्रीतम, एसडीएम अश्विनी कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। वंदे मातरम और राष्ट्रगान के बाद कार्यक्रम शुरू हुआ। स्थानीय कलाकारों ने लोकनृत्य, भावनृत्य, नृत्य-नाटिका और संगीत प्रस्तुत किया। 'हमार बेगूसराय' भाव नृत्य और 'हमारा बेगूसराय-प्यारा बेगूसराय' काव्य प्रस्तुति आकर्षण रही। आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र, तारुणी तारण नाट्य समिति, बेगूसराय डांस जोन और त्रिवेणी संस्था ने प्रस्तुतियां दीं। इंडियन आइडल फाइनलिस्ट सौम्या मिश्रा की प्रस्तुति विशेष आकर्षण रही। समापन पर डीएम ने 'हर घड़ी बदल रही है रूप जिंदगी' गीत गाया। इस दौरान 54वें स्थापना दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभागों, कर्मियों, स्वच्छता में बेहतर कार्य करने वाले बीडीओ, समन्वयकों, जनप्रतिनिधियों और स्वच्छता कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व कंकौल आर्ट गैलरी में चल रहे सृजनोत्सव-2 की चित्रकला प्रदर्शनी में भाग लेने वाले बच्चों और कलाकारों को कला संस्कृति पदाधिकारी श्याम कुमार सहनी ने सम्मानित किया।

## नावकोठी पंचायत ने स्वच्छता में लहराया परचम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बखरी (बेगूसराय)।** स्वच्छता के क्षेत्र में नावकोठी पंचायत ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत स्वच्छ भारत दिवस 2026 के मौके पर नावकोठी पंचायत को बेगूसराय जिले में प्रथम स्थान मिला है। गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बेगूसराय की जिलाधिकारी रिची पांडे ने नावकोठी पंचायत के मुखिया राष्ट्रपति कुमार उर्फ बिड्डु को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। पंचायत को जिले में पहला स्थान मिलने के बाद नावकोठी में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने इसे स्वच्छता के प्रति जागरूकता, जनभागीदारी और पंचायत स्तर पर किए जा रहे लगातार प्रयासों का परिणाम बताया है। सम्मान के बाद मुखिया राष्ट्रपति कुमार उर्फ बिड्डु ने कहा कि यह उपलब्धि किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पंचायत के जनप्रतिनिधियों, वार्ड सदस्यों, उपमुखिया, स्वच्छता पर्यवेक्षकों, स्वच्छता कर्मियों, अभिभावकों, शुभचिंतकों और समस्त ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। नावकोठी पंचायत की यह उपलब्धि स्वच्छता के क्षेत्र में पूरे जिले के लिए एक मिसाल बनकर सामने आई है।



## पुत्र की दीर्घायु के लिए माताओं ने रखा जितिया व्रत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को पुत्रवती महिलाओं ने अपने पुत्र की लंबी आयु, सुंदर स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना को लेकर जीवित्पुत्रिका (जितिया) व्रत रखा।व्रत से एक दिन पहले शुक्रवार को पुत्रवती महिलाओं ने नहाय-खाय किया। इस दौरान कुलदेवता को चढ़ाया तेल लगा रोटी और शक्कर का प्रसाद स्वजनों में वितरण के उपरांत मडुआ की रोटी और नोनी का साग खाया। जितिया को लेकर बाजार में मडुआ का आटा 80 से 90 रुपये और नोनी का साग 50 से 70 रुपये प्रति किलो बिक रहा था। विध के नाम पर व्रत रखने वाली सभी महिलाएं थोड़ा-थोड़ा दोनों खरीद कर घर लाईं। शनिवार की सुबह महिलाएं दही-चूड़ा व अन्य पकवान खाकर ओठगन किया, उसके बाद निर्जला उपवास की कठिन साधना में उत्साह के साथ लीन हो गईं। इस वर्ष व्रत को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया। कारण, विगत कुछ वर्षों में उपवास का उलट-पुलट समय रहने से महिलाओं को 36 से 40 घंटे तक निर्जला उपवास में रहना पड़ जाता था। इस दौरान विशेषकर अस्वस्थ महिलाओं को बहुत कष्ट उठाना पड़ता था, लेकिन इस वर्ष मात्र 25-26 घंटे ही उपवास में रहना है। उसमें भी शनिवार को अलसुबह ओठगन कर लिया गया है। रविवार को सुबह साढ़े सात बजे व्रती महिलाएं स्नान कर पूजनोपरांत खीरा खाकर व्रत का समापन करेंगी। इस दौरान बाजार में खीरा का रेट बहुत ऊपर रहा।पुत्रवती महिलाएं बीमार हाल में भी इस व्रत को छोड़ना नहीं चाहती हैं, कारण यह व्रत पुत्र के स्वास्थ्य व जीवन से जुड़ा होता है। कोई भी मां अपने पुत्र को अस्वस्थ व अल्पायु नहीं देखना चाहती। व्रत के दौरान मेहंदी लगाने का भी प्रचलन रहा है, लेकिन ताजा मेहंदी उपलब्ध नहीं रहने के कारण बाजारू मेहंदी की खूब बिक्री हुई।

# एआइएसएफ का चौथा अंचल सम्मेलन संपन्न

## सम्मेलन में 500 सदस्यों के पूरा होने पर नई कमेटी का किया गया गठन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फ़ेडरेशन नावकोठी अंचल का चौथा सम्मेलन पुस्तकालय भवन विष्णुपुर में आयोजित किया गया। अध्यक्षता सन्नी कुमार ने की। सम्मेलन में अंचल में 500 छात्र-छात्राओं की सदस्यता पूरी होने के बाद नई कमेटी का गठन किया गया। सम्मेलन की शुरुआत नेपाल में बाढ़ से हुई मौतों तथा दिल्ली में भवन गिरने से जान गंवाने वाले छात्रों को एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि देने से हुई। जिला सचिव सत्यम भारद्वाज ने कहा कि छात्रों की शैक्षणिक समस्याओं, शिक्षा के निजीकरण और रोजगार के सवालों को लेकर संगठन लगातार संघर्ष करेगा। उन्होंने छात्रों से एकजुट होकर आंदोलन को मजबूत करने का आह्वान किया। जिला सहसचिव रौशन कुमार ने भी नई शिक्षा नीति सहित छात्रों से जुड़े मुद्दों पर संघर्ष तेज करने की बात कही। सम्मेलन में 21 सदस्यीय अंचल कमेटी एवं आठ सदस्यीय सचिव मंडल का गठन किया गया। इसमें राहुल कुमार को अध्यक्ष, अमरजीत कुमार को सचिव, रणवीर कुमार को उपाध्यक्ष, सूरज कुमार व ज्योतिष रंजन कुमार को सहसचिव, रामकिशोर शर्मा को कोषाध्यक्ष तथा अर्जुन कुमार को सोशल मीडिया प्रभारी चुना गया। मौके पर रविरंजन कुमार, हिमांशु कुमार, संदीप कुमार, राजन कुमार, चंदन कुमार, दिलखुश कुमार, अंकित कुमार, मो. मेराज, रीतेश कुमार, मो. नसीम रब्बानी सहित दर्जनों छात्र मौजूद थे।

# सड़क दुर्घटना में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के मेहदौली पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 6 हंडालपुर गांव निवासी स्व व्यास यादव के 50 वर्षीय पुत्र सोनेलाल यादव उर्फ कारी की इलाज के दौरान शनिवार को दोपहर सदर अस्पताल बेगूसराय में मौत हो गई। विदित हो कि विगत 19 सितंबर की शाम लगभग 5 बजे ग्रामीणों ने उसे समसा-पीपरा पथ पर गांव में ही गंभीर रूप से घायल अवस्था में देखा। स्थानीय लोगों का कहना है कि उसे किसी अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी और फरार हो गया, जिसे किसी ने नहीं देखा। उसे तत्काल पीएचसी भगवानपुर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने गंभीर अवस्था देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल बेगूसराय रेफर कर दिया। स्वजन उसे सदर अस्पताल बेगूसराय में भर्ती कराए, जहां डॉक्टरों ने उसे पटना रेफर कर दिया। स्वजन उसे बेगूसराय के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराए, लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण स्वजन निजी अस्पताल में इलाज नहीं करा सके, फिर उसे सदर अस्पताल में ही भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान शनिवार को दोपहर में मौत हो गई।

# मधुमेह से बचाव के लिए खान-पान का रखें ध्यान

## शिक्षाविद सारंगधर सिंह की पुण्यतिथि पर दहिया में लगा स्वास्थ्य शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** शिक्षाविद सारंगधर सिंह की ग्यारहवीं पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार को रिलायबल पैथो डायग्नोस्टिक्स की ओर से दहिया गांव में निःशुल्क मधुमेह जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 150 से अधिक मरीजों की निःशुल्क मधुमेह जांच की गई। इस अवसर पर टेक्नोलॉजिस्ट साकेत कुमार ने कहा कि मधुमेह के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए यह शिविर आयोजित किया गया है। अनियमित दिनचर्या और खान-पान के कारण मधुमेह की बीमारी तेजी से बढ़ रही है। लोगों में जानकारी के अभाव में यह दिन-प्रतिदिन फैलता जा रहा है। इसकी नियमित समय पर जांच जरूरी है। उन्होंने कहा कि मधुमेह से ग्रस्त मरीज मैदा से बने उत्पाद न खाएं। सादा भोजन, टहलना और नियमित रूप से चेकअप कराने से इस पर नियंत्रण संभव हो सकेगा। मधुमेह के रोगी ज्यादा समय तक भूखे न रहें। दिन में 3 से 4 बार हल्का भोजन लेते रहें। दिनचर्या और खान-पान को नियमित करने से मधुमेह पर अंकुश लगाया जा सकता है। मौके पर पूर्व पंसस आदित्य कांत शर्मा, विनोद कुमार, शिलबंत सिंह, विवेक कुमार, गौरव कुमार, श्रीदेव सिंह, ब्रजेश कुमार, उत्पल वत्स, कुमार उज्ज्वल, सुमित वत्स, उमाशंकर सिंह, सोहन राय, डॉ. दीपक कुमार, अरुण सिंह, रंजीत सिंह सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# युवा जदयू जिलाध्यक्ष ने रफीगंज विधायक से मिलकर लिया आशीर्वाद

## संगठन को पंचायत और बूथ स्तर तक मजबूत करने पर हुई चर्चा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** युवा जदयू जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने के बाद राजीव रंजन सिंह उर्फ राजा बाबू ने शनिवार को रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान जदयू जिला उपाध्यक्ष सूर्यबंश सिंह एवं मीडिया प्रभारी सुधीर शर्मा भी मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ने विधायक प्रमोद कुमार सिंह को बुके भेंट कर सम्मानित किया। मुलाकात के दौरान संगठन की मजबूती, युवाओं को पार्टी से जोड़ने और संगठनात्मक गतिविधियों को पंचायत एवं बूथ स्तर तक मजबूत करने को लेकर चर्चा हुई। राजा बाबू ने विधायक से संगठन को लेकर मार्गदर्शन भी लिया। राजीव रंजन सिंह ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर विश्वास जताते हुए युवा जदयू जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है, इसके लिए वे नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन में संगठन को मजबूत करना और अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी से जोड़ना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि युवाओं को संगठित करने, उनकी समस्याओं को समझने तथा पार्टी की नीतियों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। सभी वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन को आगे बढ़ाया जाएगा। इस अवसर पर जदयू जिला उपाध्यक्ष सूर्यबंश सिंह ने भी राजा बाबू को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि संगठन में युवाओं की सक्रिय भागीदारी से पार्टी की गतिविधियों को और गति मिलेगी। मुलाकात के दौरान स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में उत्साह देखा गया।

## गांधी जयंती पर गूंजा सत्य-अहिंसा का संदेश

**रफीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राजकीय मध्य विद्यालय के प्रांगण में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं छात्र-छात्राओं और शिक्षकों द्वारा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने से हुई। इसके बाद विद्यालय परिसर से शांति मार्च निकाला गया। मार्च के माध्यम से विद्यार्थियों ने सत्य, अहिंसा, शांति, प्रेम और आपसी सद्भाव का संदेश दिया। प्रधानाध्यापक मोहम्मद मशकूर आलम के नेतृत्व में शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

# मनीगाछी प्रखंड की दो पंचायतों में आयोजित होगा सहयोग शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मनीगाछी (दरभंगा)।** प्रखंड के दो पंचायतों में आगामी मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन होना तय है। इसके लिए संबंधित पंचायतों एवं प्रखंड प्रशासन की ओर से आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गई है। सहयोग शिविर की तैयारी एवं स्थल चयन के क्रम में बीडीओ संदीप कुमार पांडे ने शनिवार को ग्राम पंचायत जतुका पैकटोल और राघोपुर पश्चिमी का भ्रमण कर जायजा लिया। लौटकर बीडीओ श्री पाण्डेय ने बताया कि राघोपुर पश्चिमी पंचायत में पंचायत भवन और जेतुका पैकटोल में दिघिया पोखर पर अवस्थित उप स्वास्थ्य केंद्र के पास सहयोग शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान मुखिया बिजली पासवान, सहित पंचायत स्तरीय कर्मी उपस्थित थे।



# शोक कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री संजय पासवान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बखरी (बेगूसराय)।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के बखरी विधानसभा प्रभारी अनिल वर्मा के चाचा सुरेन्द्र प्रसाद वर्मा के निधन बीते दिन हो गये थे उनके निधन की खबर सुनकर बिहार सरकार के गन्ना उद्योग मंत्री संजय पासवान उनके गांव पहुंचे। अनिल वर्मा से मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। मंत्री संजय पासवान ने कहा कि परिजन के निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। इस कठिन समय में उनकी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवार के साथ हैं। उन्होंने ईश्वर से परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य और शक्ति प्रदान करने की कामना की। मंत्री के पहुंचने पर अनिल वर्मा एवं उनके परिजनों ने उनका आभार व्यक्त किया। मौके पर लोजपा प्रखंड अध्यक्ष पंकज पासवान, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मनोज महतो, जिला परिषद सदस्य घनश्याम राय, जदयू नेता जवाहर राय, लोजपा नेता संजय जायसवाल, भास्कर जायसवाल, संजीत यादव, मुन्ना कुमार, भाजपा नेता उमेश पासवान समेत कई नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## मध्यदेशीय हलवाई समाज की रफीगंज प्रखंड कमेटी का गठन

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रफीगंज शहर स्थित आरबीआर खेल मैदान परिसर के बाबा गणिनाथ मंदिर प्रांगण में अखिल भारतीय मध्यदेशीय हलवाई समाज की रफीगंज प्रखंड शाखा की नई कमेटी का गठन किया गया। कमेटी के पदाधिकारियों का मनोनयन सर्वसम्मति एवं निर्विरोध किया गया। इस दौरान विनय कुमार गुप्ता को प्रखंड अध्यक्ष तथा मिथिलेश कुमार गुप्ता को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं प्रेमचंद प्रसाद, आनंद प्रसाद और अशोक प्रसाद को उपाध्यक्ष, कन्हाई प्रसाद को महामंत्री, कमलेश प्रसाद गुप्ता को सचिव बनाया गया।

## एक नजर

### जनता दरबार में दो मामलों का निष्पादन

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जमीनी विवाद से संबंधित मामलों के निष्पादन हेतु शनिवार को अंचलाधिकारी कक्ष में अंचलाधिकारी रानू कुमार की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया।उक्त जनता दरबार में पूर्व से 7 मामले लंबित थे तथा शनिवार को 5 नया मामला भी जनता दरबार में आया। जिसमें से दो मामलों का निष्पादन किया गया।निष्पादन किए गए मामलों के संबंधित पक्षों को थानाध्यक्ष ऋषिकांत कुमार ने दिए गए निर्णय पर अमल करने तथा शांति बनाए रखने का सख्त निर्देश दिया। शेष मामलों के संबंधित पक्षों को फिर से सूचित कर अगले सप्ताह आयोजित होने वाले जनता दरबार में उपस्थित होने के लिए कहा जाएगा तथा उस पर विचार किया जाएगा।

### जनता दरवार आयोजित

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांव से आए जमीन से संबंधित विवादों के निपटारे को लेकर पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को वीरपुर अंचल कार्यालय कक्ष में अंचलाधिकारी भाई वीरेंद्र के अध्यक्षता में जनता दरवार का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए भाई वीरेंद्र ने बताया कि पूर्व का दो एवं दो नए आवेदनों के साथ कुल चार आवेदनों को लेकर दोनों पक्षों के बातों को सुन कर आपसी समझौते का अनुरोध कर एक मामले को आपसी समझौते के आधार पर निष्पादित किया। शेष बचे हुए तीन मामलों को लेकर अगली तिथि के लिए नोटिस जारी किया जाएगा।मौके पर थाना के वरीय पदाधिकारी जितेंद्र कुमार,अंचल कर्मी, राजस्व कर्मचारी समेत फरियादी मौजूद थे।

### ग्रामीणों ने की पार्किंग और स्टैंड की मांग

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बनवारीपुर गांव स्थित हनुमान चौक, जिसे मुबारकपुर भी कहा जाता है, चार मार्गों का महत्वपूर्ण चौराहा है। यहां से हरीचक, समसा, भगवानपुर और अतरुआ-तेघरा होते हुए हाईवे की ओर रास्ते जाते हैं। भीड़भाड़ वाले इस चौक पर अतिक्रमण और बेतरतीब पार्किंग से हादसे का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार फल दुकानों के सामने ग्राहक सड़क पर ही बाइक खड़ी कर देते हैं, रिक्शा-टेंपो भी सड़क किनारे रहते हैं, बड़े दुकानदार सड़क का हिस्सा घेरते हैं। गिट्टी-बालू-सीमेंट की लोडिंग से भी आवागमन बाधित होता है। वर्षों पहले यहां फल खरीद रहे एक व्यक्ति की स्कूल बस की चपेट में आकर मौत भी हुई थी। ई-रिक्शा चालक मो. कमाल हसन व अन्य लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि स्थल निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाया जाए, फल दुकानों के लिए तय जगह, रिक्शा-टेंपो के लिए व्यवस्थित स्टैंड और निर्माण सामग्री की लोडिंग के लिए स्थान व समय निर्धारित किया जाए ताकि व्यापार भी व्यवस्थित रहे और आवागमन सुरक्षित हो।

### शिक्षकों की सेवामुक्ति के आदेश से गोपगुट में आक्रोश

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** 31 मार्च 2015 के बाद नियुक्त अप्रशिक्षित शिक्षकों को सेवामुक्त करने के आदेश पर बिहार स्टेट टीचर्स एसोसिएशन गोपगुट ने विरोध जताया है। प्राथमिक शिक्षा निदेशक के पत्रांक 2853, दिनांक 1 अक्टूबर 2026 के तहत जारी आदेश से बिहार में करीब 35 हजार शिक्षकों पर संकट बताया जा रहा है। जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार मिश्र और नीतेश रंजन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्री व सांसद गिरिराज सिंह से मिलकर पहल का अनुरोध किया। मुकेश मिश्र ने कहा कि शिक्षकों की कोई गलती नहीं, 2014 में शुरू बहाली में विभागीय विलंब से नियुक्ति पत्र 2015 के बाद जारी हुए, अब 10 साल से सेवा दे रहे शिक्षकों को सजा मिल रही है, जो मानवता के विरुद्ध है।संघ ने मांग की कि शिक्षा विभाग सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर करे और तब तक सेवामुक्ति पर रोक लगे। संघ सड़क से न्यायालय तक संघर्ष करेगा। मौके पर जौरेज आलम, अभिषेक रंजन, रौशन यादव मौजूद थे।

### एनडीपीएस एक्ट मामले में आरोपित गिरफ्तार

**बखरी (बेगूसराय) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बखरी पुलिस ने प्रतिबंधित मादक पदार्थ से जुड़े मामले में लंबे समय से फरार चल रहे एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुग्गा गांव निवासी रामचंद्र उर्फ ज्ञानचंद्र राय के पुत्र धर्मवीर कुमार राय उर्फ धर्म कुमार के रूप में हुई है। बखरी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है। पुलिस को उसकी लंबे समय से तलाश थी।

## प्रखंड के स्कूलों में शुरू हुई 6.0 वीर गाथा

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के विद्यालयों में रक्षा और शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में वीर गाथा 6.0 की शुरुआत हो गई है। बच्चों को वीरता पुरस्कार विजेताओं की शौर्य गाथाओं से परिचित कराया जाएगा। प्रखंड के बच्चों के लिए कविता, अनुच्छेद, निबंध, चित्रकला और लघु चलचित्र की गतिविधियां होंगी। कक्षा 3 से 5 तक कविता, 150 शब्द अनुच्छेद या चित्रकला, कक्षा 6 से 8 तक कविता, 300 शब्द अनुच्छेद, चित्रकला या लघु फिल्म, कक्षा 9 से 10 तक कविता, 750 शब्द निबंध, चित्रकला या लघु फिल्म और कक्षा 11 से 12 तक कविता, 1000 शब्द निबंध, चित्रकला या लघु फिल्म निर्धारित है।प्रखंड स्तर पर चयनित प्रविष्टियां 5 से 19 अक्टूबर के बीच माईगव पोर्टल पर अपलोड होंगी।

# नाई समाज पर कथित जातिसूचक गीत को लेकर उबाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा हाईस्कूल के समीप लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल पुस्तकालय के सभाकक्ष में नाई समाज संघ की प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राजू कुमार ने की, जबकि संचालन सुनील ठाकुर ने किया। बैठक में गायक गणेश लाजबाब द्वारा नाई समाज को लेकर कथित तौर पर की गई अभद्र टिप्पणी और अश्लील गीत को लेकर सदस्यों ने कड़ा आक्रोश जताया। सदस्यों का आरोप था कि गीत में समाज के पारंपरिक पेशे का उपहास करने के साथ महिलाओं और बेटियों को लेकर भी आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज या समुदाय को अपमानित करने वाली ऐसी सामग्री सामाजिक सौहार्द के लिए उचित नहीं है। संघ ने सरकार और प्रशासन से संबंधित गायक के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने तथा आपत्तिजनक गीत को सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म से हटाने की मांग की। सदस्यों ने चेतावनी दी कि यदि मामले में कार्रवाई नहीं हुई तो समाज आंदोलन करने को मजबूर होगा।
प्रखंड अध्यक्ष राजू कुमार ने कहा कि नाई समाज कर्पूरी ठाकुर और भोजपुरी के शेक्सपियर कहे जाने वाले भिखारी ठाकुर की सामाजिक-सांस्कृतिक परंपरा का वाहक है। समाज अश्लीलता और अपमानजनक टिप्पणी को स्वीकार नहीं करेगा। बैठक के बाद समाज के लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर विरोध प्रदर्शन किया और कार्रवाई की मांग की। मौके पर रामाशीष ठाकुर, सुनील ठाकुर, मृत्युंजय ठाकुर, मधुसूदन ठाकुर, रामेश्वर ठाकुर, अशोक ठाकुर, राजू कुमार खुदवां, महेंद्र ठाकुर, अरविंद ठाकुर, दीपक ठाकुर, अजय ठाकुर, डॉ. छोटु कुमार ठाकुर, अवधेश ठाकुर, धर्मेंद्र ठाकुर आदि थे।



# धरनास्थल पर मनाई महात्मा गांधी की जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित धरना स्थल पर शुक्रवार को उत्तर कोयल नहर के अधूरे कार्य को पूरा कराने की मांग को लेकर धरना दे रहे किसानों एवं मजदूरों ने महात्मा गांधी की जयंती मनाई। कार्यक्रम का आयोजन किसान मजदूर मोर्चा के संयोजक मंडल के सदस्य अहमद राजा उर्फ लड्डू खान की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान धरना के 625 दिन पूरे होने पर वक्ताओं ने महात्मा गांधी के सत्याग्रह और संघर्ष को याद किया। डॉ. तुलसी यादव ने कहा कि बिहार की धरती चंपारण से महात्मा गांधी ने सत्याग्रह की शुरुआत की थी, जिसके परिणामस्वरूप अंग्रेजों को भारत छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा। उसी संघर्ष की भावना से किसान-मजदूर भी पिछले 625 दिनों से उत्तर कोयल नहर के अधूरे कार्य को पूरा कराने की मांग को लेकर धरना दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि धरना के दो वर्ष पूरे होने के अवसर पर बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टर के साथ धरना स्थल पर पहुंचेंगे और रफीगंज में प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम के दौरान महात्मा गांधी के विचारों और उनके संघर्ष को याद करते हुए आंदोलन को आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में सिद्धी यादव, महेश प्रसाद यादव, मो. अजीम खान, भोलानाथ वर्मा, गौतम कुमार, चंद्रशेखर प्रसाद यादव, टुनटुन खान, समीर सिन्हा, लालू यादव, चंदन पासवान, निखिल, विकास कुमार, डॉ. तुलसी यादव, संतोष गिरी आदि थे।

# हाइवा की टक्कर से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नवीनगर थाना क्षेत्र के नवीनगर रोड रेलवे स्टेशन के समीप शुक्रवार की देर रात हाइवा की चपेट में आने से युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान स्व. ललन सिंह के पुत्र सोनू सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सोनू सिंह रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे क्रॉसिंग पार कर रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे हाईवा ने उसे अपनी चपेट में ले लिया और वह हादसे का शिकार हो गया। हालांकि घटना के बाद परिजन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे तथा सोनू को नवीनगर रेफरल अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शव को नवीनगर रोड रेलवे स्टेशन के समीप सड़क पर रखकर जाम कर दिया। मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा तथा दोषी चालक के ख़िलाफ़ कार्रवाई की मांग कर रहे थे। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। आक्रोशितों को समझा-बुझाकर शांत कराया। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में शामिल दोषी चालक के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## तालाब में डूबने से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मदनपुर थाना क्षेत्र के उमंगा गांव निवासी 38 वर्षीय रंजन सिंह की वरक्षीवीर गांव के उत्तर स्थित तालाब में डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रंजन सिंह शुक्रवार की शाम वरक्षीवीर गांव के उत्तर स्थित तालाब के किनारे शौच के लिए गए थे। इसी दौरान पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चले गए और डूब गए। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी काफी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शनिवार की दोपहर तालाब के आसपास मौजूद लोगों की नजर पानी में पड़े शव पर पड़ी। इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। ग्रामीणों और परिजनों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मदनपुर लाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राजेश कुमार, अपर थानाध्यक्ष राजेश पासवान एवं एसआई स्नेह सीएचसी मदनपुर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत देव में लगा स्वास्थ्य शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, देव में 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों एवं लाभार्थियों ने भाग लेकर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस अवसर पर औरंगाबाद सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने शिविर में पहुंचकर लाभार्थियों के बीच स्वास्थ्य किट एवं प्रमाण-पत्र का वितरण किया। उन्होंने शिविर में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली तथा चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों से मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। विधायक ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को आम लोगों तक सुगम और प्रभावी तरीके से पहुंचाना जनहित से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्य है। जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित ऐसे शिविर समाज के लिए उपयोगी हैं। उन्होंने कहा कि 'सेवा संकल्प अभियान' के माध्यम से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक सेवा और सहयोग पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। स्वस्थ समाज के निर्माण एवं जनकल्याण के लिए इस तरह के कार्यक्रम आगे भी जारी रहेंगे।




# देसी कट्टा व कारतूस के साथ तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बारून पुलिस ने रोको-टोको' अभियान के तहत धनौती पुल के पास से देसी कट्टा और कारतूस के साथ तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाशों की पहचान जम्होर थाना क्षेत्र के पिपरा गांव निवासी अनुज शर्मा के पुत्र प्रभु कुमार, भगवान दास के पुत्र सुनील कुमार एवं बड़ेम थाना क्षेत्र के मझिआंव गांव निवासी रविन्द्र शर्मा के पुत्र राकेश कुमार के रूप में की गई है। इनके पास से एक देसी कट्टा, छह जिंदा कारतूस, एक चाकू एवं दो मोबाइल बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जिले में अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 'रोको-टोको' अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत बारून थाना क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग की जा रही है। इसी क्रम में तीन अक्टूबर की रात पुलिस द्वारा वाहन जांच के दौरान पटना कैनाल नहर रोड स्थित धनौती पुल के पास एक बाइक पर सवार तीन युवकों को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी में उनके पास से एक देसी कट्टा, छह जिंदा कारतूस एवं चाकू बरामद किया गया तत्पश्चात उक्त तीनों व्यक्ति को विधिवत गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई के बाद सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# विभिन्न अपराधों में 50 गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक उपेंद्र कुमार वर्मा के निर्देश पर शुक्रवार की देर रात सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई के फलस्वरूप 50 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 27 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार हत्या के शीर्ष में एक, आर्म्स में तीन, एनडीपीएस एक्ट में दो, रंगदारी में एक, हत्या के प्रयास में चार, मद्य निषेध अधिनियम के तहत नौ तथा अन्य मामलों में 30 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

वहीं एक देसी कट्टा, छह जिंदा कारतूस आदि बरामद किया गया है।













# मिट्टी को बचाने के लिए पानी का संरक्षण जरूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** केन्द्र एवं बिहार सरकार के सहयोग से वाटरशेड विकास में किए गए सुधारों को ग्रामीण समुदायों तक पहुंचाने के लिए 'रिफॉर्म उत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने के साथ जनभागीदारी और सामुदायिक स्वामित्व को मजबूत करना है। इस पहल को जन योजना अभियान 'सबकी योजना, सबका विकास' के साथ जोड़ा गया है। जिले में 13 वाटरशेड विकास परियोजनाओं के अंतर्गत लगभग 84 गांवों में वाटरशेड विकास से संबंधित सुधारों एवं योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाई जा रही है। विभाग का मानना है कि मिट्टी को बचाने के लिए पानी का संरक्षण जरूरी है। वाटरशेड विकास कार्यक्रम के माध्यम से मिट्टी और जल संरक्षण कर जल-सुरक्षित गांव, मजबूत खेती और समृद्ध किसान बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। सहायक निदेशक (शष्य) भूमि संरक्षण-सह-पीआईए, डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0 औरंगाबाद राकेश रंजन ने परियोजना स्तर पर कार्य कर रही फील्ड मशीनरी को सक्रिय भूमिका निभाने तथा 'रिफॉर्म उत्सव' में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के तहत सूखामुक्त भारत की दिशा में वाटरशेड सुधारों को हर गांव तक पहुंचाने और ग्रामीण समुदायों को इससे जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। सूखा एवं वर्षा आधारित क्षेत्रों में वाटरशेड विकास के कारण कृषि गतिविधियों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिले हैं। इससे कृषि उत्पादन, किसानों की आय और ग्रामीण आजीविका के अवसरों में वृद्धि हुई है।

## ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**हसपुरा (नबिटा संवाददाता)।** मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में हसपुरा पुलिस ने ब्राउन शुगर की तस्करी में शामिल दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान थाना क्षेत्र के टाल गांव निवासी शोभन सिंह के पुत्र दीपक कुमार उर्फ गुलाब एवं स्व. महेश सिंह के पुत्र अजीत कुमार के रूप में की गई है। इनके पास से 7.29 ग्राम ब्राउन सुगर बरामद किया गया हैं।

# दो अंतरराज्यीय बदमाश गिरफ्तार, आभूषण व नकदी बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** गोह थाना क्षेत्र से झपट्टामारी और चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही इनके पास से छिने गए सोन-चांदी के आभूषण बरामद किया गया है। यह पुलिस के लिए बड़ी सफलता बताई जा रही है। पकड़े गए बदमाशों की पहचान मध्य प्रदेश के दतिया जिला अंतर्गत प्रकाशनगर निवासी वनटेस एवं दीपू मोगिया के रूप में की गई है। दीपू मोगिया का अपराधिक इतिहास रहा है। दरअसल दो अक्टूबर को थानाध्यक्ष राजीव कुमार को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के देवहारा बाजार में बाइक सवार दो बदमाशों द्वारा वादी से सोने एवं चांदी के बने आभूषणों को झपट्टा मारकर छीन लिया गया है और उक्त दोनों बदमाशों को ग्रामिणों के सहयोग से पकड़कर रखा गया है। सूचना के आलोक में पहुंची पुलिस ने पकड़े गए दोनों बदमाशों को हिरासत में लेकर थाना पर लाया। पूछताछ के क्रम में बदमाशों की निशानदेही देवहारा बाजार स्थित झाड़ी से सोने एवं चांदी के बने आभूषणों को बरामद किया गया। तत्पश्चात पकड़े गये दोनों व्यक्तियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया। इस दौरान बदमाशों ने अपना-अपना अपराध स्वीकार किया। उसने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि हमदोनों साथी मिलकर दिन में चूड़ी व बाला बेचने के बहाने सुनसान और खाली घरों की रेकी करते है। दिन में ही मौका पाकर सोने-चांदी एवं नकदी की झपट्टामारी और चोरी करते है और रात में उन्हीं चिन्हित घरों में चोरी की वरदात को अंजाम देते हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अनुसंधान में यह बात प्रकाश में आई कि गिरफ्तार दोनों अभियुक्त मंटू या नट गिरोह के सदस्य हैं। इस संदर्भ में दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। इनके पास से तीन सोना का जितिया, एक चांदी का जितिया, एक चांदी का पायल, एक बाइक एवं दो हजार रूपये नकद बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि दीपू मोगिया का आपराधिक इतिहास रहा है।

## प्रिंटिंग प्रेस से एंकर पैनासोनिक कंपनी का नकली रैपर जब्त

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में एंकर पैनासोनिक कंपनी के नाम का नकली और फर्जी रैपर प्रिंट किए जाने का मामला सामने आया है। कंपनी की शिकायत पर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महाराणा प्रताप नगर स्थित एक प्रिंटिंग प्रेस में छापेमारी कर 3912 पीस नकली रैपर जब्त किया है। इस संबंध में कंपनी के जांचकर्ता गोपाल झा ने नगर थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में बताया गया है कि गुप्त सूचना मिली थी कि नगर थाना क्षेत्र में स्थित एक प्रिंटिंग प्रेस में पहुंचकर तलाशी ली। तलाशी के दौरान बड़ी संख्या में कंपनी के नाम का फर्जी रैपर बरामद हुआ, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया।

# पीड़ितों को न्याय दिलाना पुलिस की जिम्मेदारी : एसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक उपेंद्र कुमार वर्मा द्वारा शनिवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे कई आगंतुकों ने अपनी-अपनी समस्याएं और शिकायतें रखीं। जनता दरबार में पहुंचे फरियादियों ने जमीन विवाद, आपसी मारपीट, साइबर ठगी, पुलिस कार्रवाई में विलंब समेत कई प्रकार की समस्याओं से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया। फरियादियों ने पुलिस अधीक्षक द्वारा व्यक्तिगत रूप से उनकी बात सुनने और कार्रवाई का भरोसा देने पर संतोष जताया। जनता दरबार के सफल आयोजन से यह स्पष्ट हुआ कि औरंगाबाद पुलिस प्रशासन आमजनों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयासरत है और पारदर्शी व जवाबदेह व्यवस्था को प्राथमिकता दे रहा है। जनता दरबार में पुलिस अधीक्षक ने सभी आवेदकों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और हर मामले में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया। मौके पर मौजूद संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे प्राप्त शिकायतों की जांच कर जल्द निबटारा करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आम जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। साथ ही पीड़ितों को न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। एसपी ने यह भी कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य आम लोगों को उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए एक सुलभ मंच प्रदान करना है ताकि उन्हें थाने या अन्य कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

